इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक राजीव टाइम्स

विश्वास पुराना, ख़बर सच्ची



पेज 03 टावर-61 में नहीं था फायर सेफ्टी सिस्टम...



मैच में लगा रनों का अंबार... पेज 06

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र खंडेलवाल

इंदौर, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024, चैत्र शुक्ल - 08, विक्रम संवत् 2081

वर्ष 44, अंक 05, पृष्ठ 08, कीमत 3 रुपए

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर हिंदू पक्ष को 'सुप्रीम' राहत

मथुरा ▪ एजेंसी

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें फिलहाल जो बात अदालत की तरफ से निकलकर सामने आई है, उसके अनुसार शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर रोक जारी रहेगी। दरअसल, मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में सभी निचली अदालतों में चल रहे 15 मुकदमों को ट्रांसफर करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया था। साथ ही



मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक की भी मांग की थी, लेकिन, सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष की इस मांग को खारिज कर दिया गया और हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहने का रास्ता साफ कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्ष को राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की जिला अदालत में मथुराकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में चल रहे सभी केस को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर लिया था। हाईकोर्ट ने तब कहा था कि सभी मुकदमे एक जैसे हैं और इनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। ऐसे में अदालत के समय को बचाने के लिए बेहतर यही होगा कि इन मुकदमों पर एक साथ सुनवाई हो। हाईकोर्ट के इसी फैसले को मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी मस्जिद के सर्वे पर रोक बढ़ाई जा रही है।

## अगली सुनवाई 5 अगस्त को

मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर भी सुनवाई टाल दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की कमेटी की याचिका पर नोटिस जारी किया और संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है, जहां फिलहाल इस पर सुनवाई टल गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि इस केस में हिंदू पक्ष की ओर से दायर मुकदमे की मेन्टेनेबिलिटी पर सवाल खड़े करने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हाईकोर्ट मंगलवार को सुनवाई करने जा रही है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के ईदगाह मस्जिद सर्वे के आदेश पर रोक लगा दी थी। इस मामले पर कोर्ट ने कहा था कि हाईकोर्ट में इस पर सुनवाई जारी रहेगी। लेकिन, सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति पर अंतरिम रोक जारी रहेगी।

## शॉर्ट न्यूज़

### रामनवमी पर बंगाल में दंगे की आशंका : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रामनवमी के अवसर पर राज्य में तनाव और हिंसा भड़काने की संभावित कोशिशों के प्रति आगाह किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, "भाजपा उम्मीदवार गुंडों का नेता है। 17 अप्रैल को वे तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश कर सकते हैं। मैं सभी को चेतावनी दे रही हूं कि किसी के उकसावे में न आएं।' वे शांतिपूर्ण चुनाव नहीं चाहते, वे केवल हिंसा चाहते हैं।" उन्होंने भाजपा को पश्चिम बंगाल के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे भाजपा शासित राज्यों में कथित भ्रष्टाचार पर एक श्वेत पत्र लाने की भी चुनौती दी।



### हर हफ्ते दो-दो मंत्री जेल में केजरीवाल से मिलेंगे

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा सांसद और पंजाब के सह प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने सोमवार को तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। जेल से बाहर आकर संदीप पाठक ने बताया कि अगले हफ्ते से सीएम केजरीवाल से जेल में हर हफ्ते दो-दो मंत्री मुलाकात करेंगे, उनको अपने विभागों का लेखाजोखा देंगे और दिशा निर्देश लेंगे। जो भी कानूनी प्रक्रिया होगी, उसके तहत ही कार्य किए जाएंगे। हम सच्चाई और ईमानदारी से लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, अंत में जीत सत्य की होगी।



### सिंगापुर के प्रधानमंत्री मई में छोड़ रहे अपना पद

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को पद छोड़ देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर जारी बयान में 72 साल के ली की तरफ से कहा गया कि नेतृत्व परिवर्तन किसी भी देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। ‹मैं 15 मई 2024 को प्रधानमंत्री के रुप में अपनी भूमिका छोड़ दूंगा और उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग अगले प्रधान मंत्री के रुप में शपथ लेंगे।› ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधान मंत्री और सत्तारुढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रुप में काम कर रहे हैं।। माना जा रहा है कि सिंगापुर में इस पावर हैंडओवर के कुछ महीनों बाद चुनाव कराए जाएंगे। वोंग को अप्रैल 2022 में पीएम-इन वेटिंग के रुप में नियुक्त किया गया था।



### के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को झटका दिया है। विशेष जज कावेरी बावेजा की अदालत ने उन्हें सोमवार को 23 अप्रैल तक सीबीआई की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कविता को ईडी ने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह तिहाड़ में बंद थीं। सीबीआई ने अदालत में कहा कि कविता उनके सवालों के जवाब नहीं दे रही हैं। इससे पहले सीबीआई ने हाल ही में एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद कविता से जेल के अंदर पूछताछ की थी।



ईडी-सीबीआई के ऐक्शन पर बोले पीएम मोदी

# मेरे फैसले डराने के लिए नहीं

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसियां अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गौर करने वाली बात है कि केंद्रीय एजेंसियों ने जिनपर कार्रवाई की है उनमें से 97 फीसदी लोग राजनीति से संबंधित नहीं हैं। वहीं विपक्ष के ईवीएम पर सवाल उठाने को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष हार का ठीकरा फोड़ने के लिए बहाना ढूंढता है, इसलिए आरोप ईवीएम और एजेंसियों पर लगाते हैं।

### किसी को डरने की जरुरत नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे फैसलों से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। किसी को डराने या धमकाने के लिए कोई फैसला नहीं किया गया है बल्कि देश के विकास के लिए फैसले लिए जाते हैं। 'अभी तो ट्रेलर वाली बात' किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे फैसले देश के युवाओं के लिए हैं। मैं देश की आवश्यकता देखता हूं। हर परिवार का सपना कैसे पूरा हो यह मेरे दिल में है। इसलिए मैं कहता हूं कि जो हुआ है वह ट्रेलर है लेकिन मैं और अधिक करना चाहता हूं। विपक्ष के अरापों पर उन्होंने कहा कि, विपक्ष को हार का कोई बहाना चाहिए। इसलिए आरोप ईवीएम और एजेंसियों पर लगाते हैं।

### ईडी सीबीआई के एक्शन

केंद्रीय जांच एजेंसियों के एक्शन को लेकर पीएम मोदी ने कहा, जिन कानूनों के तहत केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं, उनमें से कोई कानून हमारी सरकार में नहीं बना। चुनाव आयोग सुधार का कानून हमारी सरकार लेकर आई। पहले यह होता था कि एक परिवार के जो लोग करीबी हैं उन्हें चुनाव आयुक्त बना दिया



जाता था और फिर वे राज्यसभा चले जाते थे। मंत्री बन जाते थे। हम उस तरह का काम नहीं कर सकते।

### पसीना मेरे देश का हो

पीएम मोदी ने कहा 'एलन मस्क का मोदी समर्थक होना एक बात है, मूलतः वह भारत के समर्थक हैं...मैं भारत में निवेश चाहता हूं। पैसा किसी का भी लगा हो, पसीना मेरे देश का लगना चाहिए, उसके अंदर सुगंध मेरे देश की मिट्टी की आनी चाहिए, ताकि मेरे देश के नौजवान को रोजगार मिले, मेरे देश के युवाओं को रोजगार मिले।'

### राहुल गांधी क्या बोल रहे

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी को लेकर कहा, हम सुनते हैं कि एक राजनेता कहता है, एक झटके में गरीबी हटा दूंगा। जिन लोगों को पांच-छह दशक तक सत्ता में रहने का मौका मिला, तब क्यों नहीं हटी गरीबी। जब वे ऐसी बातें करते हैं तो लोगों को लगता है कि यह नेता देश को ठगना चाहता है।

### सनातन को गालियां

डीएमके नेताओं के सनातन पर बयान को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा, जिस कांग्रेस के साथ कभी महात्मा गांधी का नाम जुड़ा था। जिस कांग्रेस की इंदिरा गांधी जी खुलेआम रुद्राक्ष की माला पहनकर घूमती थीं। सवाल कांग्रेस से पूछना चाहिए कि तुम्हारी सनातन के साथ जहर उगलने वालों के साथ रहने की क्या मजबूरी है। संविधान में भी सनातन की प्रिंटिंग हैं। आज सनातन को गालियां देने की हिम्मत कैसे हो गई।

### आखिरी रास्ता नहीं इलेक्टोरल बॉन्ड

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लंबे अरसे हमारे देश में चुनाव में कालेधन का इस्तेमाल होता था। कालेधन से चुनाव को मुक्त करने का एक छोटा सा रास्ता मिला। यही पूर्ण है यह जरुरी नहीं है। लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड ना होते तो किस व्यवस्था में ताकत है कि ढूंढकर निकाल दे कि पैसा कहां से आया। जब लोग इमानदारी से सोचेंगे तो पछताएंगे। बॉन्ड खरीदा तो उसमें से 37 प्रतिशत भाजपा को चंदा मिला। 63 पर्सेंट बीजेपी के विरोधी दलो को मिला। पैसा विपक्ष को जा रहा है और आरोप हमपर लगाना है।

### कथनी और करनी

पीएम मोदी ने कहा कि आजकल एक नेताजी के वीडियो घूम रहे हैं। उन्हें देखकर लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर कैसे हमें पागल बनाया गया। कुछ कहा गया और किया कुछ और गया। दरअसल अरविंद केजरीवाल के कई वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें से एक में तो वह कहते हैं कि यदि किसी नेता पर आरोप लगते हैं तो उसे पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। माना जा रहा है कि ऐसे ही वीडियोज का जिक्र पीएम मोदी ने किया है।

### 2047 का विजन

2047 के विजन को लेकर पीएम मोदी ने कहा, मैं पिछले दो साल से 2047 को ध्यान में रखकर काम कर रहा हूं। 15 लाख से ज्यादा लोगों से सुझाव लिए हैं कि आने वाले सालों में वे भारत को कैसा देखना चाहते हैं। इतने सारे लोगों ने सुझाव दिए और फिर एआई की मदद लेकर सब्जेक्ट वाइज बनाया। मैंने टेक्नॉलाजी का भरपूर इस्तेमाल किया। मैंने अधिकारियों के साथ बैठकर काम किया। यह विजन मोदी की बपौती नहीं है। यह पूरे देश का इनपुट है। मैंने इसे डॉक्यूमेंट के रूप में तैयार करवाया है। चुनावी प्रक्रिया के बाद यह राज्यों को भेज दिया जाएगा। यह देश का है केवल भाजपा का नहीं है। फिर नीति आयोग की मीटिंग होगी और फिर व्यापक चर्चा के बाद फाइनल चीज निकलेगी।

अरविंद केजरीवाल को डबल झटका

## सुप्रीम कोर्ट से तत्काल कोई राहत नहीं, हिरासत भी बढ़ी

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को एक के बाद एक दो झटके लगे। पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए मामले को 29 अप्रैल तक टाल दिया तो करीब आधे घंटे बाद ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी और उससे पहले 24 अप्रैल तक ईडी



को अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया।

केजरीवाल को एक अप्रैल को कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोमवार को उन्हें वर्चुअल माध्यम से स्पेशल जज कावेरी बावेजाकी कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की अर्जी पर जल्द सुनवाई से इनकार करते हुए मामले को 29 अप्रैल को शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने को कहा। केजरीवाल के यह इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान होने जा रहा है और आम आदमी पार्टी के मुखिया प्रचार अभियान में हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं।

## तमिलनाडु में राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की हुई जांच

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

चुनाव आयोग के अधिकारियों ने तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की जांच की। राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर ने जैसे ही लैंडिंग की पुलिस के साथ अधिकारी उसके पास पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने हेलीकॉप्टर के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली।

तलाशी के बाद राहुल गांधी ने नीलगिरी से केरल के वायनाड के लिए उड़ान भरी। वह वायनाड से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी को वायनाड में रोड शो करना था। तलाशी के चलते उन्हें पहुंचने में थोड़ी देर हो रही थी। वायनाड में हेलीकॉप्टर के जमीन पर उतरते ही राहुल गांधी नीचे आए। यह घटना तब हुई जब राहुल केरल में अपने लोकसभा क्षेत्र वायनाड जा रहे थे। वायनाड में उन्होंने रोड शो और एक सभा सहित कई अभियान गतिविधियां कीं। वायनाड में राहुल गांधी का मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट



पार्टी (सीपीआई) की प्रत्याशी एनी राजा से हो रहा है। भाजपा ने यहां से केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन को टिकट दिया है। इन तीनों के बीच कांटे की टक्कर चल रही है।

**चेकिंग पर भड़की कांग्रेस-** राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर चेकिंग पर दिल्ली में कांग्रेस ने कहा है कि जांच से हमें दिक्कत नहीं। लेकिन, आप सबके हेलीकॉप्टर की जांच कीजिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। लेकिन, चुनाव आयोग ऐसे ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के हेलीकॉप्टर को चेक करे। चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है, जिसके अधीन इस समय कानून-व्यवस्था है। 'सांच को आंच नहीं', आप चाहे कितनी भी जांच कर लीजिए।

## इस साल मानसून में औसत से अधिक बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को 2024 में औसत से अधिक मानसूनी बारिश का अनुमान लगाया है, जो देश के कृषि क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। पिछले साल अनियमित मौसम से कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन ने कहा कि मानसून आम तौर पर 1 जून के आसपास केरल में आता है और सितंबर के मध्य में वापस चला जाता है। इस साल औसत बारिश 106 फीसदी होने की उम्मीद है। रविचंद्रन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "पूर्वानुमान से पता चलता है कि जून से सितंबर के दौरान मानसून मौसमी वर्षा लंबी अवधि के औसत का 106 फीसदी होने की संभावना है।* आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि अल नीनो, जो मानसून को बाधित करता है, कमजोर हो रहा है और मानसून आने तक यह हट जाएगा। ला नीना भारत में अधिक वर्षा का कारण बनती है। यह अगस्त तक स्थापित हो जाएगा।



## मोदी समुद्र में करते हैं पूजा, जहां कोई मंदिर नहीं : राहुल

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ऐसा बयान दिया है, जिससे विवाद शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के भंडारा में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "मोदी जी समुद्र में पूजा करते दिख जाएंगे। जहां कोई मंदिर नहीं है।" जनसभा में राहुल गांधी ने कहा, "नरेंद्र मोदी कभी आपको समुद्र के नीचे दिखेंगे, पूजा करते हुए। वहां पर मतलब, मजाक बना रखा है। पूजा हो रही है। पंडे भी नहीं है। अकेले बैठे हैं समुद्र के नीचे आर्मी वालों के साथ।

दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी 25 फरवरी 2024 को गुजरात के द्वारका गए थे। उन्होंने समुद्र में गोता लगाकर पानी में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन किए थे। उन्होंने नौसेना के डाइवर्स के साथ गोता लगाया था। वह अपने साथ मोर पंख ले गए थे। पीएम ने पानी के अंदर पूजा की थी और मोर पंख को वहीं छोड़ा था। द्वारका को भगवान कृष्ण का खोया हुआ शहर कहा जाता है। यह हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार पौराणिक शहर है। यहां कभी भगवान कृष्ण का शासन था। भगवान कृष्ण के पृथ्वी से जाने के बाद शहर समुद्र में समा गया था।



साझा चिंता — वकीलों के बाद 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई चंद्रचूड़ को लिखी चिट्ठी

# न्यायपालिका को कमजोर करने की हो रही कोशिश, गरिमा बचाएं

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

वकीलों के बाद अब 21 रिटायर्ड जजों ने भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। इसमें कुछ लोगों की ओर से न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश का आरोप लगाया गया है। चिट्ठी में लिखा गया, 'कुछ गुट दबाव बनाकर, गलत सूचना फैलाकर और सार्वजनिक अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसे लेकर हम अपनी साझा चिंता जाहिर करते हैं।'

पत्र के मुताबिक, हमारे संज्ञान में आया है कि संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित ये तत्व ऐसी हरकतें कर रहे हैं। वे हमारे ज्यूडिशियल सिस्टम में जनता के विश्वास को कम करने की कोशिश में लगे हुएहैं। बहरहाल, इन रिटायर्ड जजों ने यह नहीं बताया कि उन्होंने किन घटनाओं को लेकर सीजेआई को पत्र लिखा है। यह चिट्ठी भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखी गई है।



पत्र में आगे लिखा गया, 'खासतौर से हम गलत सूचनाओं की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने को लेकर चिंतित हैं। ऐसा करना न केवल अनैतिक है, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए हानिकारक भी है।' रिटायर्ड जजों की ओर से लिखी गई चिट्ठी में इसे विस्तार से बताया गया है। इसमें कहा गया, 'कोर्ट के ऐसे फैसले जो किसी के विचारों से मेल खाते हों... उनकी प्रशंसा की जाती है। मगर, जो निर्णय उनकी सोच के खिलाफ हों... उनकी जमकर आलोचना हो रही है। ऐसा करना न्यायिक समीक्षा और कानून के शासन को कमजोर करना है।'

### पत्र लिखने वाले पूर्व न्यायाधीश

चिट्ठी में आगे लिखा गया, 'हम न्यायपालिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इसकी गरिमा और निष्पक्षता बचाए रखने के लिए हर तरह की मदद की जाएगी। इस चुनौती भरे समय में आपका मार्गदर्शन और नेतृत्व न्याय व समानता के स्तंभ के तौर पर न्यायपालिका की रक्षा करेगा। ऐसी हम उम्मीद कर रहे हैं।' मालूम हो कि यह पत्र लिखने वालों में सुप्रीम कोर्ट के 4 पूर्व जस्टिस (दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश महेश्वरी और एमआर शाह) भी शामिल हैं। इसके अलावा 17 पूर्व जस्टिस अलग-अलग हाई कोर्ट से जुड़े रहे हैं। इनमें प्रमोद कोहली, एस.एम. सोनी, अंबादास जोशी, एस.एन. धींगरा, आरके गौबा, ज्ञानप्रकाश मित्तल, अजीत भरिहोके, रघुवेंद्र सिंह राठौड़, रमेश कुमार मेरठिया, करम चंद पुरी, राकेश सक्सेना और नरेंद्र कुमार हैं। इस लिस्ट में हाई कोर्ट के पूर्व जजों राजेश कुमार, एसएन श्रीवास्तव, पीएन रवीन्द्रन, लोकपाल सिंह और राजीव लोचन के नाम भी शामिल हैं।

## शॉर्ट न्यूज़

### 7 साल की बच्ची से गलत हरकत

**इंदौर**। चंदन नगर में 7 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। लोगो ने आरोपी को पकड़ा ओर थाने ले गए। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉस्को एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। चदंन नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसके घर के पीछे गार्डन में उसकी 7 साल की बच्ची खेल रही थी। इस दौरान वहां पर त्रिभुवन उर्फ भानू पहुंचा उसने बच्ची को खेलने के बहाने वहां बुलाया ओर गोद में लेकर उसके साथ गलत हरकत करने लगा। इस दौरान बच्ची की मां ने उसे देख लिया। उससे बच्ची को छुडाया ओर पूछताछ की। जिस पर बच्ची ने बताया कि अकंल उसके साथ गलत हरकत की। इसके बाद नजदीक ही रहने वाले व्यक्ति को साथ लेकर पति को कॉल किया। वही त्रिभुवन को पकड़कर थाने लेकर आया गया।

### दिनभर की उमस के बाद शाम को हुई बारिश

**इंदौर**। सोमवार सुबह आसमान से साफ रहा और धूप खिलने के कारण शहरवासियों को सुबह से ही गर्मी का अहसास हुआ। दोपहर बाद मौसम बदला और बादल छा गए। शाम को इंदौर के कई क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई। इससे पहले शुक्रवार को शहर और आसपास के इलाकों में तेज बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले भी गिरे थे। इधर मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो दिन में बादलों के साथ गर्मी और देर शाम अचानक बारिश का यह दौर अगले दो-तीन दिन तक चल सकता है। इस बार अप्रैल के दूसरा हफ्ते में बादलों का दौर रहा। इस दौरान एक बार रात को बारिश हुई तो तापमान में उतार-चढ़ाव भी रहा। इसके बावजूद इस बार अप्रैल की गर्मी पिछले साल को टक्कर दे रही है। इस बार रात का तापमान शुरू से औसतन से ज्यादा ही रहा है।

पुलिसकर्मियों से बदसलूकी, मारपीट और वर्दी फाड़ने वाले गुंडे का खजराना पुलिस ने निकाला जुलूस, जहां की हरकत उसी स्थान पर ले जाकर कान पकड़कर मंगवाई माफी

# गुंडे की निकाली हेकड़ी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

पुलिसकर्मियों से बदसलूकी और मारपीट के बाद थाने से भाग जाने वाले गुंडे के बेटे का सोमवार को सड़क पर जुलूस निकाला गया। पुलिस उसे उसी इलाके में ले गई जहां उसने अभद्रता की थी। आरोपी को पहले पैदल घुमाया। फिर कान पकड़कर माफी मंगवाई।



पुलिस से बदसलूकी की घटना रविवार रात चेकिंग के दौरान हुई थी। खजराना पुलिस ने बताया कि रोबोट चौराहे पर करणदीप धारीवाल पिता सोंटा सरदार की गाड़ी को रोका गया था। इस पर उसने ट्रैफिक एसआई ब्रजराज और पुलिसकर्मी विकास शर्मा से बहस और अभद्रता की। आरोपी ने सिपाही विकास के साथ मारपीट भी की। उसे जमीन पर गिरा दिया था। इतना ही नहीं आरोपी ने वर्दी भी फाड़ दी और मारपीट करने लगा। पुलिस ने उसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कार सवार खुद को मंत्री समर्थक बता रहा था। आरोपी इतना नशे में था कि उसके पैर नहीं टिक रहे थे। जब वीडियो बनाकर उसे थाने लाया गया तो करणदीप पर केस दर्ज नहीं करने के लिए कई राजनीतिक लोगों के कॉल भी आ गए। पीड़ित सिपाही उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अड़ गए। बावजूद आरोपी यहां भी दादागीरी कर थाने से भाग निकला। देर रात उसके वीडियो वायरल हो गए। पुलिसकर्मी विकास शर्मा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### अफसरों की फटकार के बाद आरोपी को दोबारा पकड़ा

घटना की जानकारी जब अफसरों तक पहुंची तो पता चला कि पुलिसकर्मी से बदलसूकी करने वाला गुंडे का बेटा है। उन्होंने सीधे एक्शन लिया और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। तब पता चला कि अभद्रता करने वाला पुलिस कस्टडी में है ही नहीं, वह तो थाने से जा चुका है। अफसरों की फटकार के बाद पुलिस ने रात में ही उसे दोबारा पकड़ा। सोमवार को कोर्ट भेजने के पहले खजराना इलाके में जुलूस निकाला गया।



**पुलिस से बोला- गुंडा नहीं हूं, अफसर बोले- 8 केस हो गए**

सोमवार को जुलूस निकालने के दौरान जब आरोपी करणदीप को उसी जगह लाया गया तो उसने कान पकड़कर माफी मांगी। जब पुलिस ने उससे कहा कि गुंडागर्दी करते हो। इस पर वह बोला- गुंडा नहीं हूं। पुलिस अफसरों ने कहा 6 केस तो मारपीट के हैं। अब 8 हो गए हैं। वीडियो वायरल होने से पहले रविवार रात करणदीप गाड़ी में चाबी लगाकर पुलिस स्टाफ के सामने ही थाने से चला गया था। इसने कई सवाल खड़े कर दिए थे। उसके अब कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

दूसरी मंजिल से गिरा बेलदार

# 12 दिन बाद मौत

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

आजाद नगर इलाके में रहने वाले एक बेलदार की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह काम करने के 12 दिन पहले गिर गए थे। इसके बाद उसे उनका एमवाय में उपचार चल रहा था। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक गजराज (55) पुत्र कोमलसिंह निवासी रामनगर की मकान निर्माण के दौरान उंचाई से गिरने से मौत हो गई। बेटे रोशन ने बताया कि गजराज 2 अप्रैल के दिन दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरे थे। वह एक निर्माणाधीन घर में बेलदारी का काम करने पहुंचे थे। उन्हें ठेकेदार राजकुमार अपने साथ विकास मीणा के मकान पर काम करने लेकर गया था। बताया जाता है कि वह सामान लेने नीचे की तरफ आ रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।

### आईडीए के प्यून की संदिग्ध मौत

तुकोगंज में रहने वाले आईडीए के प्यून मांगीलाल पुत्र प्यारेलाल बोरासी निवासी पंचम की फेल की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि वह रविवार चक्कर खाकर गिर गए थे। उन्हें उपचार के लिये एमवाय लेकर पहुंचे। यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका उपचार भी चल रहा था। मांगीलाल के परिवार में उनके दो बेटे और एक बेटी है।

### पार्किंग कर्मचारी की संदिग्ध मौत

रावजी बाजार थाना क्षेत्र के प्रेमसुख पार्किंग के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक पिंटू (32) निवासी खरगोन को उसके साथी रविवार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। दोस्त राकेश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह ऊपरी हवाओं के चक्कर में आ गया। तब से बीमार रहता था। रविवार को पार्किंग में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिंटू मूल रुप से खरगोन का रहने वाला था। उसका परिवार भी इंदौर में उसके साथ ही रहता है। एरोड्रम में रहने वाले धर्मेन्द्र (42) पुत्र पूरन निवासी कावेरी नगर का शव उसके परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। धर्मेन्द्र की मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### वाहन से की जा रही थी शराब तस्करी, पकड़ाए आरोपी



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

पुलिस द्वारा अवैध शराब को लेकर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बेटमा पुलिस ने लाखों रुपए की अवैध शराब पकड़ी है। शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक वाहन को रोका और जब उसकी तलाशी ली तो सामान्य तौर पर उसमें किसी तरह की कोई शराब नजर नहीं आई। जब सघनता से चेंकिंग की तो वाहन में बने एक अलग कैबिन में शराब छिपा रखी थी। पुलिस ने वाहन से बोल्ट कंपनी के 171 पेटी बियर जब्त की। पुलिस ने इस पूरे मामले में श्रीराम मीना और महेश उर्फ मंडिया को गिरफ्तार किया है, जो अमझेरा जिला धार निवासी हैं। वहीं प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है कि आरोपी ये बियर गुजरात ले जा रहे थे।

## सुपरवाइजर नेपानगर में ट्रेन से फिसले गंभीर घायल होने पर एमवाय में मौत

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



बिल्डिंग सुपरवाइज़र की नेपानगर (बुराहनपुर) के स्टेशन पर पटरी और ट्रेन के बीच आने से घायल हो गए। उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रवि (46) पुत्र बाबूलाल यादव निवासी आजाद नगर को रविवार को परिजन इंदौर के एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां उपचार के बाद रवि ने दम तोड़ दिया।

भाई ने बताया कि उनकी बहन भारती का अकोला में 12 अप्रैल को निधन हो गया था। परिवार के लोग अलग-अलग वाहनों से वहां पहुंचे। लौटते समय परिवार ने रवि को निजी वाहन से साथ चलने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने और ट्रेन से आने का कह दिया। नेपानगर में ट्रेन में चढ़ते समय रवि का पैर फिसल गया और वे ट्रेन व पटरी के बीच आ गए। इस हादसे में रवि गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग तत्काल नेपानगर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल ले आए। यहां उपचार के दौरान रवि की मौत हो गई।

### पेंटर ने किया सुसाइड

लसूड़िया इलाके में रहने वाले एक पेंटर ने फांसी लगाकर रविवार को जान दे दी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक आकाश (23) पुत्र दयाराम मानिक निवासी सिंगापुर टाउनशिप ने अपने घर पर दोपहर में फांसी लगा ली। उसकी बहन जब सीढियों पर पोछा लगा रही थी तो उसने टॉवर के यहां भाई आकाश को फंदे पर लटके देखा। आकाश के भाई ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से नशे का आदि हो गया था। कुछ दिनों से वह घर पर ही था ओर काम पर नही जा रहा था। घटना के समय पिता ओर बड़े भाई बाहर गए थे। जबकि मां नीचे खाना बना रही थी।

### दोहरे हत्याकांड का 20 वर्ष से फरार आरोपित गिरफ्तार

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने दोहरे हत्याकांड में 20 वर्षों से फरार आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक सूचना मिली थी कि एरोड्रम थाना क्षेत्र के दोहरे हत्याकांड में आरोपित कमल शर्मा न्यायालय से पैरोल प्राप्त कर वर्ष 2002 से फरार है और छुपकर फरारी काट रहा है। इस पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपित कमल शर्मा (55) निवासी पंचमूर्ति नगर को पकड़ा। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वर्ष 2001 में भय्यू सालवी निवासी सालवी मोहल्ला और दिलीप कुबड़ा निवासी जय भवानी नगर की जमीन विवाद के चलते अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की थी। आरोपित कमल 45 दिन के पैरोल पर बाहर आया था। इसके बाद से फरार हो गया था। फरारी के दौरान वह महाराष्ट्र के नंदूरबार जिले में किसी गांव में कारपेंटर का काम कर रहा था। यहीं छुपकर फरारी काटने लगा। वह ससुराल देवास एवं इंदौर में भी आता-जाता था। आरोपित को गिरफ्तार कर चंदन नगर थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



## भंवरकुआं में स्टूडेंट को सट्टे की लत डालने वाले पकड़ाए

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



क्राइम ब्रांच ने मोबाइल पर आईडी देकर सट्टे का काम करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। उन पर गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। क्राइम ब्रांच ने भोलाराम उस्ताद मार्ग से राहुल पुत्र रामवीर रावत निवासी अनंतपुरी सतीश हार्डिया का मकान और विपिन पुत्र लक्ष्मन वर्मा निवासी इंद्रपुरी को पकड़ा है।

आरोपी एक एप सुपर वन टेक के माध्यम से स्टूडेंट को सट्टा खिला रहे थे। पूछताछ करने पर उन्होंने एप बुकी से लेने की बात कबूली। बाद में दोनों को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपियों से मोबाइल ओर आईडी जब्त की गई है। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक राहुल मनिहार जिला शिवपुरी का रहने वाला है। वही विपीन फिजिकल रोड़ शिवपुरी में रहता है। दोनो यहां स्टूडेंट बताकर रूके हुए थे। आरोपी वाट्सएप पर इसकी लिंक शेयर कर क्रिकेट के खिलाड़ियो पर हार जीत का दांव लगवाते है। क्राइम ब्रांच ने जब उनहें पकड़ा तो आरोपियों के मोबाइल में गजेन्द्र कुशवाह के वॉट्सएप नंबर पर लिंक डली हुई मिली। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लोगो को भी इसकी लिंक शेयर की थी। जिसकी जांच की जा रही है।



## 200 आवारा श्वान को लगाए एंटी रैबीज के टीके

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार शहर को रैबीज फ्री सिटी बनाने व डॉग बाइट की बढ़ती समस्या के निराकरण में शहर में निगम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। विगत दिवस नगर निगम व पेट लवर्स एसोसिएशन द्वारा जोन क्रमांक 8 विजय नगर क्षेत्र में संयुक्त रूप से शहर को रैबीज फ्री सिटी व डॉग बाइट के बढ़ते समस्या के निराकरण को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 आवारा श्वान को निशुल्क एंटी रैबीज के टीके लगाए गए। शेष स्थानों पर भी शिविर के माध्यम से निःशुल्क एंटी रैबीज टीके लगाए जाएंगे।

### लगातार घट रही हवाई यात्रियों की संख्या

**इंदौर**। हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या प्रतिदिन घटती जा रही है। इंदौर एयरपोर्ट से मार्च में रोजाना औसतन 10 हज़ार 700 यात्री सफर करते थे। अप्रैल के शुरुआती 15 दिनों में ही यह संख्या घटकर 8 हजार 500 से 9 हजार के बीच आ गई है। यात्रियों की संख्या में आई गिरावट की वजह स्कूलों के शुरू होना बताया जा रहा है। इंदौर एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अभी रोजाना 84 से 90 शेडयूल उड़ानों का संचालन हो रहा है। वाराणसी के लिए नई उड़ान का संचालन शुरू हुआ है, जिसे अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, लेकिन यात्रियों की संख्या में मामूली कमी आई हैं। इंदौर से अभी साढ़े 8 से 9 हजार यात्री सफर कर रहे हैं। हालांकि किसी दिन यह आंकड़ा 10 हजार भी जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ ट्रेवल एजेंटों का कहना है कि इस माह से स्कूल फिर से खुल गए हैं, जिससे भी थोड़ा फर्क पड़ा है, लेकिन अगले माह से सीजन शुरू हो जाएगा। जिसके बाद यात्रियों की संख्या दोबारा बढ़ जाएगी।

ग्राहक पंचायत इंदौर महानगर की मासिक बैठक

## यदि नहीं संभले तो बेंगलुरु जैसे होंगे हाल

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर




ग्राहक पंचायत इंदौर महानगर की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथियों के तौर पर डॉ. दिलीप वाघेला पर्यावरणविद्, ग्राहक पंचायत के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल पारे उपस्थित रहे। संगठन के विषय पर जानकारी देवेंद्र दुबगे इंदौर ग्राहक पंचायत महानगर अध्यक्ष ने दी।

मुख्य अतिथि डॉ. दिलीप वाघेला ने जल संरक्षण के लिए अपना अनुभव साझा किया और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व समय में ओर अभी में भूमिगत जल की क्या स्थिति है।

जल संरक्षण की दिशा में अनेकों काम सरकार कर रही है, किंतु जनमानस के प्रयास किए बगैर वृहद रूप में जल संरक्षण व वॉटर रिचार्जिंग संभव नहीं है। डॉ.वाघेला ने बड़े सरल और कम खर्च तरीकों के बारे में भी बताया और साथ ही चेताया भी कि यदि हम नहीं संभले और शोषण के स्थान पर उचित पोषण के बाद दोहन पद्धति नहीं अपनाई तो इंदौर जैसे शहरों का बेंगलुरु जैसा हाल होना निश्चित है। अध्यक्ष डॉ.पारे ने विषय खाद्य संरक्षण अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि खाद्य पदार्थ जीवन जीने के लिए जल और वायु की तरह ही है।

इसके लिए 1954 में कानून की रचना कर दी गई, किंतु वर्तमान परिदृश्य के हिसाब से 2006 में नया खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 लाया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद ठाकुर एवं आभार वृंदा दीदी ने किया ग्राहक गीत एवं वंदे मातरम् गान अरुणा दीदी, भारती दीदी आदि ने किया।

### इंदौर-पटना ट्रेन के हाल बेहाल नहीं कन्फर्म हो रहे टिकट

**इंदौर**। इंदौर से पटना के लिए चलने वाली इंदौर-पटना एक्सप्रेस में यात्री भीड़ थमने का नाम नहीं ले रही है। तीन महीने पहले टिकट बुकिंग के बावजूद इंदौर के यात्रियों को सीट उपलब्ध नहीं हो रही है। एक मात्र ट्रेन होने से असुविधा हो रही है। ट्रेनों में आमतौर पर रिजर्वेशन दो महीने के अंदर क्लियर हो जाता है। बुकिंग करने पर दो महीने में सीट भी उपलब्ध हो जाती है, लेकिन इंदौर-पटना ट्रेन के हाल बेहाल है। लगातार ट्रेन में बढ़ती भीड़ के बावजूद रेलवे पटना रूट पर अन्य ट्रेनें चलाने को तैयार नहीं है। इंदौर के यात्री रमेश ने बताया कि 10 जनवरी को इंदौर-पटना ट्रेन का तृतीय श्रेणी एसी टिकट बुक किया था। 14 अप्रैल के लिए बावजूद इसके टिकट आरएसी में हुआ, इसका मतलब है की यदि किसी और का टिकट रद्द होगा, तब सीट कन्फर्म होगी। शहर में बिहार के लोगों की बढ़ती संख्या- इंदौर में बिहार के मजदूर और अन्य छोटे व्यापारियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसके चलते पटना ट्रेन में पहले से अधिक दबाव देखा जा सकता है।



सजा | डी-मार्ट से खरीदा था 800 ग्राम का पैकेट

# पतंजलि के बिस्किट में कम निकला वजन, 1.40 लाख का जुर्माना

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शहर में पतंजलि के बिस्किट पैकेट में कम वजन निकलने का मामला सामने आया है। ग्राहक ने डी-मार्ट से 800 ग्राम का पैकेट खरीदा था। शक होने पर जब वजन करवाया तो यह 746.70 ग्राम ही निकला। ग्राहक ने नापतौल विभाग में इसकी शिकायत की थी। तीन महीने चली सुनवाई के बाद विभाग ने 31 मार्च को फैसला सुनाया। इसमें पतंजलि और डी-मार्ट समेत पैकेजिंग कंपनी पर 1.40 लाख रुपए जुर्माना लगाया। आदेश की कॉपी पक्षकारों को अब मिली है।

पतंजलि कंपनी और डी-मार्ट की ओर से जुर्माना जमा करा दिया गया है। हालांकि फरियादी को अभी कोई हर्जाना नहीं मिला है। उसे सेवा में कमी का केस दर्ज करवाने के लिए उपभोक्ता फोरम में जाने की सलाह दी गई है।

### पतंजलि समेत तीन को जारी किया था नोटिस




नापतौल विभाग ने पतंजलि कंपनी, पैकेजिंग करने वाले दिव्या एसआरजे फूड्स एलएलपी और डीमार्ट को नोटिस जारी किए थे। नापतौल विभाग के उप-नियंत्रक एसए खान ने सभी पक्षों को सुना। इसमें गलती मानी। कम वजन का बिस्किट बेचने पर पतंजलि पर एक लाख रुपए का, डी मार्ट और दिव्या एसआरजे फूड्स पर 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। खान ने बताया तीनों ने कुल राशि 1.40 लाख रुपए जमा भी करवा दी है।

**800 ग्राम के पैकेट में 7 रुपए कम का माल बेचा** – पूरा मामला नवंबर 2023 का है। कनाड़िया के रहने वाले मुकेश जाट ने जनवरी 2024 में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें दावा किया था कि डी-मार्ट मेसर्स एवेन्यू सुपर मार्ट लिमिटेड से पतंजलि बिस्किट का 125 रुपए में 800 ग्राम का पैकेट खरीदा था। शक होने पर उन्होंने पैकेट को तौला तो वजन कम निकला। इसके बाद वे जागरुक उपभोक्ता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश अमोलिया के साथ नापतौल विभाग के निरीक्षक केआर चौधरी के पास पहुंचे। वहां भी तौल कर देखा गया तो 800 ग्राम के पैकेट में 53.30 ग्राम कम वजन निकला। एवरेज के मान से कम मिले माल की कीमत करीब 7 रुपए थी।

**उपभोक्ता फोरम में भी केस कराएंगे दर्ज** – उपभोक्ता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश अमोलिया ने बताया अगर सीधे उपभोक्ता आयोग जाते तो मामला रिजेक्ट हो सकता था। इसमें तकनीकी रूप से वजन को साबित करना मुश्किल होता है। इसीलिए पहले नापतौल विभाग में शिकायत की। यहां मामला अधिकृत रूप से पुष्ट हो चुका है। अब फरियादी को हर्जाना दिलाने के लिए अलग से एक केस उपभोक्ता फोरम में भी दाखिल किया जाएगा।

**यह उपभोक्ता से सीधे तौर पर ठगी का मामला**– नापतौल विभाग के उप-नियंत्रक एसए खान ने बताया पैक्ड प्रोडक्ट में वजन कम निकलने पर अर्थदंड अधिक लगता है। ये सीधे तौर पर उपभोक्ता के साथ ठगी की श्रेणी में आता है। लोगों को खरीदी करते समय जागरूक रहना चाहिए।

# मंत्री प्रहलाद पटेल बोले- मोदी सरकार ने विरासत औरविकास दोनों को आगे बढ़ाया है

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर




लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल सोमवार को इंदौर आए। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि जब मैं छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ा था, तब मैंने कमलनाथ और कांग्रेस का आंतक वहां से समाप्त किया था। इस चुनाव में छिंदवाड़ा से परिवारवाद समाप्त होने वाला है। चुनाव में हमेशा कमलनाथ के ग्रास रूट स्तर पर पकड़ होने की बात होती है, लेकिन वहां सिर्फ कमलनाथ का धन प्रबंधन होता है, जो इस चुनाव में नहीं है। पटेल ने कहा कि इस देश पर कांग्रेस ने कई दशक राज किया, लेकिन देशवासियों की रोजमर्रा की सुविधा पर ध्यान नहीं दिया गया। राहुल गांधी एक झटके में गरीबी हटाने की बात करते हैं। उनकी दादी इंदिरा गांधी ने पचास साल पहले गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन वह सिर्फ जुमला था। यदि देश से गरीबी वे हटा देतीं तो हमारी अर्थव्यस्था देश में पहले स्थान पर रहती। भ्रष्टचार के आरोपों से घिरे कांग्रेस के नेताओं की भाजपा में एंट्री के सवाल पर पटेल बोले कि भ्रष्टाचार करने वाले कादल और जाति नहीं देखी जाती है, जिन्होंने भ्रष्टचार किया है। उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। पटेल ने कहा कि मोदी सरकार ने विरासत औरविकास दोनों को आगे बढ़ाया है। भारत से बाहर ले जाई गईमूर्तियों को हम वापस लाएंगे औरउनके मूल स्थान पर स्थापित करेंगे। मूर्तियां पहले भी आती थीं, लेकिन उन्हें म्यूजियम में रख दिया जाता था। भाजपा में कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ताओं के लगातार आने से जुड़े सवाल पर मंत्री पटेल बोले कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वालों को चुनाव औरहार-जीत से जोड़कर न देखा जाए। मुझे लगता है कि भारत जिन ऊंचाइयों को छूने की तरफ आगे कदम बढ़ा रहा है। उस यात्रा में जो भी शामिल होता है, उसका हम स्वागत करते हैं। पटेल बोले कि भाजपा ने विकास का इतिहास बनाया है और जनता का विश्वास भी जीता है। इस बार भी देश में मोदी सरकार बन रही है। मोहन सरकार के कार्यकाल के सवाल पर वे बोले कि मोहन सरकार ने 100 दिनों में अच्छा काम किया है। जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गईं औरभाजपा नेता हितग्राहियों से मिलकर यह भी जान रहे हैं कि उन्हें योजना का कितना लाभ हुआ।

## मेंदोला बोले- घर-घर जाकर कहना है 'मोदीजी की राम-राम'



**इंदौर**। विधानसभा 2 के वार्ड 31 में कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गयाI इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मौजूद सभी मातृशक्तियों ने प्रत्याशी शंकर लालवानी को रिकॉर्ड मतों से विजयश्री का आशीर्वाद दिया और उन्हें देश का नंबर वन सांसद बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, पार्षद बालमुकुंद सोनी, पं. बृजेश शुक्ला, कमलेश शर्मा, कैलाश लालवानी, निक्की राय, सतपाल खालसा सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी लालवानी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं उनके द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना होगा। विधायक रमेश मेंदोला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राम-राम कहना है और उन्हें उनके एक वोट की ताकत बताना है। उन्हें यह कहना है कि आपका एक वोट भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आपके एक वोट से ही आज भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई, जिसका हमें बरसों से इंतजार था।

### नगर निगम, पुलिस और बिजली अधिकारियों ने की जांच

# टावर-61 में नहीं था फायर सेफ्टी सिस्टम

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



एबी रोड स्थित सी-21 मॉल के सामने टावर 61 में लगी आग के कारण की जांच के लिए सोमवार को टीम मौके पर पहुंची। टीम में नगर निगम, एफएसएल और बिजली विभाग के अधिकारी थे। जहां जांच के दौरान पाया कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं लगा था। ऊपर मचान रेस्टोरेंट में जरूर दो अग्निशमन यंत्र लगे थे। मामले में अधिकारियों ने जांच की बात कही है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। अधिकारियों की रिपोर्ट में ही आग के कारण का खुलासा होगा। इस जांच से प्रशासन के अभियान की भी पोल खुल गई। दरअसल, करीब एक माह पहले इंडस्ट्री हाउस में आग लग गई थी। आग में करीब 70 लोग घिर गए थे। हालांकि बाद में सभी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद प्रशासन ने तय किया था कि शहर की ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच होगी, लेकिन अफसरों ने कुछ स्थानों पर कार्रवाई कर इतिश्री कर ली थी। बता दें रविवार शाम टावर 61 की पांचवीं मंजिल स्थित मचान रेस्टोरेंट और बार में आग लग गई। आग ने चौथी मंजिल स्थित ऑफिस को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी। आग बुझाने के लिए 3 लाख 20 हजार लीटर पानी डाला गया। नुकसान क्या-क्या हुआ है, इसका मौका पंचनामा अभी नहीं बना है। बार लाइसेंस रिन्यू नहीं होने के कारण रेस्टोरेंट 31 मार्च से बंद था। पांच मंजिला इस बिल्डिंग के पास फायर एनओसी नहीं थी। नियमों को ताक पर रख बिल्डिंग में ऑफिस और रेस्टोरेंट अब तक संचालन होते आए हैं। मामले में नगर निगम के अधिकारियों ने अब कार्रवाई की बात कही है। वहीं सोमवार सुबह भी मौके पर धुआं निकलने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, हालांकि आग को बुझा दिया गया।

टावर 61 में लगी आग के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने रूफ टॉप और पैंट हाउस में बने रेस्टोरेंट और होटल में फायर सेफ्टी की जांच की बात कही है। रविवार को पुलिस अधिकारी अमित सिंह ने भी प्रशासन के साथ इस संबंध में चर्चा करने के लिए कहा था। लगातार शहर में सामने आ रही आगजनी की घटना के बाद प्रशासन जागा है और जांच के आदेश दिए हैं।



## छतों और पेंट हाउस में संचालित रेस्टोरेंट और होटलों की होगी फायर सेफ्टी जांच

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**। विजय नगर क्षेत्र में रविवार को हुई आग लगने की घटना के बाद प्रशासन छतों और पेंट हाउस में संचालित रेस्टोरेंट और होटलों में फायर सेफ्टी की जांच कराएगा। कमी पाए जाने पर अग्नि सुरक्षा संबंध सुनिश्चित कराए जाएंगे। पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा की कमियां पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए थे। यदि अब भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं किए होंगे तो इनको सील किया जाएगा। प्रशासनिक संकुल में सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें छतों और पेंट हाउस में संचालित होटलों में अग्नि सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में बड़ी इमारतों में अग्नि सुरक्षा प्रबंध की जांच की गई थी। इसमें कई में कमियां पाई जाने पर सुधार के लिए नोटिस जारी किए गए थे। सुधार नहीं करने वालों के संस्थान सील करने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने शहरी तालाबों और शासकीय मंदिरों की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।

### बार-बार सिग्नल तोड़ने पर लाइसेंस होगा निरस्त

शहर के सुगम यातायात को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने बार-बार सिग्नल तोड़ने वालों पर सख्ती के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि लगातार सिग्नल तोड़ने वालों को चिह्नित कर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाएं। निरस्ती के बाद लाइसेंस परिवहन कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करा लिया जाए।



### लोकायुक्त ने महिला कर्मचारी व क्षेत्रीय संयोजक को पकड़ा

# बकाया दिलाने के एवज में मांगी रिश्वत

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



आदिवासी विकास विभाग में छापा मारकर लोकायुक्त पुलिस ने एक महिला कर्मचारी व क्षेत्रीय संयोजक को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। महिला ने बिना डरे नोटों की गड्डी ली और अलमारी में रख दी थी। जब लोकायुक्त पुलिस ने दफ्तर में आकर अपना परिचय दिया तो उसके चेहरे का रंग उड़ गया और वह कहने लगी कि रिश्वत मैंने नहीं ली।

गौरतलब है कि छात्रावास के भवन की बकाया राशिव एरियरदेने के एवज में महिला कर्मचारी उमा मर्सकोले ने 15 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में मांगी थी। उमा को रिश्वत देने के लिए फरियादी विक्रम गेहलोत पर क्षेत्रीय संयोजक विजय जायसवाल ने दबाव बनाया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। फरियादी ने श्रीकृष्ण एवेन्यू में वर्ष 2015 में अपना मकान होस्टल के लिए विभाग को किराए पर दिया था। वहां जूनियर छात्रावास संचालित किया जा रहा था। फरियादी ने उस मकान को पिछले साल खाली करा लिया था, लेकिन विभाग ने बकाया 11 लाख रुपए नहीं दिए थे। इस राशि के भुगतान के लिए जायसवाल और मर्सकोले 15 प्रतिशत राशि की रिश्वत देने का दबाव बना रहे थे। सोमवार को 50 हजार रुपए की राशि देना तय हुआ। फरियादी ने लोकायुक्त पुलिस को भी शिकायत की। तय रणनीति के तहत जैसे ही दोनों घूसखोर कर्मचारियों ने रिश्वत के रूप में पचास हजार रुपए लिए, तो लोकायुक्त विभाग की टीम ने दोनों को रंगेहाथों पकड़ लिया। गड्डी में केमिकल लगा हुआथा। दोनों घूसखोर कर्मचारियों के हाथ धुलवाए गए तो नोटों में लगा पीला रंग उनके हाथों से निकला। उमा ने रुपए लेकर अलमारी में रख लिए थे। लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया।

## हितग्राहियों से घर-घर जाकर करना है संपर्क : सुमेर सिंह

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से घर-घर जाकर संपर्क करना है और भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का आग्रह करना है। यह कहना है लोकसभा प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी का है। वे जालसभा गृह में इंदौर महानगर की 6 विधानसभाओं की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक को संबोधित कर रहे थे। नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि पोलिंग बूथ में आने वाले सभी घरों में संपर्क करना है। लोकसभा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने कहा कि हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करना होगा, जिसके लिए बूथ स्तर पर प्रत्येक कार्यकर्ता को सतत संपर्क करके अपने बूथ को मजबूत करना है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी मोघे, बाबू सिंह रघुवंशी, प्रताप करोसिया, लोकसभा संयोजक रवि रावलिया, सहसंयोजक गोपाल गोयल, विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, उमाशशि शर्मा, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल, महामंत्री सुधीर कोल्हे, सविता अखंड, संदीप दुबे, सभी विधानसभाओं के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं बड़ी संख्या में विधानसभाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम आयुक्त के निर्देश , बगैर सूचना गायब रहने वाले कर्मियों का कटेगा वेतन

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



नगर निगम आयुक्त सोमवार सुबह एक बार फिर शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले। वे संगम नगर स्थित गारबेज ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि तीन कर्मचारी बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित हैं। इस पर तीनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त थ्री-आर सेंटर की व्यवस्था देखने भी पहुंचे। यहां बड़ी मात्रा में सामान रखा मिला। निगमायुक्त ने इस पर नाराजगी जताते हुए थ्री-आर सेंटर की व्यवस्था संभाल रहे एनजीओ के कर्मचारी को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि सेंटर पर आने वाले सामान का समय पर उपयोग किया जाए। उन्होंने सेंटरों को तय समय पर खोलने के लिए भी कहा। भागीरथपुरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र की संकरी गलियों की वजह से डोर टू डोर कचरा वाहन नहीं आ पाते हैं। इस वजह से रहवासियों को कचरा मुख्य मार्ग तक लेकर जाना पड़ता है। इस पर निगमायुक्त ने इस क्षेत्र में ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण का काम करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त राजकुमार पुल, पोलोग्राउंड, मरीमाता चौराहा, 15वीं बटालियन क्षेत्र, खड़े गणेश मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण करने पहुंचे।

## चुनाव : डॉक्टरों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लिया संकल्प

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूक डॉक्टरों की संस्था "दी एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ़ इंडिया" इंदौर चैप्टर मिलन एवं समसामयिक विषय, चिकित्सा गोष्ठी व भाजपा इंदौर लोकसभा विशेष संपर्क समिति द्वारा "विकसित भारत एवं डॉक्टरों की भूमिका" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा इंदौर लोकसभा विशेष संपर्क अभियान के संयोजक अशोक अधिकारी ने प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने कहा कि विश्व में भारत का सम्मान गत 10 वर्षों में बड़ा हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि हैं। लोकसभा प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि चिकित्सा के लिए मालवा निमाड़ के वनवासियों की तकलीफों से आयुष्मान कार्ड ने निजात दिलवाया हैं। उन्होंने कहा कि गरीब व आदिवासी बच्चों के लिए हिंदी में भी मेडिकल की पढ़ाई मातृभाषा में हो पा रही हैं, अर्थात जितने भारत की जनता स्वस्थ रहेगी, उतना ही भारत देश स्वस्थ रहेगा और भारत विकसित भारत के लिए निरंतर अग्रसर होगा। इस मौके पर इंदौर लोकसभा संयोजक रवि रावलिया, सुमित मुटनेजा और समेत 125 डॉक्टर उपस्थित रहे।

## इंदौर और भोपाल के बीच बना ग्रीन कॉरिडोर, शिक्षक दे गए नई जिंदगी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



इंदौर से भोपाल के बीच सोमवार को ग्रीन कॉरिडोर बना। भोपाल के बंसल अस्पताल से इंदौर के चोइथराम अस्पताल के बीच ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से दो घंटे 45 मिनट में किडनी इंदौर लाई गई, जिससे अब एक व्यक्ति को जीवनदान मिलेगा। सागर निवासी 54 वर्षीय हरिशंकर धिमोले पेशे से शिक्षक थे। वे बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेनडेथ घोषित किया। परिजनों ने अंग दान करने पर सहमति दी। इंदौर के चोइथराम अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की किडनी खराब हो गई थी। तय प्रक्रिया के तहत उनका अंग प्रत्यारोपण के लिए चयन हुआ। इसके बाद एंबुलेंस में विशेष बॉक्स में किडनी इंदौर पहुंचाई गई। एक किडनी भोपाल के अस्पताल में ही ट्रांसप्लांट की गई, जबकि दूसरी किडनी लेकर भोपाल से डॉक्टरों की मौजूदगी में एक टीम इंदौर के लिए रवाना हुई। भोपाल से एंबुलेंस 12.30 बजे रवाना हुई, जो इंदौर तक 3.15 तक पहुंच गई थी।

**सख्ती** रीवा में खुले बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत के बाद इंदौर कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों को दिए निर्देश

# खुले बोरवेल को बंद करने का काम गंभीरता से लें अधिकारी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



रीवा में खुले बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत के बाद कमिश्नर डॉ. दीपक सिंह ने सोमवार को गूगल मीट पर संभाग के सभी कलेक्टरों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में खुले बोरवेल को बंद करने का काम गंभीरता से किया जाए। इसके लिए योजना बनाकर समय-सीमा में पूरा करें। बैठक में कलेक्टरों ने बताया कि उनके जिलों में खुले पड़े सभी ट्यूबवेल और बोरवेल की जानकारी एकत्रित की गई है। राजस्व एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से इस संबंध में प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। अभय बेडेकर (कलेक्टर आलीराजपुर) ने बैठक में बताया कि जिले में दिसम्बर में बोरवेल में एक बच्चे के गिरने की दुर्घटना हुई थी। इसके बाद से ही प्रशासन सतर्क होकर काम कर रहा है। इसमें संबंधित बोरवेल मालिक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। प्रियंक मिश्रा (कलेक्टर, धार) ने बताया कि जिले में खुले बोरवेल की जानकारी एकत्र की गई है। यह पहल की जा रही है कि जिले में जहां कहीं भी खुले में बोरवेल होने की सूचना किसी नागरिक द्वारा दी जाएगी तो उसे पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### काम करो नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहो

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह इनदिनों एक्शन में नजर आ रहे हैं। कलेक्टर ने काम में लापरवाही बरतने वाले पांच पटवारियों को रविवार को निलंबित किया था। साथ ही अन्य पटवारियों को समय पर काम करने की हिदायत दी थी। इसी कड़ी में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित आरओ बैठक के पहले तहसीलदारों की क्लास ले ली। काम में लेतलाली दिखाने वाले चार तहसीलदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि समय पर काम करना पड़ेगा। यदि काम नहीं करोगे तो कार्रवाई का सामना तो करना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान भी कलेक्टर आशीष सिंह का रुख काफी कड़ा रहा और उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को सख्त हिदायत देते हुए शीघ्र काम निपटाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि तहसीलदार और पटवारियों के पास कई मामले लंबित पड़े हुए हैं, जिनके कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## आज सामान्य हो जाएगा जलप्रदाय

**इंदौर**। शहर में जलसंकट का दौर जारी है। सोमवार को 14 टंकी खाली रही है। जल प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू के अनुसार मंगलवार से जलप्रदाय की स्थिति सामान्य हो जाएगी। 13 अप्रैल को नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी पंप ग्राम छापरिया के पास 1200 एमएम की पीएससी पाइप लाइन मे लीकेज सुधार कार्य के लिए दोपहर 12.15 पर बंद किए गए थे। लीकेज सुधार कार्य शाम चार बजे पूर्ण होने के उपरांत इंटेकवेल से पंप चालू किए गए। पंप गृह क्रमांक 1 के पैनल में इलेक्ट्रिक फाल्ट होने के कारण पुनः शाम 5.15 पर पंप बंद किए गए। सुधार कार्य पूर्ण होने के बाद पुनः सभी पंप सोमवार सुबह 5.40 पर चालू किए गए।

संपादकीय

# हिंदुत्ववादी कंगना


राजीव खण्डेलवाल

फिल्मी दुनिया की चकाचौंध छोड़ राजनीति में कदम रखने वाली फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों खूब चर्चा में है। राष्ट्रवादी और हिन्दुत्ववादी छवि वाली कंगना को भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा चुनाव से अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके सामने राजघराने का वारिस व छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य को कांग्रेस ने उतारा है। राष्ट्र व हिंदुत्व के लिए अपनी बेबाक बात रखने वाली कंगना को उम्मीदवार बनाए जाने से राज्य कांग्रेस हिल गई है, क्योंकि कंगना हमेशा कांग्रेस के भ्रष्टाचार और वंशवाद पर कड़ा प्रहार करती आई हैं, जिससे कांग्रेसी तिलमिला जाते हैं। उनके फिल्मी करियर को लेकर कांग्रेस नेत्री व विवादित प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने घटिया बयानबाजी कर कंगना व मंडी लोकसभा सीट को चर्चित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसक कंगना चुनाव में खुले तौर पर कांग्रेस के वंशवाद को खुली चुनौती दे रहे हैं, क्योंकि उनके सामने कांग्रेस प्रत्याशी भी वंशवाद की बेल ही हैं। कंगना अपने प्रतिद्वंद्वी को छोटा पप्पू कहकर संबोधित करती है। देश में पप्पू नाम से मशहूर एक कांग्रेस नेता भी परिवारवाद के दम पर राजनीति में टिके हैं। यही हाल विक्रमादित्य के भी हैं, क्योंकि छोटा पप्पू के पिता मुख्यमंत्री रह चुके हैं तो मां सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर जमी हुई हैं। अब कंगना को स्थानीय निवासी लोकप्रिय बॉलीवुड चेहरा और राष्ट्रवादी होने के अलावा कट्टर मोदी प्रशंसक होने का फायदा मिल रहा है, जिसे देख कांग्रेस नेता सहन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए कांग्रेसी बार-बार उनके फिल्मी सफर का मुद्दा उठा रहे हैं। उनके कपड़े पहनने के ढंग, बोलचाल का तरीका, रहन-सहन की तरीका, शराब-सिगरेट और न जाने कितनी बातें हैं, लेकिन दिमागी तौर पर बीमार कांग्रेसियों को यह समझ नहीं आता कि वे फिल्म व किरदार का हिस्सा होता हैं। फिल्म की कहानी के हिसाब से किरदार को ढलना पड़ता है। खैर अपने में उलझे कांग्रेसी इस बात को नहीं जान पाएंगे। हिमाचल कांग्रेस के सुंदर ठाकुर ने कंगना के फिल्मी सफर पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये चुनाव है, किसी फिल्म का प्रमोशन नहीं है कि आपने दो महीने में फिल्म बना ली, ढिंका चिका-ढिंका चिका कर लिया। राजनीति सेवा करने के लिए है, जबकि फिल्में मनोरंजन के लिए है। ये चुनाव मनोरंजन के लिए नहीं हो रहे हैं। जब कंगना ने पलटवार किया तो कांग्रेसी नाचते-फिर रहे हैं। अब सवाल ये उठता है कि भारत एक लोकतंत्रिक देश है और यहां सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। जब गुंडे-बदमाश, भ्रष्टाचारी, हत्यारे, सत्ता के दलाल चुनाव लड़ सकते हैं तो कंगना रनौत क्यों नहीं। कंगना के फिल्मी सफर पर सवाल उठाना उचित नहीं है। यदि एक फिल्मी कलाकार में राष्ट्र और समाज की सेवा करना चाहता है तो किसी को कोई तकलीफ नहीं होना चाहिए।

● संपादक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसक कंगना चुनाव में खुले तौर पर कांग्रेस के वंशवाद को चुनौती दे रहे हैं, क्योंकि उनके सामने कांग्रेस प्रत्याशी भी वंशवाद की बेल ही हैं। कंगना अपने प्रतिद्वंद्वी को छोटा पप्पू कहकर संबोधित करती है। देश में पप्पू नाम से मशहूर एक कांग्रेस नेता भी परिवारवाद के दम पर राजनीति में टिके हैं। यही हाल विक्रमादित्य के भी हैं, क्योंकि छोटा पप्पू के पिता मुख्यमंत्री रह चुके हैं तो मां सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर जमी हुई हैं।

# इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी का करेंगे मार्गदर्शन : महंत राजूदास महाराज

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

आज पूरे विश्व में भारत जिस तेजी से उभरकर अपनी धाक जमा रहा है, उसके पीछे सनातन धर्म और हमारे ऋषि मुनियों एवं संतों की ताकत तो है ही, पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास भी हैं। ये बात हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज ने दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे सबके राम अनुष्ठान और श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ तथा मेले के अवलोकन के दौरान कही।

उन्होंने यज्ञशाला की भी खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे। महंतश्री ने यज्ञशाला में राम नाम का लेखन भी किया और कहा कि धर्मप्रेमी लोगों को ऐसे अनुष्ठानों से जरूर जुड़ना चाहिए। सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेंद्रसिंह चौहान और प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने शुरू में महंतश्री की अगवानी की। म.प्र. ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष कोमल दीक्षित, सचिव कैलाश जोशी, परशुराम महासभा के सागरमल जोशी, संतोष कुंडल, नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज की अन्नकूट समिति के अध्यक्ष पुष्करलाल व्यास, समाजसेवी मनीष गब्बर खाटवा, छोगालाल उस्ताद व्यायामशाला के गौरव पिंपले, नित्य पवित्रम सेवा संस्था के नितिन मतकर ने भी राम दरबार के दर्शन-पूजन कर महाआरती में भाग लिया। सुबह सैकड़ों साधकों ने योग शिविर में भाग लिया, वहीं रेटिना स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से 60 मरीजों की आंखों की जांच भी की गई। रात में 'राम से राम' कवि सम्मेलन का आयोजन भी हुआ, इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से 3 हजार से अधिक श्रोताओं को गुदगुदाए रखा।



## आज अवध लोक में होंगे आयोजन

मंगलवार सुबह 6 से 7 बजे तक योग शिविर, 7 से 10 बजे तक महायज्ञ, शाम 6 बजे राम धुन, शाम 7.30 बजे रामलला दरबार में महाआरती और रात 8.30 बजे दमयंती मिरदवाल ग्रुप द्वारा निर्देशित देवी प्रस्तुति एवं रक्त बीज संहार नृत्य नाटिका का मंचन होगा। बुधवार, 17 अप्रैल को दमयंती ग्रुप द्वारा रामायण की प्रस्तुति के साथ समापन होगा। सभी कार्यक्रम सुबह 6 से रात 11 बजे तक आम लोगों के लिए निशुल्क खुले हैं।



# भैरव कालका माता को दशमी पर लगेगा दाल-बाटी-चूरमे का भोग

**इंदौर।** श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर विजयनगर के स्थापना दिवस एवं महाअष्टमी के अवसर पर महामाई के दरबार में सोलह श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर महामाई का दिव्य जागरण रात्रि 10 बजे से शुरू होगा। इसमें आचार्य देवराज शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर में 18 अप्रैल को दशमी तिथि पर कन्या पूजन होगा, जिसमें संपूर्ण सोलह श्रृंगार सामग्री वितरित की जाएगी। इसी दिन यानी 18 अप्रैल को शाम 6 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महामाई को मालवा के प्रसिद्ध दाल-बाटी-चूरमे का भोग लगाया जाएगा एवं भक्तों को परोसा जाएगा।

## राम नवमी पर 251 कन्याओं का पाद पूजन

**इंदौर।** चैत्र नवरात्रि एवं राम नवमी के शुभ अवसर पर बुधवार, 17 अप्रैल रामनवमी पर छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर 251 कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें उपहारों का वितरण भी किया जाएगा। बाबाश्री पारमार्थिक ट्रस्ट के प्रमुख जगदीश गोयल ने बताया की ट्रस्ट की मेजबानी में होने वाले इस आयोजन में आसपास की बस्तियों की जरुरतमंद कन्याओं को आमंत्रित कर दोपहर 4 बजे से उनके लिए विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजन की गतिविधियां आयोजित होंगी, खाने एवं व्यंजनों के स्टाल्स लगाए जाएंगे और शाम 7 बजे से 251 कन्याओं का सामूहिक पाद पूजन कर उपहारों सहित उन्हें बिदा किया जाएगा। संयोजक जगदीश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य समाजसेवी बंधु एवं राजनेता भी शामिल होंगे।

# सेवाभावी मोहनलाल बंसल का सम्मान



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

श्री अग्रसेन महासभा के नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में निवृतमान अध्यक्ष जगदीश गोयल बाबाश्री ने अपने कार्यकाल के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल बंसल को सर्वश्रेष्ठ सदस्य के सम्मान से अलंकृत कर रजत मंडित राम दरबार की प्रतिकृति भेंटकर सम्मानित किया। श्री बंसल ने 60 वर्ष से अधिक आयु के अग्रवाल युगलों के सम्मान का तीन दिवसीय, 40 वर्ष से अधिक आयु के युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन का भी तीन दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं दो अन्य परिचय सम्मेलन भी आयोजित किए। इसी तरह महासभा के सदस्यों को बंसल ने बाली द्वीप की विदेश यात्रा के साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों की यात्रा भी निर्बाध रूप से संपन्न कराई है। इसके पूर्व भी उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड की यात्रा भी संपन्न कराई गई है। महासभा के पूर्व अध्यक्ष एवं मांगलिक भवन की संचालन समिति के वर्तमान अध्यक्ष बंसल अच्छे उद्योगपति, सीमेंट निर्माता एवं समाजसेवी भी हैं, जिनके कुशल मार्गदर्शन का लाभ महासभा के अन्य सभी सदस्यों को मिलता रहा है। ऐसे सेवाभावी बंसल को जब निवृतमान अध्यक्ष जगदीश गोयल ने समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की मौजूदगी में स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तो सभागृह में मौजूद अतिथि एवं अन्य सदस्यों ने करतल ध्वनि से उनके प्रति अपना सम्मान भाव व्यक्त किया।



## न्यायमूर्ति विनय सराफ का सम्मान

**इंदौर।** इंदौर में जन्मे एवं अपनी शिक्षा-दीक्षा ग्रहण कर 30 वर्ष तक अभिभाषक के रूप में कार्य करने वाले वरिष्ठ अभिभाषक विनय सराफ को जबलपुर हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति के रूप में पदस्थ होने के बाद प्रथम इंदौर आगमन पर लायंस इंटरनेशनल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। लायंस इंटरनेशनल की और से लायंस कुलभूषण मित्तल कुक्की ने उन्हें प्रशस्ति भेंट किया। इस अवसर पर समाज सेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, अरविंद बागड़ी, दिनेश रणधर, अनिल मोदी, बालकिशन छावछारिया, अजय आलूवाले विशेष रूप से मौजूद थे। गौरतलब है कि लायंस इंटरनेशनल द्वारा शहर को सेवा देने वाली 30 प्रतिभावान विभूतियों को सम्मानित करने के लिए गठित चयन समिति में न्यायमूर्ति विनय सराफ का नाम भी प्रस्तावित किया गया था । कार्यक्रम का संचालन अनिल मोदी ने किया। आभार दिनेश रणधर ने माना।

# मोबाइल लत का शिकार हो रहे बच्चे

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

विद्यासागर स्कूल में क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आई स्पेशलिस्ट एवं शांति आईटेक के निदेशक डॉ. अमित सोलंकी ने बताया कि आज के दौर में सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी मोबाइल की लत का शिकार हो रहे हैं। घंटों तक मोबाइल या स्क्रीन के इस्तेमाल से बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कम उम्र में एक्सेस स्क्रीन टाइम से बच्चे कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बच्चों के आसपास जितने गैजेट होंगे, उनके ऑटिज्म, बोलने में देरी व सामाजिक कौशल में कमी का उतना ही खतरा होगा। हाल ही में हुए एक सर्वे के अनुसार जिन बच्चों को स्क्रीन एडिक्शन है, उन बच्चों में आंखों में अलावा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी काफी हो रही है। हाल ही में हुई एक स्टडी के मुताबिक 65 फीसद फैमिली खाना खिलाते समय बच्चे को टीवी-मोबाइल दिखाते हैं। भारत में 39 से 44 परसेंट लोगों को स्मार्टफोन का एडिक्शन है। स्क्रीन टाइम बढ़ने से फिजिकल एक्टिविटी कम होती हैं, ओवरइटिंग की आदत बनती है और फिर ये ओबेसिटी तक खतरा पैदा करता है। मोबाइल की लत से बच्चों को सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है।



## आज होगा नवागत आचार्य पद प्रतिष्ठा पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव



**राजेश जैन दद्दू इंदौर।** 16 अप्रैल को सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में आयोजित होने वाले नवआचार्य पदारोहण महामहोत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू एवं संयोजक वीरेश सेठ ने बताया कि पूरा कार्यक्रम श्रवण संस्कृति मुनिराजों के संसघ सान्निध्य में आगम में वर्णित प्रक्रिया अनुसार संचालित किया जाएगा। आयोजन में संपूर्ण भारत से 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मुनि समय सागर महाराज परम पूज्य आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज की प्रतिकृति के रूप में समान गुण एवं समचर्या के धारक होने से अत्यंत पूज्यनीय है और पूज्य आचार्यश्री की भावना और कहे अनुसार निर्यापक मुनि समय सागर महाराज आचार्य पद, पदारोहण महोत्सव किया जाएगा।

# योग में जीवनशैली बदलने की क्षमता



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक आश्रम में परिचर्चा की। इसके बाद विक्रम अवॉर्डी पंकज सोनी ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर योग अभ्यास करवाया। द बर्निंग स्टूडियो के योग प्रशिक्षक पंकज सोनी ने बताया कि आज महिलाएं समाज रूपी वृक्ष की जड़ों की तरह हैं, इसलिए उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाए रखना आवश्यक है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन के एक हालिया अध्ययन के अनुसार योग का अभ्यास करने वाले लगभग 92.16% लोगों ने पाया है कि योग ने उनकी जीवनशैली को बदल दिया है। योग के बारे में बताते हुए कहा कि योग का मूल आधार यह है कि यह आंतरिक आत्म और आत्म-जागरूकता पर केंद्रित है। योग के तीन रूप हैं - प्राणायाम (सांस लेने का व्यायाम), आसन (योग मुद्राएं) और शवासन (आराम की अवधि)। जब एक महिला स्वास्थ्य होती है, तब वह प्रसन्न रहती है, वह अपने आप को सक्रिय, सृजनशील, समझदार तथा योग्य महसूस करती है।

# 'इंदौर टॉक ऐप' किया लांच, बताए फायदे



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

'इंदौर टॉक ऐप' के लॉन्चिंग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इंदौर पुलिस ग्रामीण के उमाकांत चौधरी, इंदौर टॉक मीडिया नेटवर्क प्रमोटर मोहन पांडे, सीईओ आशीष तिवारी, सीएमओ अतुल तिवारी, वेबक्रॉफ्ट आईटी से अरिहंत जैन, विधिक शिक्षा से मनमोहन जोशी मौजूद रहे। इंदौर टॉक ऐप शहर के नागरिकों की डिजिटल वेलबीइंग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस मौके पर महापौर ने कहा कि वे खुद अपनी टीम के साथ काफी समय से ऐसा कुछ बनाने का प्रयास कर रहे थे, जिसके जरिए लोग इंदौर की बात कर सके। इंदौर का स्वाद चख सके, उन्होंने शहर की ट्रैफिक समस्या पर भी बात की, जिसका समाधान इस ऐप पर अब आसानी से मिलेगा। इंदौर टॉक मीडिया नेटवर्क अब अपडेट हो चुका है और इसे 'इंदौर टॉक ऐप' के रूप में लॉन्च किया गया है। विशेष रूप से डेवलप की गई कॉन्टेंट फीड्स के माध्यम से यह ऐप इंदौर को फिल्टर और वेरिफिएड इनफार्मेशन प्रदान करेगा और इसमें कम्युनिटी पोल्स, बिजनेस लिस्टिंग, इवेंट लिस्टिंग, बुकिंग और इंदौर की हर प्रमुख विशेषता और जानकारी शामिल हैं।

# सांई प्रभातफेरी का समापन, आज निकलेगी मनुहार यात्रा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

सोमवार को सांई बाबा महोत्सव के तहत शहर की चारों दिशाओं में निकलने वाली 24 दिवसीय सांई प्रभातफेरी का समापन बंगाली चौराहा स्थित प्रीति नगर में हुआ। प्रभातफेरी आयोजक बाला गावड़े, मोहन पालीवाल एवं अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक ने बताया कि अलसुबह सांई भक्तों ने महाआरती कर बाबा की प्रभातफेरी की शुरुआत की। प्रभातफेरी में रहवासियों के साथ ही आने-जाने वाले राहगीरों को 17 अप्रैल रामनवमी पर्व पर निकलने वाली पालकी यात्रा का निमंत्रण दिया। फूलों से श्रृंगारित पालकी में विराजित सांई बाबा का भक्तों ने पूजन किया। प्रभातफेरी में विनीता पाठक, जीतू यादव, अरुण शिंदे, चेतन जेठानिया, उमेश शर्मा, महेश शाह, मोहन पहलवान, प्रकाश शाह, अशोक गायकवाड़, विनय प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में सांई भक्त उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक ने बताया कि मंगलवार शाम 6 बजे बड़ागणपति मंदिर से मनुहार यात्रा निकाली जाएगी, इसमें व्यापारियों के साथ-साथ आने जाने वाले राहगीरों को भी रामनवमी पर्व पर निकले वाली सांई बाबा की पालकी यात्रा का निमंत्रण दिया जाएगा। मनुहार यात्रा बड़ागणपति मंदिर से शुरू होकर मल्हारगंज, गोराकुंड चौराहा, सीतलामाता बाजार, नृसिंह बाजार होते हुए छत्रीबाग सांई मंदिर पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा।



# भारत एक युवा शक्ति वाला देश : वीके चतुर्वेदी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

आईपीएस अकादमी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस के प्रीमियम ऑडिटोरियम में लेफ्टनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी का व्याख्यान हुआ।

लेफ्टनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी यूथ फॉर नेशन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है। ये संस्था देशभर में युवा शक्ति को मार्गदर्शन का कार्य कर रही है। इस संस्थान से देश के रिटायर्ड आईपीएस, आईएएस, सेना के अफसर और वरिष्ठ शिक्षाविद जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि आईपीएस कॉलेज का काफी नाम है। बच्चों के विकास के लिए बहुत काम किए जा रहे हैं। यहां से पासआउट बच्चे आज अच्छी पोजीशन पर है। उन्होंने बताया कि भारत एक युवा शक्ति वाला देश है और युवाओं की शक्ति एक साथ अगर हम मिला दे तो हमें विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। भारत के निर्माण में युवाओं का सदैव महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस मौके पर संस्था प्राचार्य डॉ. अर्चना कीर्ति चौधरी ने कहा कि लीडर बनने के लिए आगे आना पड़ता है और काम करना पड़ता है। युवाओं की शक्ति को अगर सही दिशा में लगाया जाए तो देश का आगे प्रगति की राह पर अग्रसर होगा।



धर्म | यजमान परिवार व भक्तों ने हवन कुंड में आहुतियां की समर्पित

# नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

कैट रोड स्थित सहकार नगर में सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हुआ। सुबह के सत्र में विद्वान पंडितों के सान्निध्य में यजमान परिवार व भक्तों ने हवन कुंड में आहुतियां समर्पित की। इसके पश्चात महालक्ष्मी की प्रतिमा को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में विराजित किया गया। श्री महालक्ष्मी मंदिर निर्माण समिति ने बताया कि समापन अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। 16 अप्रैल को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।





## कैला माता मंदिर में आज सजेगा पुष्प बंगला

**इंदौर।** अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप एवं कैला देवी भक्त मंडल द्वारा चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर 16 अप्रैल को बियाबानी स्थित कैला माता मंदिर पर भजन गायक बाबू राजोरिया एवं साथियों द्वारा रात 8 बजे से पुष्प बंगला श्रृंगारित कर माता के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ग्रुप की संस्थापक राधा राजेंद्र अग्रवाल एवं भक्त मंडल की मंजूर राजोरिया ने बताया कि इस मौके पर कन्या पूजन, 56 भोग एवं महाआरती के आयोजन भी होंगे। 56 भोग के संयोजक ताराचंद अग्रवाल होंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जितेंद्र खंडेलवाल द्वारा दैनिक राजीव टाइम्स के लिए राजीव प्रिंटर्स, 7 गोराकुंड इंदौर से मुद्रित, प्रकाशित। मुख्य कार्यालय 26 प्रेस कॉम्प्लेक्स एवं सिटी ऑफिस 23, सेक्टर बी, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर से संचालित। प्रबंध संपादक : अपूर्वा मेनन। । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। रजि. नंबर आरएनआई/38105/81 पोस्टल रजि. आई./डी./सी./एम.पी./202 मोबाइल 7999999127।

# सीएम बोले- देश के साथ प्रदेश के विकास को भी गति देगा संकल्प पत्र

**भोपाल ▪ एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सोमवार को बंसल वन स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में भाजपा के संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र देश के साथ-साथ मध्य प्रदेश के विकास को भी गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है और यह संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का दस्तावेज है, जिसमें देश के साथ मध्य प्रदेश के विकास को भी गति देने के प्रावधान हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की भी गारंटी है। पहले घोषणा पत्र आते थे, लेकिन अब मोदी जी ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है। घोषणा कभी-कभी पूरी नहीं होती थी, लेकिन जिस चीज का संकल्प ले लिया उसे हर हाल में पूरा करना ही है। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भी संकल्प पत्र जारी किया था और उन संकल्पों को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार ने किया है। अब लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है और इन संकल्पों को भी पूरा किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी जी बोलते हैं, 'यही समय है, सही समय है।' निश्चित रूप से यह भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़ने का सही समय है और हम इस समय का सदुपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और देशवासियों का विश्वास जीता है, अपनी साख बनाई है। इस संकल्प पत्र से मध्य प्रदेश में भी टूरिज्म, मेडिकल, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो भी कहा उसे हर हाल में पूरा किया। उन्होंने कहा था कि देश-प्रदेश के प्रत्येक गरीब को मकान दिया जाएगा। उनके कार्यकाल में चार करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान दिए गए हैं। शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र हर जगह प्रधानमंत्री आवास



योजना के तहत गरीबों को पक्की छत उपलब्ध करवाई गई है। मध्य प्रदेश में भी सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र के मकान उज्जैन जिले को दिए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के संकल्प पत्र ने यह बता दिया है कि हमारे लिए प्राचीन ज्ञान, आधुनिक विज्ञान और रोजगार का भी महत्व है और विकास का संकल्प भी पूरा है। हमने देश में चंद्रयान की सफलता भी देखी है और अब गगनयान का गौरव भी हासिल करेंगे।

**पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प पत्र में पर्यटन के विस्तार के लिए कई कदम उठाए गए हैं। वर्तमान में देश सहित मध्य प्रदेश में भी पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन को लेकर मध्य प्रदेश की सरकार चीता प्रोजेक्ट और हेरिटेज पर काम कर रही है। प्रदेश के उज्जैन महाकाल लोक, देवी लोक के निर्माण के बाद यहां पर धार्मिक पर्यटन ने भी बहुत बड़ी छलांग लगाई है। हमारे यहां सभी प्रकार के टूरिज्म में खूब संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के 60 से अधिक देशों की वित्त व्यवस्था टूरिज्म के माध्यम से ही चलती है। हमारे देश के भी कई राज्य हैं, जहां का अर्थतंत्र टूरिज्म पर निर्भर है।

**सैटेलाइन टाउन से होगा विकास :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प पत्र में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों का भी निदान खोजा गया है। अब सैटेलाइट टाउन का संकल्प लिया गया है। आमतौर पर शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है। शहरों के लिए बनने वाले मास्टर प्लान भी 25 साल को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं, लेकिन अब सैटेलाइट टाउन के जरिए शहर के साथ ही उसके आसपास वाले शहर का भी विकास होगा। जैसे भोपाल के विकास के साथ सीहोर का विकास होगा, इंदौर के साथ देवास, उज्जैन का विकास होगा।

### संकल्प पत्र में शामिल हुए प्रदेश की जनता के सुझाव

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव लिए थे। इसके लिए सुझाव पेटियां लगाई गई थीं और नमो एप के माध्यम से ऑनलाइन भी सुझाव लिए गए थे। देशभर से 15 लाख सुझाव मिले और चार लाख सुझाव ऑनलाइन भी मिले। मध्य प्रदेश में इसके लिए 1100 स्थानों पर पेटियां लगाई गई थीं। मध्य प्रदेश में भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए 26000 नागरिकों ने अपने मूल्यवान सुझाव दिए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश की जनता मोदी की गारंटी पर कितना विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से मिले अनेक उपयोग सुझावों को भी पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया गया है। इसके लिए मैं संकल्प-पत्र समिति के सदस्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद देता हूं।

अश्लील वीडियो की एंट्री के बीच कमलनाथ का किला ढहाने की तैयारी

# छिंदवाड़ा में आज शाह का रोड शो, रात्रि विश्राम भी यहीं करेंगे

**भोपाल ▪ एजेंसी**

कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा की सियासत एकदम गर्मा गई है। सोमवार को इसमें अश्लील वीडियो की एंट्री के बाद सरगर्मी और तेज हो गई है। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को शाम चार बजे छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। साढ़े चार बजे शाह का फव्वारा चौक से रोड शो शुरू होगा। शाह मंगलवार रात छिंदवाड़ा में ही बिताएंगे और कमलनाथ के किले में सेंध की अंतिम रणनीति बनाएंगे।

अमित शाह का रोड शो कमानिया गेट, गोलगंज, छोटी बाजार मेन रोड होते हुए बड़ी माता मंदिर जाएगा। रोड शो के बाद शाह रात्रि विश्राम छिंदवाडा में ही करेंगे। जानकारी के अनुसार पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार देर रात मैराथन बैठकें करेंगे और कमलनाथ का किला ढहाने की रणनीति बनाएंगे। जानकारों का कहना है कि भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट को जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। इसके लिए कमलनाथ की घेराबंदी भी की जा रही है। बता दें, छिंदवाड़ा सीट पर भाजपा ने विवेक बंटी साहू को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे और सांसद नकुलनाथ मैदान में हैं। पिछला चुनाव नकुलनाथ करीब 37 हजार वोटों से जीते थे।

### कांग्रेस विधायक के घर छापेमारी, नाथ के घर पहुंची पुलिस



छिंदवाड़ा की हॉट सीट पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। इसी बीच, पांढुर्ना में कांग्रेस विधायक निलेश उईके के घर पुलिस ने छापेमारी की। हालांकि, पुलिस को विधायक के आवास पर कुछ नहीं मिला। इसे कांग्रेस नेता चुनाव जीतने के लिए दबाव बनाने का भाजपा का हथकंडा बता रहे हैं।

### अश्लील वीडियो से गरमाई सियासत

छिंदवाड़ा के चुनाव में अश्लील वीडियो की एंट्री हो गई है। इसमें कमलनाथ के करीबी आरके मिगलानी पर भाजपा प्रत्याशी साहू को बदनाम करने के लिए फर्जी वीडियो बनाने और उसे वायरल करने के लिए 20 लाख रुपये का लालच देने का आरोप लगाया है। मामले में सोमवार को पुलिस कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित आवास पहुंची। मामले में पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की शिकायत पर केस दर्ज भी कर लिया है। कांग्रेस इसे लेकर भाजपा पर दबाव की राजनीति का आरोप लगा रही है।

**कमलनाथ को मिल सकती है सहानुभूति :** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी छिंदवाड़ा में मोर्चा संभाल लिया है। वे और उनका परिवार 44 साल में सिर्फ एक चुनाव हारा है। कमलनाथ छिंदवाड़ा की जनता से अपने रिश्ते याद दिलाते हुए भावनात्मक अपील कर रहे हैं। वहीं भाजपा ने प्रदेश के मंत्री व कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय को महाकौशल क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। वे छिंदवाड़ा में ही कैंप करके बंटी साहू को जिताने योजना बना रहे हैं। कमलनाथ के करीबियों को भाजपा में शामिल करा रहे हैं। हालांकि, स्थानीय जानकारों का कहना है कि इससे मतदाताओं की सहानुभूति कमलनाथ को मिल रही है।

### दो दिन बाद थम जाएगा छह सीटों पर प्रचार

प्रदेश में चार चरणों में चुनाव हो रहे हैं। इसमें पहले चरण में छिंदवाड़ा समेत छह सीटों पर चुनाव हैं। इसमें बालाघाट, सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर शामिल है। इन छह सीटों पर 17 अप्रैल को शाम पांच बजे प्रचार का शोर थम जाएगा। 19 अप्रैल को मतदान होगा।

'द 5 रेसीडेंसी ऑफ टॉक्सिसिटी हब' नाम से चिट्ठी

# GMC में रेसीडेंस डॉक्टर्स की ग्रुप सुसाइड की चेतावनी

**भोपाल ▪ एजेंसी**

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज के माहौल को लेकर सोमवार को एक चिट्ठी सामने आई है। इसमें मेडिकल कॉलेज के माहौल को टॉक्सिक बताते हुए 31 मई 2024 को ग्रुप सुसाइड की बात कही गई है। चिट्ठी में एड्रेस की जगह 'द 5 रेसीडेंसी ऑफ टॉक्सिसिटी हब,' गांधी मेडिकल कॉलेज, हमीदिया हॉस्पिटल लिखा है। चिट्ठी फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA ) नई दिल्ली के अध्यक्ष को संबोधित है। हालांकि इसमें किसी भी रेसीडेंस डॉक्टर के नाम का जिक्र नहीं है। इसके चलते चिट्ठी की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इधर, लेटर सामने आने के बाद जीएमसी के डीन डॉ. सलिल भार्गव ने जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की मीटिंग बुलाई है।

**'जिस किसी को चिट्ठी मिली, उसे विषैला नमस्कार-** गांधी मेडिकल कॉलेज (हमीदिया अस्पताल) में दिन रात, हर पल, हम जहरीली सांस ले रहे हैं। हम लंबे समय से इस जहरीली संस्कृति का हिस्सा हैं। हमने सोचा था कि डॉक्टरों की शहादत के बाद कुछ बदल जाएगा, लेकिन चीजें अभी भी वैसी ही हैं। अस्पताल में बिना सोए 24 घंटे से ज्यादा समय तक (कभी-कभी 36 घंटे से ज्यादा) लगातार काम करना पड़ता है। बिना छुट्टी लिए काम के बावजूद गलतियां नहीं होने पर भी सीनियर्स और एडवाइजर्स मौखिक दुर्व्यहार करते हैं। कुछ कहते हैं, तो धमकाते हैं। कहते हैं- "चुप रहो, नहीं तो परीक्षा में पास नहीं होंगे" और "डिग्री डिप्लोमा नहीं दिया जाएगा"।'

### दो महीने में हालात नहीं सुधरे, तो करेंगे ग्रुप सुसाइड

चिट्ठी में गांधी मेडिकल कॉलेज के पांचों रेसीडेंस डॉक्टरों ने 31 मई को एक साथ कॉलेज में ही सामूहिक आत्महत्या करने की बात कही है। साथ ही, चिट्ठी को ही सुसाइड नोट के रूप में मान्य किए जाने की बात कही है।

**सीएम के लिए लिखा - माननीय, आप तो समझें परेशानी :** चिट्ठी में लिखा है कि अगर मुख्यमंत्री लेटर पढ़ रहे हैं, तो माननीय आप तो हमारी परेशानी समझें। क्योंकि आपकी बेटी ने खुद डॉक्टरी की पढ़ाई की है। हम भी आपके बच्चों के जैसे हैं। इसे व्यर्थ की शिकायत ना समझें। हम चाहते हैं कि हम अच्छा काम सीखें। डिग्री लें और अच्छी मेडिकल सेवाएं दें। लेकिन, यहां का माहौल हमें आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है।

### जूडा प्रवक्ता बोले- सीनियर कंसल्टेंट धमकाते हैं

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) भोपाल के प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता कहना है कि जूनियर डॉक्टर्स से अस्पताल में 24 से 36 घंटे काम करवाया जा रहा है। हमारे साथ गाली-गलौज की जाती है। कामचोर आदि जैसे शब्द भी बोले जाते हैं। धमकाया भी जाता है। कहा जाता है कि अगर कुछ बोलोगे, तो थर्ड ईयर में पास नहीं करेंगे। फेल कर दिया जाएगा। यह सब कुछ सीनियर कंसल्टेंट द्वारा कहा जाता है। छुट्टी के दिन भी बुलाया जाता है।

**जूनियर डॉक्टर्स की मीटिंग बुलाई :** जीएमसी के डीन डॉ. सलिल भार्गव ने बताया कि कॉलेज के पांच रेसीडेंस डॉक्टर्स द्वारा FAIMA को चिट्ठी लिखी जाने के बारे में सूचना मिली है। इसमें पांच रेसीडेंस डॉक्टर्स ने कॉलेज के टॉक्सिक माहौल से परेशान होकर 5 डॉक्टर्स ने 31 मई को सुसाइड की बात कही है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) से बात की है। जेडीए के साथ मीटिंग बुलाई है। किसी भी रेसीडेंस डॉक्टर को परेशानी है, तो मुझे बताएं। संबंधित की समस्या का समाधान करेंगे।

# 49 हजार की चिल्लर थैलियों में लेकर पहुंचे

**भोपाल ▪ एजेंसी**

दो दिन की छुट्टी के बाद भोपाल लोकसभा सीट के लिए सोमवार को फिर से नॉमिनेशन भरे गए। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कुल 2 नामांकन जमा हुए, जबकि 9 फार्म बिके। इस तरह अब तक 4 नामांकन जमा और 29 फार्म बिक चुके हैं। सोमवार को 2 कैंडिडेट क्रमशः 24 और 25 हजार रुपए की चिल्लर लेकर पहुंचे। इनमें 1, 2, 5, 10 और 20 के सिक्के भी शामिल रहे। सिक्कों को गिनने में इतना वक्त लग गया कि कैंडिडेट नॉमिनेशन जमा नहीं कर सके। एक प्रत्याशी तो बेटे-बेटी के साथ 24 हजार की चिल्लर पांच बोरियों में लेकर नामांकन लेने पहुंचे थे।

भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए अब तक 28 फार्म बिक चुके हैं, जबकि 3 नामांकन दाखिल हुए हैं। 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट में नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं।



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह नामांकन ले रहे हैं। नॉमिनेशन के चलते कलेक्टोरेट के 100 मीटर के दायरे में बेरिकेडिंग की गई है। 40 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं। सोमवार को 3 कैंडिडेट- रामप्रसाद पटेल, अंकित राय और धनराज सेंडे ने नामांकन भरा।

**पांच लोग बोरियां लेकर आए :** सोमवार को मानव समाधान पार्टी के प्रत्याशी संजय सरोज नामांकन लेने पहुंचे। वे अपने साथ पांच बोरियों में चिल्लर लेकर आए। 24 हजार रुपए की 1, 2, 5, 10 और 20 की चिल्लर लेकर पहुंचे और अब नामांकन फार्म लिया। पांच बोरियों में भरी चिल्लर उठाने के लिए साथ में पांच लोग थे। कुल 25 हजार की फीस जमा करनी है। इसमें से 24 हजार रुपए की चिल्लर है, जबकि 500 के 2 नोट थे। सरोज ने बताया, वे मानव समाधान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। आज फार्म के साथ जमा होने वाली 25 हजार की राशि जमा करने आया हूं। इसमें से 24 हजार रुपए की चिल्लर है, जो पिछले 4 साले इकट्ठा की गई है। वे अभी ऑटो चलाते हैं। चाय की दुकान समेत अन्य कारोबार भी कर चुके हैं। इसी में चिल्लर जमा हो गई थी। इतनी चिल्लर उन्होंने कोरोना काल के बाद से इकट्ठा करना शुरू की थी।

**25 हजार रुपए की चिल्लर लेकर तीसरे कैंडिडेट :** मंगलवार को ही एक अन्य कैंडिडेट 25 हजार रुपए की चिल्लर लेकर पहुंचे। थैलों में भरे सिक्के 5-5 रुपए के थे। जिन्हें तीन से चार लोग उठाकर लाए थे। वे भी नामांकन जमा करने वाले थे, लेकिन गिनने में समय लग गया। इस कारण वे नामांकन जमा नहीं कर सके। बता दें कि 12 अप्रैल से नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

# गला घोंटने और ओवर ब्लीडिंग से हुई थी युवती की मौत

**भोपाल ▪ एजेंसी**

बाबड़िया कलां में स्थित होटल के स्क्वायर में युवती की मौत गला घोंटने और ओवर ब्लीडिंग के कारण हुई थी। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें मुख्य आरोपी रितुल पांडे, होटल का मैनेजर योगेश, होटल कर्मचारी सागर उर्फ सुरेंद्र ठाकुर और यूपी का रहने वाला इंद्र बहादुर है। वहीं, आरोपी कुनाल और सेक्स रैकेट चलाने वाली महक यादव की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों को 18 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है।

**होटल में मिला था शव, अभी तक नहीं मिले रिश्तेदार**

भोपाल पुलिस ने सोमवार को युवती का पोस्टमॉर्टम कराया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में पता चला है कि युवती के साथ बर्बरता की गई थी। युवती के परिजनों तक पहुंचने की पुलिस की कोशिश फिलहाल नाकाम हो गई है।

**परिजनों की गैर मौजूदगी में कराया पीएम :** डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि 27 वर्षीय युवती की होटल के स्क्वायर के रूम में शनिवार देर रात बॉडी मिली थी। पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। लड़की के पास से मिले दस्तावेजों में दर्ज हरियाणा के फरीदाबाद के एड्रेस पर पुलिस को उसके परिजन नहीं मिले हैं। उसके दिल्ली के एक एड्रेस की जानकारी मिली थी, वहां भी पुलिस ने संपर्क किया, परिजन नहीं मिले। लड़की की सिम लखनऊ के एड्रेस पर रजिस्टर्ड है। इस पते पर भी पुलिस ने संपर्क किया। यहां भी उसे पहचानने वाला कोई नहीं मिला। परिजन की गैर मौजूदगी में पीएम कराया गया है। एक दिन और इंतजार किया जाएगा, उनसे संपर्क नहीं होने पर शव दफन कर दिया जाएगा।

**ये हैं आरोपी किसका क्या काम**

**कुनाल** - होटल के-स्केवयर का पूर्व कर्मचारी है। काम- कस्टर से सौदा तय होने के बाद लड़की को कस्टमर के पास छोड़ता था। ग्राहक की लोकेशन कुनाल के पास रहती थी।

**सागर उर्फ सुरेंद्र चौहान** - होटल का पूर्व कर्मचारी। काम- कस्टमर खोजना और गैंग मेंबर कुनाल से मीटिंग कराना।

**बहादुर** - होटल का वर्तमान कर्मचारी। होटल में कस्टमर के पास कुनाल द्वारा भेजी गई लड़की को होटल से वापस उसके घर छोड़ता था।

**महक यादव** - देह व्यापार गैंग का संचालन करती है। कस्टर से डील फाइनल होने के बाद अकाउंट में ऑनलाइन पैसे लेती थी। साथ ही, लड़कियों के संपर्क में रहती थी।

# ग्रीन बेल्ट इलाके में फेंका मलबा, जुर्माना ठोका

**भोपाल ▪ एजेंसी**

राजधानी में सोमवार को नगर निगम की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई की। जवाहर चौक में सड़क किनारे ट्रैफिक जाम कर रहे हाथ ठेलों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। वहीं, ग्रीन बेल्ट इलाके में मलबा फेंकने पर जुर्माना किया गया। 9 प्रकरण में 20 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। 10 पशुओं को कांजी हाउस में भी भेजा गया। इधर, दाना पानी कचरा ट्रांसफर स्टेशन का काम देखने वाली कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना किया गया।

निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने सोमवार को अरेरा कॉलोनी, त्रिलंगा, दानापानी रोड आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड-48 के ई-7/640 के निर्माणाधीन भवन का सीएंडडी वेस्ट सड़क पर फेंकने वाले ठेकेदार शाहनवाज अंसारी पर 5 हजार रुपए, ई-7/641 के भवन स्वामी द्वारा घर के बाहर कचरा फेंकने पर 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। वार्ड-50 के होटल रेडिसन से दानापानी रोड पर भवन निर्माण सामग्री का व्यवसाय करने वाले 6 व्यवसायियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 11 हजार और सड़क पर सीएंडडी वेस्ट फेंकने पर पंजाब नेशनल बैंक से 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया। दानापानी कचरा ट्रांसफर स्टेशन का कमिश्नर ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सूखे कचरे वाले नीले कंटेनर से गंदगी बहने और परिसर में गंदगी पर मिलने पर वे नाराज हो गए।

**खुलासा** रेलवे की यह रिपोर्ट पिछले फरवरी-मार्च की है, ऑक्यूपेंसी और पंक्चुअलिटी में भी आगे

# भोपाल से दिल्ली के लिए वंदेभारत से ज्यादा शताब्दी बेहतर

**भोपाल ▪ एजेंसी**

भोपाल से दिल्ली जाने वाले रेल यात्रियों को इन दिनों वंदे भारत से ज्यादा शताब्दी एक्सप्रेस पसंद आ रही है। यह हम इसलिए कह रहे हैं कि शताब्दी की ऑक्यूपेंसी वंदेभारत से बेहतर है। पिछले दो महीने की बात की जाए, तो गाड़ी संख्या 12002 नई दिल्ली से रानी कमलापति शताब्दी एक्सप्रेस की ऑक्यूपेंसी 135 प्रतिशत है। वहीं 12001 रानी कमलापति से नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस की ऑक्यूपेंसी 117 प्रतिशत है। वहीं, वंदेभारत की ऑक्यूपेंसी की बात की जाए, तो इसकी क्रमशः 112 व 94 प्रतिशत है। बता दें कि रेलवे की यह रिपोर्ट पिछले दो महीने फरवरी और मार्च की है।

**अधिक हॉल्ट और टाइमिंग है कारण :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ऐसा नहीं है कि वंदे भारत की ऑक्यूपेंसी कम है, उसकी ऑक्यूपेंसी बहुत बेहतर है। मगर, शताब्दी की ऑक्यूपेंसी अधिक इसलिए है कि इसकी टाइमिंग और हॉल्ट अधिक हैं। जैसे, वंदे भारत आरकेएमपी से चलकर रास्ते में सिर्फ तीन स्टॉप पर ही हॉल्ट लेती है। वहीं, शताब्दी 9 स्टॉप हैं। इसके अलावा, वंदे भारत आरकेएमपी से जल्द सुबह निकलती है। वहीं, शताब्दी दोपहर में होने के कारण इसमें अधिक लोग सफर कर पाते हैं।




**पंक्चुअलिटी में वंदे भारत आगे :** दोनों ट्रेन में पंक्चुअलिटी की बात की जाए, तो इसमें वंदे भारत आगे है। पिछले 6 महीने की पंक्चुअलिटी में वंदे भारत गाड़ी संख्या 20171 आरकेएमी से हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत 84.4 % है। इसी तरह 20172 हजरत निजामुद्दीन से आरकेएमपी वंदेभारत 71.6 %, वहीं गाड़ी संख्या 12002 नई दिल्ली से आरकेएमपी वंदे भारत एक्सप्रेस की पंक्चुअलिटी 36.4 % है। गाड़ी संख्या 12001 रानी कमलापति से नई दिल्ली शताब्दी 29.6 प्रतिशत रही है। बताया जा रहा है कि गाड़ी संख्या 12002 नई दिल्ली से आरकेएमपी जनवरी महीने में सिर्फ 4 प्रतिशत ही रह गई थी।

### मप्र में चल रही सभी वंदे भारत की रिपोर्ट

निजामुद्दीन से चलकर भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) आने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस पंक्चुअलिटी के पैरामीटर पर फेल है। रीवा से चलकर आरकेएमपी आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ऑक्यूपेंसी के पैरामीटर्स पर खरी नहीं उतरी। यह खुलासा आरकेएमपी, निजामुद्दीन, इंदौर, रीवा और नागपुर के लिए चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की स्टेटस पड़ताल में हुआ है। रेलवे निजामुद्दीन और रीवा से आरकेएमपी के लिए चलने वाली दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस की पंक्चुअलिटी और ऑक्यूपेंसी में पिछड़ने की वजह बीते महीने तक दिल्ली और रीवा में पड़े कोहरे को मान रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक निजामुद्दीन-आरकेएमपी वंदे भारत की बात की जाए तो इसकी ऑक्यूपेंसी प्रदेश भर में चल रही सभी वंदे भारत में सबसे अधिक करीब 112 प्रतिशत रही। वहीं, पिछले 2 महीने में पंक्चुअलिटी के मामले में यह ट्रेन फेल रही।

घटना के वक्त घर पर कोई भी नहीं था, आरोपी भाग निकला

## चाचा बना हैवान : छह साल की भतीजी की गला काटकर हत्या

**सागर ▪ एजेंसी**

जिले के खुरई नगर के शिवाजी वार्ड में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सगे चाचा ने अपनी छह साल की मासूम भतीजी की हसिए से गर्दन में वार कर नृशंस हत्या कर दी। घटना के समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया है।

कहते हैं कि कन्याएं देवी का रूप होती हैं और यही वजह है कि हिंदू धर्म में नवरात्रि मैं नौ दिनों तक कन्याओं का पूजन किया जाता है, लेकिन खुरई मैं यह घटना सामने आई है। मृतिका के पिता राजेश अहिरवार ने बताया कि उसकी दो बच्चियां हैं। तनु बड़ी बच्ची और एक इससे छोटी बच्ची है। सोमवार को किस्त भरना थी, इसके लिए वह अपनी दोनों बच्चियों और पत्नी




के साथ बैंक से रुपए निकालने के लिए घर से निकला था। इसी बीच उसके भाई भारत अहिरवार ने अपनी भाभी से कहा कि तनु को छोड़कर चली जाओ उसे बाजार ले जाना है। इसके बाद मेरी पत्नी ने तनु को उसके चाचा के भरोसे छोड़ दिया।

**खून से लथपथ पड़ी थी :** जब बैंक से रुपए निकालकर घर लौट रहे थे तो रास्ते में पड़ोसी दौड़ते हुए आए और कहने लगे कि तुम्हारी बच्ची की हत्या कर दी गई है। जब घर पर पहुंचे तो बच्ची खून से लथपथ पड़ी हुई थी। घटना की जानकारी खुरई शहरी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी सचिन परते, थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। पिता ने बताया कि भाई ने भतीजी की हत्या क्यों कर दी। इसका कारण तो अज्ञात है। घटना की जानकारी एफएसएल और डॉग स्क्वाड टीम को भी दी गई है।

### एक दिन पहले ही आया था आरोपी चाचा

बताया गया कि आरोपी भारत अहिरवार राजकोट गुजरात में मजदूरी का काम करता था। वह राजकोट से रविवार को ही अपने घर वापस आया है। बच्ची की हत्या करने का आरोपी ने पहले ही मन बना लिया था। हत्या करने के इरादे से ही उसने पहले बहाने से भतीजी को बाजार का कहकर रुकवा लिया और उसने बाजार से नया हसिया लाकर उसकी हत्या कर डाली। खुरई एसडीओपी सचिन परते ने बताया कि सगे चाचा ने अपनी ही भतीजी की हत्या कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। हत्या किस वजह से की गई है, इसका कारण अभी अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पति की हत्या कर प्रेमी की मदद से शव को छिपाया

**अनूपपुर ▪ एजेंसी**

शहर के राजेंद्र ग्राम में कोर्ट ने पति की हत्या करने वाली महिला को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही लाश छिपाने में मदद करने वाले प्रेमी को भी पांच साल की सजा सुनाई है। महिला को हत्या और उसके प्रेमी को लाश छिपाने में सहायक होने का दोषी पाया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश पवन शंखवार की कोर्ट ने तीन साल पुराने अमरकंटक थाना क्षेत्र के इस मामले में देवंतीबाई पति सुखराम सिंह को हत्या का दोषी करार दिया। इसके साथ ही 27 वर्षीय शिवकुमार पुत्र अंगद सिंह धुर्वे को शव छिपाने में सहायता करने का दोषी करार दिया था। देवन्तीबाई को उम्रकैद एवं तीन हजार रुपये अर्थदण्ड, वहीं शिव कुमार को पांच साल का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि घटना 27 दिसम्बर 2021 की है। दुआरी घाटा बंजारी मंदिर के पास बिलासपुर जंगल रोड के किनारे गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति का अधजला शव मिला था। पैर बंधे हुए थे। दाहिने आंख कनपटी और मुंह में चोट थी। सिर के बाल व चेहरा जला हुआ था। थाना अमरकंटक में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 302, 201 भादंवि पंजीबद्ध की गई। विवेचना के दौरान शव से प्राप्त कपडे को देख मृतक की पत्नी देवंतीबाई ने शव को अपने पति सुखराम का होना बताया। संदेह पर देवंतीबाई से पूछताछ पर पति सुखराम की हत्या करना व शिवकुमार के साथ शव वाहन से दुआरीघाट ले जाकर शव के चेहरे पर कपडा रखकर जलाना बताया।

गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

## मौत का बोरवेल खोदने वाला खेत का मालिक गिरफ्तार

**रीवा ▪ एजेंसी**

जिले के त्योंथर स्थित मनिका गांव में बोरवेल में गिरने के बाद 6 वर्षीय मयंक की मौत के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को खेत मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले दो अफसरों को निलंबित किया जा चुका है।

बता दें कि तीन दिन पूर्व 6 वर्षीय मासूम मयंक खेत में खेलते वक्त खुले बोरवेल में जा गिर गया था, जिसके बाद 46 घंटे का रेस्क्यू अभियान चलाया गया था, लेकिन इसके बाबजूद बोरवेल में फंसे मयंक की जान नहीं बचाई जा सकी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए जनपद सीईओ सहित पीएचई विभाग में पदस्थ SDO को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। अब जिस खेत में बोरवेल था, उसके मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि शुक्रवार दोपहर 3 बजे 6 वर्षीय मासूम बच्चा मयंक आदिवासी घर से कुछ दूर गेहूं के खेत में अपने दोस्तों के साथ खेलने गया था, इसी दौरान वह खेत में खुले एक बोरवेल में जा गिरा था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन दी थी। प्रशासनिक टीम ने SDERF और NDRF की टीम को मौके





पर बुलाया था। 46 घंटे चले बचाव कार्य के बाद मयंक को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थी।

घटना के बाद सीएम मोहन यादव ने रविवार को बडा एक्शन लिया था। उन्होंने जनपद सीईओ राहुल पाण्डेय और त्योंथर पीएचई SDO आनंद तिवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। वहीं मामले पर अब पुलिस ने उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की है जिसने अपने खेत में मौत का बोरवेल खोदकर रखा था। पुलिस प्रशासन ने बृजेंद्र हीरामणि मिश्रा के खिलाफ गैर इरादातन हत्या की धारा 304 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस धारा के तहत आरोपी को 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारवास तक की सजा हो सकती है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने किसान और अन्य लोगों से अपील की है कि वे बोरवेल को खुला न छोड़ें अगर ऐसा करना पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महाअष्टमी के पुष्य नक्षत्र में पर्चा भरेंगे ज्योतिरादित्य सिंधिया

**गुना ▪ एजेंसी**



लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों के नेता चुनाव प्रचार में लगे है। कई लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन भरे जा रहे हैं। वहीं कई नेता नामांकन फॉर्म भरने के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की गुना लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 16 अप्रैल को नवरात्रि की महाअष्टमी के पुष्य नक्षत्र में वे नामांकन दाखिल करेंगे।

दरअसल विश्व विख्यात श्री विद्या साधक एवं ज्योतिषाचार्य श्रीजी रमण योगी महाराज 'साइंटिस्ट बाबा' ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को नामांकन दाखिल करने की शुभ घड़ी बताई है। उन्होंने बताया है कि पुष्य नक्षत्र की शुरुआत 16 अप्रैल को सुबह 3 बजकर 5 मिनट से होगा। यह मुहूर्त पूरे दिन रहेगा। पुष्य नक्षत्र को ऋग्वेद में वृद्धिकर्ता, मंगलकर्ता और आनंदकर्ता कहा गया है। धार्मिक अनुष्ठानों के लिए इस योग का चयन श्रेष्ठ माना जाता है।

## ई-रिक्शा चालकों के एक दिन में काटे 165 चालान

**सागर ▪ एजेंसी**

शहर में ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्ती अपनाई है। 165 ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई है।

उज्जैन पुलिस इन दिनों लापरवाह वाहनचालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अब तक 165 ई-रिक्शा चालकों पर चालानी कार्यवाही कर चुकी है। रॉन्ग साइड वाहन चलाने और नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर भी चालान काटे गए हैं। शहर में संचालित होने वाले सवारी ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा चालक व अन्य वाहन लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। बिना फिटनेस परमिट के वाहन चलाने और सवारियों के साथ भी दुर्व्यवहार के मामलों के साथ ही बेतरतीब वाहन चलाने पर पुलिस ने सख्ती दिखाई और कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने सवारी ऑटो चालकों एवं ई-रिक्शा वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। आवश्यक दस्तावेजों की जांच और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी प्रभावी कार्रवाई करने समस्त थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारीगण व यातायात पुलिस द्वारा अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुए शहर के समस्त ई–रिक्शा व ऑटो चालकों के आवश्यक दस्तावेजों, यूनिफॉर्म को चैक किया गया कमी पाई जाने पर कुल 165 चालकों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 86,000 रू का समन शुल्क शासन कोष में जमा किया गया।

**रांग साइड पार्क करने पर हुई कार्यवाही :** वाहन क्रमांक MH-13GA-3606 वाहन मालिक मुकेश उज्जैन द्वारा हरिफाटक चौराहे पर अपने वाहन को रांग साइड पार्क किया हुआ था, जिससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था व आवागमन प्रभावित हो रहा था। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चालक के विरुद्ध धारा 122/177 एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई। वाहन क्रमांक MH-13ZD-6056 वाहन मालिक अंसर खान उज्जैन द्वारा हरिफाटक चौराहे पर अपनी बस को बस स्टॉप से पृथक स्थान पर खड़ा कर सवारी उतारी व बैठाई जा रही थी। इससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था व आवागमन प्रभावित हो रहा था, इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बस चालक के विरुद्ध धारा 122/177 एम.वी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई।

## किला घूमने आए पर्यटकों पर मधुमक्खियों का हमला

**बुरहानपुर ▪ एजेंसी**

जिले का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो आसिरगढ़ किले का है। यहां बड़ी संख्या में बाहर के पर्यटक घूमने आते हैं। शुक्रवार की शाम यहां पर कुछ ऐसा हुआ कि पर्यटकों की जान सांसत में फंस गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम इस पुराने किले में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। इस दौरान किसी ने मधुमक्खी के छते पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर फेंकने के बाद मधुमक्खी पर्यटकों पर टूट पड़े। मधुमक्खियों ने पर्यटकों को डंक मारना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर तीन मिनट का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि झुंड में उड़ रहे मधुमक्खी कैसे पर्यटकों पर हमला कर रहे थे। लोग बचने के लिए भागते दिखे हैं। इस दौरान लोग यह भी कह रहे हैं कि जान बचाओ रे। कुछ लोग अपनी गाड़ियों में छुप रहे थे तो कुछ कपड़ों की आड़ में बचने की कोशिश कर रहे थे। वहीं मधुमक्खियों के हमले के बाद आसिरगढ़ किले में अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हर ओर लोग जान बचाने के लिए भाग रहे थे। इसके बावजूद 25 लोग मधुमक्खियों के डंक से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि इनमें आठ लोगों की स्थिति खराब है?

# उत्तर प्रदेश

फतेहपुर में भड़कीं साध्वी निरंजन ज्योति

## सपा संस्कारविहीन पार्टी, मायावती अब दिन में सपने देखना बंद करें

**फतेहपुर ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल बीजेपी से लेकर विपक्ष की सपा, बसपा और कांग्रेस के साथ अन्य दलों के नेताओं का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर बयानबाजी का दौर जारी है। सोमवार को फतेहपुर में बीजेपी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद निवर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मीडिया से बातचीत की। समाजवादी पार्टी की मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी रुचि वीरा सिंह के भाजपा प्रत्याशी को भेड़िया कहकर उनका शिकार करने के बयान पर साध्वी निरंजन ज्योति ने जमकर हमला किया।

फतेहपुर लोकसभा सीट से तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने साध्वी निरंजन ज्योति को



उम्मीदवार बनाया है। सोमवार की दोपहर साध्वी ने शहर के नसीरपुर रोड स्थित एक गार्डन में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान बीजेपी के चुनावी संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताईं। सपा से मुरादाबाद की प्रत्याशी रुचि वीरा सिंह ने मंच से इसी सीट के भाजपा प्रत्याशी का बगैर नाम लिए ही भेड़िया कहा। इतना ही नहीं रुचि वीरा ने कहा कि इस भेड़िए का मैं शिकार करने आई हूं। मीडिया के इस सवाल के जवाब में साध्वी ने सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि सपा संस्कार विहीन पार्टी है। ये गंगा मां को चुड़ैल, भारत मां को डायन और राम को अय्यास बोल सकते है। इनसे देश की जनता का कैसे भला हो सकता है।

**संविधान से बढ़कर कुछ नहीं :** यूसीसी पर मेरठ के निवर्तमान सांसद डॉक्टर एसटी हसन के कुरान और शरीयत वाले बयान पर साध्वी ने कहा कि भाजपा किसी धर्म विशेष पर टिप्पणी नहीं करती है। उन्होंने कहा, जिसका जो मजहब है उसी के अनुसार वह आस्था रखता है। उन्होंने कहा कि देश में संविधान से बढ़कर कुछ नहीं है। ऐसे अनाप-शनाप की बयानबाजी से जनता को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। आने वाले चुनाव में जनता इन्हें जवाब देने के लिए तैयार खड़ी है। साध्वी निरंजन ज्योति ने बीते दिनों बसपा सुप्रीमो मायावती के चुनावी जनसभा को संबोधित करने के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के सवाल पर तंज करते हुए कहा कि मायावती दिन में सपने देख रही है।

## औकात में रहो : सपा प्रत्याशी पुलिसवालों पर भड़क उठीं

**मुरादाबाद।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी सीटों पर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। एक-दूसरे पर जुबानी हमले बोल रहे हैं। प्रत्याशी शब्दों की मर्यादा को भी तार-तार करने से नहीं चूक रहे हैं। इस बीच, मुरादाबाद सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह साफतौर पर पुलिस को धमकाते हुए दिखाई दे रही हैं। वायरल वीडियो मैं साफ-साफ सुना जा सकता है कि रुचि वीरा पुलिस से कह रही हैं कि तुम अपनी औकात में रहो। रविवार को सपा प्रत्याशी रुचि वीरा की गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा थी। लोगों को संबोधित करते हुए रुचि वीरा का गुस्सा फूट पड़ा और पुलिस पर बिफर पड़ीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को हटाया जा रहा है। पुलिस अधिकारी अपनी औकात में रहो। तुम मेरे वोटर्स को रोक नहीं पाओगे। ये लंबी-लंबी लाइनें लगाएंगे। तुम (पुलिस) बीजेपी एजेंट बनने का काम मत करो। दलाल बनने का काम मत करो। तुम जनता के सेवक हो, तुम्हारी जिम्मेदारी है न्याय करना, तुम अपनी नौकरी से वफादारी नहीं कर रहे हो, तुम देश के साथ वफादारी नहीं कर रहे हो।

**सर्वेश सिंह पर हमला बोला, कहा- भेड़िए का शिकार करूंगी :** रुचि वीरा ने चुनावी जनसभा के दौरान बीजेपी प्रत्याशी सर्वेश सिंह पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि लोगों पर झूठे मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। मैं भेड़िए का शिकार करूंगी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मेरा मायका है और बिजनौर मेरी ससुराल है। मेरे परिवार में हिंदू-मुस्लिम को कभी अलग-अलग नजर से नहीं देखा गया है। बीजेपी सरकार आजम खान को जेल में डाल रखा है। उन्होंने कहा कि जो बीजेपी के खिलाफ मुंह खोलता है, उस पर कार्रवाई कर देते हैं।

बसपा प्रत्याशी आबिद अली को नोटिस

## पहले बोला- आंवला का मालिक हूं सांसद को बताया टायर पंक्चरवाला

**बरेली ▪ एजेंसी**



आंवला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप पर विवादित बयानबाजी के आरोप में बसपा प्रत्याशी आबिद अली को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने नोटिस जारी कर उनसे 48 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि जवाब न मिलने व संतोषजनक न होने पर आचार संहिता उल्लंघन में कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल आंवला संसदीय क्षेत्र के गांव मनौना में बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने सभा को संबोधित किया था। इस सभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें आबिद अली कह रहे हैं कि मैं आंवला का मालिक हूं। आंवला की सीमा में घुसने को तरस जाओगे। तुम्हारी गाड़ी बिना हमारी मर्जी के आंवला की सड़कों पर चल नहीं पाएगी कश्यप जी...। वह आगे होश में रहने की बात कहते हैं। यह भी कहा कि धर्मेंद्र कश्यप तुम अब सांसद नहीं हो तुम भी प्रत्याशी हो और हम भी प्रत्याशी हैं। आबिद अली ने भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की।

**नोटिस में ये कहा गया :** बसपा प्रत्याशी की बयानबाजी पर रिटर्निंग ऑफिसर/मुख्य विकास अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि 10 अप्रैल को गांव मनौना में एक नुक्कड़ सभा की गई थी, जिसमें आबिद अली द्वारा भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के विरूद्ध व्यक्तिगत टिप्पणी नसबंदी करने, तुम अच्छे खानदान से नहीं हो, तुम टायर पंचर वाले हो, आंवला के मालिक हम हैं, तुम्हारी गाड़ी घुसने नहीं देंगे आदि टिप्पणी की गई है। उपरोक्त व्यक्तिगत टिप्पणी आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध हैं। इस संबंध में बसपा प्रत्याशी से 48 घंटे में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर आचार संहिता के तहत उन पर कार्रवाई हो सकती है।

## एमए छात्रा से रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपए की ठगी

**बांदा ▪ एजेंसी**

रेलवे के कर्मचारी ने एक एमए की छात्रा को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपये ठग लिए। जब ज्वॉइनिंग लेटर नहीं आया तो छात्रा ने रेलवे कर्मी से अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन वह टाल मटोल करता रहा। ऐसे में वो अपने रुपये लेने छात्रा उसके घर पहुंच गई। जहां रेलवे कर्मी के बेटे ने कमरा बंद कर उसके साथ अश्लील हरकतें की। किसी तरह से बचकर निकली छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कंचन पुरवा मोहल्ले की रहने वाली छात्रा ने अतर्रा कोतवाली पुलिस को दी है। तहरीर में बताया कि अतर्रा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तुर्रा निवासी उमाकांत त्रिपाठी रेलवे में नौकरी करता था, जिससे वह पूर्व से परिचित है। आरोपी ने रेलवे में नौकरी दिलाने की बात कही थी और इसके एवज पांच लाख रुपए मांगे थे। मैंने उन्हें एक साल पहले ढाई लाख रुपए दे दिए थे। ज्वॉइनिंग लेटर मिलने के बाद ढाई लाख रुपये और देने की बात कही थी। जब कई महीने गुजर गए और ज्वाइनिंग लेटर भी नहीं मिला, तब उससे मैंने अपने ढाई लाख रुपए वापस मांगे। इस पर उसने कहा कि मैं रिटायर हो चुका हूं। फिलहाल मैं तुम्हारे रुपये वापस नहीं कर सकता है।

### घर में बेटे ने की अश्लील हरकत

पीड़िता ने बताया, रेलवेकर्मी के रुपये वापस देने से मना करने पर मैं उसके घर गई थी। घर में रेलवे कर्मी उमाकांत त्रिपाठी का बेटा मुकेश मौजूद था, जिसने कमरा बंद करके मेरे साथ अश्लील हरकतें की। किसी तरह से मैं वहां से बचकर निकल सकी। अतर्रा कोतवाली पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी और छेड़छाड़ की गंभीर धाराओं में रविवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। इस बारे में अतर्रा पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज करने के बाद जांच की जा रही है। जल्दी ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## चार माह की बच्ची को लेकर लगा ली आग, दोनों की मौत

**हमीरपुर ▪ एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में सोमवार को घरेलू विवाद के चलते युवती ने अपनी चार महीने की मासूम बच्ची को सीने से लगाकर आग के हवाले कर दिया। आग की लपटों में दोनों बुरी तरह से झुलस गए। पड़ोसियों की मदद से मां और बच्ची को आनन-फानन इलाज के लिए नजदीक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर दोनों को उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हमीरपुर के मुस्करा थाना क्षेत्र के अलरा गौरा गांव के पहाड़ी डेरा निवासी किरन (26) पत्नी उत्तम सिंह राजपूत ने सोमवार को बच्ची के साथ आत्महत्या कर ली।किरन ने मासूम बच्ची को सीने से चिपकाकर आग लगा ली, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। मेडिकल कॉलेज में नाजुक हालत में पहुंची मां और बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने





शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

**मां बोली- खुश थी बेटी :** घटना की जानकारी होते ही मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। मृतका की मां गौहरारी महोबा निवासी सुखवती पत्नी भगवान सिंह राजपूत ने बताया कि बेटी किरन की शादी चार साल पहले उत्तम सिंह के साथ की थी। बेटी अपने घर में खुश थी, लेकिन पता नहीं इतना बड़ा खौफनाक कदम उसने क्यों उठा लिया। इधर मुस्करा थाना प्रभारी शशि पाण्डेय ने बताया कि घटनास्थल पर उपनिरीक्षक गौरव चौबे पुलिस बल के साथ मौजूद है। पुलिस परिवार वालों के आने का इंतजार कर रही है। बताया कि तहरीर मिलते ही एक्शन लिया जाएगा।

### बच्ची का होना था मुंडन संस्कार

मृतका किरन की मां सुखवती ने बताया कि बेटी अभी मायके से दो दिन पहले ही ससुराल विदा होकर गई थी। आज नातिन आराध्या का मुंडन संस्कार बल्लाय गांव के पास देवी मंदिर में होना था। घर में मुंडन संस्कार की तैयारी भी चल रही थी, तभी ये घटना हो गई। मां और मासूम बच्ची की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है। घटना के बाद से ही पति मौके से फरार है, जिसकी तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।

**घर से भाग गया पति :** घर में मामूली विवाद के बाद किरन ने अपनी मासूम बच्ची को लेकर आग लगा ली, जिससे दोनों आग की लपटों में झुलसने लगे। दिल को झकझोर करने वाली घटना के समय उत्तम सिंह घर में ही मौजूद था, लेकिन दोनों को बचाने के बजाय घर से ही भाग गया। मुस्करा अस्पताल में तैनात डॉ. मनुलिका वर्मा ने बताया कि मां और बच्ची अस्सी फीसदी झुलसे है। हालत दयनीय होने पर दोनों को रेफर किया गया था।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नागर ने नामांकन दाखिल किया, पूर्व सीएम चौहान बोले-

# सनातन धर्म का विरोध करने वालों को सबक सिखाना है

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सांसद रोडमल नागर के नामांकन दाखिल करने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री नारायणसिंह पवार, गौतम टेटवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर द्वारा हेलीपैड पर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

सीधे नामांकन फॉर्म भरवाने के लिए लोकसभा प्रत्याशी नागर के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां नामांकन फॉर्म कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया।

इसके तुरंत बाद नामांकन सभा स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश वीडी शर्मा का मालवा की पगड़ी पहनाकर एवं बड़ी माला से उनका स्वागत किया गया। स्वागत के तुरंत बाद नामांकन सभा को मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अभी आते समय में हेलीकॉप्टर से देख रहा था कि अप्रैल के महीने में भी मोहनपुरा तालाब भरा हूआ है। राजगढ़ जिले की एक-एक इंच भूमि को सिंचित करने का पूरा श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मेहनत को जाता है। जो राम को नहीं मानते हैं जो राम के मंदिर का विरोध करते है ऐसे लोगों को सबका सीखना है।

मुख्यमंत्री ने कहा पहले भी मैं कार्यकर्ता को संबोधित कर चुका हूं इसलिए मुझे अर्जेंट उत्तरप्रदेश के सैफई में एक सभा को संबोधित करने के लिए जाना था।

**नामांकन सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि** - भाजपा के कार्यकर्ता 7 मई को राजगढ़ में इतिहास लिखने जा रहा है। राजगढ़ का चुनाव साधरण चुनाव नहीं है। देश की जनता ने तय कर लिया है कि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण मोदी सरकार ने किया है। 500 साल पुराना सपना पूरा किया है। राजगढ़ जिले में एक ऐसा आदमी है जिसके पेट में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दर्द होता है। जिन लोगों ने राम मंदिर का बहिष्कार किया राजगढ़ की जनता ऐसे लोगों का चुनाव में बहिष्कार करेगी। मेरे भाईयों- बहनों राजगढ़ की धरती पर श्रीराम का अपमान कराने वाले नहीं चलेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनता की सेवा, बहनों- बेटियों- माताओं की सेवा के लिए ही हर बार जन्म लूं यही प्रार्थना करता हूं नवरात्रि के पावन पर्व पर्व पर। कांग्रेस के उम्मीदवार ने कहा बेटियों के चरण धोना पाखंड है। मैं तो बेटियों के पैरों को धोकर ही अपने दिन की शुरुआत करता हूं। मेरा सवाल उनसे है जो 300 से ज्यादा फॉर्म भरवा रहे थे, शिवराज सिंह चौहान। जो व्यक्ति 10 साल मुख्यमंत्री रहा, किसानों के खेतों में एक भी दिन पानी नहीं दिया, सड़कों की हालत खराब थी, एक सड़क सही नहीं करवा पाए। सिर्फ एक ही काम किया था मध्य प्रदेश को बीमारु बनाकर रख दिया। मध्य प्रदेश की जनता को आपस में लड़ाने का काम किया। हमने तो सिर्फ विकास कराने का काम किया। राजगढ़ जिले के किसी भी गांव चले जाओ सड़क हमने बनाई है। बड़े-बड़े डैम हमने बनवाए हैं, मेडिकल कॉलेज हमने बनवाए हैं।




## जिन्होंने 10 साल में मध्यप्रदेश का कुछ नहीं किया वो सांसद बनाकर क्या करेंगे

एक तरफ अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर पूरे देश में खुशियां मनाई जा रही थी, लेकिन एक तरफ एक पार्टी आशु बाहर आई थी विरोध जाता रही थी। ऑन रिकॉर्ड फरमान जारी कर दिया। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी शामिल नहीं होगी। कांग्रेस की विनाश काले विपरीत बुद्धि। एक तरफ कांग्रेस पार्टी के बड़े-बड़े नेता अपना क्षेत्र छोड़- छोड़ कर भाग रहे हैं। सोनिया गांधी रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ रही है, राहुल गांधी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, राहुल गांधी रणछोड़ दास बन रहे हैं। मैं शिवराज सिंह चौहान चुनाव लड़ा रहा हूं, चार बार मुख्यमंत्री रहा, सांसद रहा पार्टी ने फैसला किया लोकसभा चुनाव लड़ने का तो लड़ रहा हूं। डंके की चोट पर जीतूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अद्भुत भारत खड़ा हो गया है। मोदीजी के नेतृत्व में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आप 2024 के चुनाव में मोदीजी के नेतृत्व में फिर विश्व की सबसे बड़ी तीसरी शक्ति बनने जा रहे हैं भारत को। लाड़ली बहनों सुन लेना अभी तो लाड़ली योजना आगे चलकर लखपति लाड़ली बहन योजना भी बना कर छोड़ेंगे हम। मुझे गर्व है मैंने लाडली बहना योजना बनाई, योजना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगे बढ़ाया। जिंदगी का मिशन बहनों की आंखों में आंसू नहीं होंगे, वह भी मुस्कुराए समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़े। सनातन धर्म के विरोध करने वाले लोगों को सबक सिखाना है तो मोदीजी के गले में राजगढ़ जिले की माला भी पहुंचने का काम आप कार्यकर्ता को करना है। राजगढ़ की पांचों सीटों को जीतने पर कार्यकर्ताओं को प्रणाम करता हूं। गौरवशाली, समृद्धशाली भारत देश के लिए कमल का बटन दबाकर भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प ले। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें। लोकसभा प्रत्याशी सांसद रोडमल नागर, मंत्री नारायण सिंह पवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, विधायक हजारीलाल दांगी, विधायक अमरसिंह यादव, विधायक प्रियंका पेची ने भी नामांकन सभा को संबोधित किया। 7 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा में उपस्थित पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, पूर्व विधायक हरिचरण तिवारी, पूर्व विधायक बद्रीलाल यादव, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, निर्मल जैन, केदार काका, मोना सुस्तानी, नीलम सक्सेना सहित जिले भर के भाजपा कार्यकर्ता हजारों की संख्या में नामांकन सभा में उपस्थित हुए। मोदीजी के 400 पार नारे को संकल्पित करते हुए सभी ने हाथ उठाकर जय जय श्रीराम के नारे लगाए।

**विशेष सुविधा : अब 85 साल या अधिक के वृद्ध मतदाता को भरना होगा 12 डी का फॉर्म**

# फॉर्मों की होगी जांच दिव्यांग-बुजुर्ग घर बैठे कर सकेंगे मतदान

राजीव टाइम्स ■ सारंगपुर

घर बैठे मतदान की सुविधा पाने के लिए दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता को इस सुविधा को पाने के लिए पहले 12डी फॉर्म का आवेदन करना होगा। राजगढ़ जिले के संसदीय क्षेत्र में अगले दो से तीन दिन में मतदाताओं के घर पर इस प्रकार के फॉर्म पहुंचाने की शुरूआत होगी। उक्त जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सारंगपुर एसडीएम संजय उपाध्याय ने बताया कि निर्वाचन कार्यालय को आवेदकों की तरफ से भरे गए इस फॉर्म को इसी माह निर्वाचन आयोग को भेजना है। निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी वृद्ध व दिव्यांग मतदाता को घर बैठकर वोट देने की सुविधा दी है। इस सुविधा में पहले 80 वर्ष की उम्र वाले मतदाता शामिल थे, अब इनको बढ़ाकर 85 कर दिया। इस वर्ग में उन मतदाताओं को ही ये सुविधा मिलेगी जो बीएलओ से फॉर्म 12डी लेकर भरेंगे। इसको जमा करने के बाद इनकी जांच की जाएगी। इसके बाद मंजूरी मिलने पर ही घर बैठकर मतदान की सुविधा मिलेगी।

### 7 मई को होगा मतदान

एसडीएम उपाध्याय ने बताया कि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में तीसरे चरण मंद चुनाव होने हैं। संसदीय क्षेत्र में 12 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और मतदान 7 मई को होगा। मतगणना 4 जून को की जाएगी। इसके तीन दिन पहले दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता को मतदान की सुविधा दे दी जाएगी। इसके लिए ही पूरी कयावद प्रशासनिक स्तर पर भी जारी है।

### दिव्यांगों को देना होगा प्रमाणपत्र

एसडीएम उपाध्याय ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को इस विशेष सुविधा का लाभ लेने के लिए 12डी फॉर्म भरने के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता का भी प्रमाणपत्र देना होगा। तब कहीं जाकर दिव्यांग मतदाता लोकसभा चुनाव में दी गई इस विशेष सुविधा का लाभ वह उठा पाएंगे।



**यह सुविधा 85+ वाले बुजुर्गों के लिए रहेगी**

पहले घर बैठे मतदान करने वाले बुजुर्ग मतदाताओं की उम्र 80 प्लस थी, लेकिन इस बार आयोग के निर्देशानुसार यह सुविधा 85 प्लस वाले बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रहेगी। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को अपना 40 प्रतिशत विकलांगता का प्रमाणपत्र देना होगा।

● **संजय उपाध्याय,** *सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम, सारंगपुर*

### यह रहेगी प्रक्रिया

- बीएलओ की तरफ से फॉर्म 12डी दिए जाएंगे। इनको देने का क्रम अगले तीन से चार दिन में शुरू हो सकता है।
- मतदाता से फॉर्म भरवाकर बीएलओ इनको घर- घर जाकर लेगा।
- निर्वाचन विभाग इन फॉर्म को मंजूरी के लिए निर्वाचन आयोग को भेजेगा।
- आयोग इनकी जांच के बाद मंजूरी देगा, तब विशेष वर्ग के मतदाता को घर से मतदान की सुविधा मिलेगी।
- होम से वोटिंग की कार्रवाई पांच दिन में पूरी करना होगी।
- जिनके फॉर्म निर्वाचन आयोग रिजेक्ट करेगा, उनको मतदान केंद्र जाकर मतदान करना होगा।
- जिनको घर से मतदान की सुविधा रहेगी, वे मतदान केंद्र जाकर वोट नहीं दे पाएंगे।

# शीतला माता महाआरती हमारे शौर्य और संकल्प का प्रतीक

राजीव टाइम्स ■ गोगावां

गोगावां नगर स्थित अति प्राचीनतम शीतला माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की शीतला माता शौर्य महाआरती सम्पन्न हुई। अति प्राचीनतम शीतला माता मंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान भी नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ मां शीतला सप्तमी पर सम्पन्न हुआ। शीतला माता महाआरती विश्व हिंदू परिषद का एक संकल्प है जो प्रतिवर्ष चैत्र मास की शीतला सप्तमी पर आयोजित होती है, जिसका उद्देश्य शीतला माता मंदिर के सामने अवैध अतिक्रमण के विरोध में की जाती है। गत 20 वर्षों से शीतला माता महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। महाआरती के पूर्व बायपास तिराहे से शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। मुख्य चौराहे पर धर्मसभा का आयोजन किया गया। संतश्री नर्मदे हर बाबा, मुख्य अतिथि प्रांत सत्संग प्रमुख आशुतोष शेखावत, विभाग मंत्री मनोज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश यादव, जिला मंत्री विवेकसिंह तोमर मंच पर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता आशुतोष शेखावत ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शीतला माता महाआरती हमारे शौर्य एवं संकल्प का प्रतीक है। मठ- मंदिरों, संतों एवं गौमाता की सुरक्षा हमारा परम कर्तव्य है। हमारे मंदिरों एवं मंदिरों के सामने अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम कानून व्यवस्था में भरोसा करते हैं, किंतु ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमने बहुसंख्यक होने के पश्चात भी आजादी के 75 वर्ष होने पर श्रीराम मंदिर की प्रतीक्षा करनी पड़ी, किंतु हम अब हमारे सभी मंदिर जो मुगलों एवं आततायियों ने नष्ट किए हैं उनको मुक्त करके उनका नव निर्माण करेंगे। महाआरती की प्रस्तावना जिला मंत्री विवेकसिंह तोमर ने रखी। संचालन विभाग विद्यार्थी प्रमुख हेमेंद्र कानूनगो ने किया। मंदिर समिति के राजेन्द्र पाटीदार, परीक्षित दसौंधी, विष्णु तंवर, लाखन चौहान, रितेश चौहान, जोगेंद्र ठाकुर, रूपेश सोनी, पंकज गुप्ता, लखन कुशवाह, विष्णु तंवर, सदाशिव गुप्ता, विनोद गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष राजू झड़ाने, प्रखंड संयोजक लक्की गुप्ता, मयंक राठौड़, तरूण गुप्ता, दिग्विजय चौहान, राहुल बावने एवं प्रखंड समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। संवेदनशील स्थल होने से जगह- जगह बैरिकेडिंग की गई थी एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद था। धर्मसभा के पूर्व कलेक्टर कर्मवीर शर्मा एवं एसपी धर्मराज मीना ने भी मंदिर एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया।





## मां बगलामुखी मंदिर पर माता रानी का प्रतिदिन हो रहा है मनोहारी श्रृंगार

**नलखेड़ा।** नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर चैत्र नवरात्र के पर्व पर दर्शन करने वाले भक्तों का तांता लगा हुआ है। भक्तों को गर्भगृह के बाहर से माता रानी के दर्शन करवाए जा रहे हैं। मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्त भाग ले रहे हैं। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु माता मंदिर में विशेष हवन - अनुष्ठान कर पूजन भी करवा रहे हैं। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जा रहा है, माता के मनोहारी रूप की एक झलक पाने के लिए भक्त आतुर दिखाई दे रहे हैं। नवरात्र पर्व को लेकर विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। नवरात्र के इन 7 दिनों में 2 लाख से अधिक भक्तों द्वारा माता मंदिर पहुंचकर दर्शन- पूजन कर कई भक्तों द्वारा हवन- अनुष्ठान किया। मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। इसके साथ ही माता रानी की प्रतिदिन होने वाली प्रातः 6 बजे मंगला आरती एवं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर ढोल-नगाड़ों, घंटे-घड़ियाल की धुन पर भक्ति में लीन हो रहे हैं।

## कपालिया में धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**मक्सी।** ग्राम कपालिया में रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ढोल, डीजे के साथ चल समारोह पूरे गांव में निकला। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। राजोरिया मोहल्ले व नई कॉलोनी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। बाबा साहब के विचारों पर चलने की प्रेरणा ली व कहा कि बाबा साहब का देश निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



भैंसवामाता में चल रही कथा

# संपदा नहीं आपदा बांटने के लिए होता है भाई: कथावाचक मनावत

राजीव टाइम्स ■ भैंसवामाता

महर्षि वाल्मीकि ने कहा कि लक्ष्मण रामस्य दक्षिण बाहु। अर्थात श्रीलक्ष्मणजी रामजी की दाहिनी भुजा है। भाई-भाई की शक्ति होता है। भाई-भाई का भरोसा होता है, हिम्मत होता है, ताकत होता है। भाई-भाई का भगवान होता है। महर्षि वाल्मीकि ने यदि भाई को भाई की भुजा कहा है तो निश्चित है कि वह भुजंग नहीं है। वह आस्तीन का सांप नहीं है अपितु उसका सामर्थ्य है। यह विचार मां बिजासन धाम भैंसवामाता में चल रहे 108 कुंडीय शत चंडीय महायज्ञ के दौरान चल रही श्रीराम कथा का वाचन करते हुए पं. श्याम मनावत ने वन गमन की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। आपने लक्ष्मणजी के चरित्र के माध्यम से अत्यंत भावुक कर देने वाली कथा कही।

इस दौरान रामजी के वनवास की अत्यंत कारुणिक कथा कही गई। कहां तो राज्य का सिंहासन मिलना था और कहां जन्मभूमि से निर्वासन मिल गया, परंतु राम सहज ही रहे। क्योंकि प्रभु श्रीराम जानते थे कि कठिन परिस्थिति में भी उनके भाई उनके साथ खड़े रहेंगे। वन में साथ जाने का आग्रह करते हुए लखनलाल ने प्रभु से कहा था कि भगवान किसी को भाई इसलिए नहीं देता कि वे पिता की संपत्ति का आपस में बंटवारा कर लें। अपितु भगवान भाई इसलिए देते है कि वे विपत्ति को आपस में बांट ले। संपदा नहीं आपदा बांटने के लिए भाई होता है। भाई-भाई में दौलत नहीं दर्द बांटा जाता है। जिससे अटूट बंधन हो वही बंधु कहलाता है। लक्ष्मणजी आयोध्या का वैभव छोड़कर रामजी की सेवा में चले गए। संबंधों के आगे सुविधा और संपत्ति गौण हो जाते हैं।

**दिग्विजय सिंह भैंसवामाता में अष्टमी पर करेंगे विशेष पूजा अर्चना** - प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज मां बिजासन धाम भैंसवामाता में अष्टमी के अवसर पर आज तीन घंटे तक रुक कर विशेष पूजा- अर्चना करेंगे और बिजासन के दरबार में चल रहे 108 कुंडीय शतचंडी यज्ञ में भी शामिल होकर धर्मलाभ लिया जाएगा। मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजगढ़ से प्रस्थान कर सारंगपुर विधानसभा में पधारेंगे और करीब पौने तीन बजे भैंसवामाता के दरबार में पहुंचेंगे। इस दौरान करीब तीन घंटे तक भैंसवामात मंदिर में पूजा- अर्चना एवं यज्ञ में शामिल होंगे।



अभा परशुराम सेना द्वारा सर्व ब्राह्मण अधिवेशन

# प्रदेश में परशुराम ब्रिगेड संगठित करेंगे : पं. चतुर्वेदी

राजीव टाइम्स ■ नीमच

प्रदेश में सर्व ब्राह्मण समाज की मध्य प्रदेश परशुराम सेना की अगुवाई में इंदौर से अनूप शुक्ला के नेतृत्व में प्रारंभ की गई। परशुराम सेना ब्रिगेड को संपूर्ण प्रदेश में एकत्रित कर उसे संगठित करेंगे। जो ब्राह्मणों की एकता तथा ब्राह्मण समाज के सामाजिक मुद्दों को लेकर संघर्ष करेगी। उक्त उद्गार अभा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. चतुर्वेदी ने नीमच में परशुराम सेना प्रादेशिक सम्मेलन के संयोजक पं. जयप्रकाश पुरोहित के संयोजन में टाउन हॉल दशहरा मैदान नीमच में आयोजित प्रादेशिक ब्राह्मण सम्मेलन में व्यक्त किए। सम्मेलन के संयोजक पं. जयप्रकाश पुरोहित ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश भर के ब्राह्मण समाज के विभिन्न कार्यरत सभी इकाइयों को संगठित कर ब्राह्मणों की एकता स्थापित करेंगे। प्रारम्भ में कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश संबंधी जानकारी सेना महासचिव डॉ. जीवन कौशिक ने मंच से रखी। स्वागत उद्बोधन पं. पुरुषोत्तम शर्मा ने दिया। मंच पर ब्राह्मण समाज प्रदेश महामंत्री पं. रमाकांत शर्मा, पं. चंद्रशेखर शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ. जीवन कौशिक, डॉ. बालकृष्ण मिश्रा, देवेन्द्र पाणेरि, प्रो. डॉ. संजय जोशी, विनीत दुबे, ओम पुरोहित, नूतन द्विवेदी, रामनिवास शर्मा, अम्बरीष पुरोहित, अमित शर्मा, अर्जुन व्यास, संजय पांडे, गोपाल व्यास, श्याम नागदा, मुकेश नागदा, लाला शर्मा, मनीष शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



खिबनी अभ्यारण — बाघ युवराज का शिकार करते हुए वीडियो कैमरे में कैद हुआ

# कैमरे में कैद हुआ युवराज, खिबनी अभ्यारण में बाघों का कुनबा बढ़ा

राजीव टाइम्स ■ खातेगांव

खिबनी अभ्यारण में बाघ का कुनबा बढ़ा और लगातार बाघ युवराज और बाघिन मीरा के शावक के साथ दीदार हो रहे हैं। बाघ युवराज का शिकार करते हुए वीडियो कैमरे में कैद हुआ, बाघ इन दिनो टूरिस्ट कैंपस के पास नाले और ग्रास लैंड में आसानी से दिखाई दे रहा है। इसके पूर्व पूरा परिवार एक साथ पानी में अठखेलियां करते हुए भी कमरे में कैद हुआ था। बाघ की मौजूदगी खिबनी अभ्यारण में आने वाले पर्यटकों को रोमांचित कर रही है।

बता दें कि खिबनी अभ्यारण में करीब 10 बाघों की मौजूदगी है और कुछ बाघ सीहोर व भोपाल के जंगलों से आते-जाते रहते हैं।

**134.77 वर्ग किमी में फैला है खिबनी अभ्यारण** - खिबनी अभ्यारण देवास जिले के अंतिम छोर पर स्थित है। इसके बाद सीहोर जिले की सीमा लग जाती है। यह 134.77 वर्ग किलोमीटर में फैला है। पूरा वन क्षेत्र बाघों का प्राकृतिक आवास है। खिबनी अभ्यारण को भारत सरकार ने एक सेंसेटिव जोन में शामिल किया गया है। वहीं खिबनी प्रबंधन के लिए ईको विकास समिति को काम दिया गया है। इसमें सरकारी पर्यटकों सुविनेयर शाप का संचालन एवं साफ- सफाई का कार्य शामिल है। इससे गांव के लगभग 15 लोगों को रोजगार मिल रहा है। अभ्यारण में सफारी सुबह 6 से 9:30 व शाम 4:30 से 6:30 तक कराई जाती है। यहां रुकने के लिए कॉटेज भी है जहां ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से रुखा जा सकता है।

**वन्य जीव से भरा हुआ है अभ्यारण-** खिबनी अभ्यारण में बाघों के अलावा तेंदुआ, भालू, लकड़बग्घा, लोमड़ी, चीतल, नीलगाय, चौसिगा, जंगली सूअर जैसे कई वन प्राणी पाए जाते हैं। वहीं 110 प्रजाति के पक्षियों का भी यहां बसेरा है।



**टीम लगातार अभ्यारण में गश्त कर रही है**

अभ्यारण में बाघ की तस्वीर शिकार करते हुए कैमरे कैद हुई है। वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हुआ है। बाघ इन दिनों टूरिस्ट कैंपस के पास दिखाई दे रहे हैं। बाघ को देखकर पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। उनकी सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम लगातार खिबनी अभ्यारण में गश्त कर रही है। प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं है।

● **भीम सिंह सिसोदिया,** *खिबनी परिक्षेत्र अधिकारी, खिबनी अभ्यारण*

**खिबनी अभ्यारण की स्थापना 1955 में हुई थी** - खिबनी अभ्यारण मालवा के पठार एवं विंध्याचल पर्वतमालाओं के मध्य बसा है व देवास और सीहोर जिले में फैला हुआ है। मां नर्मदा की सहायक नदियों जामनेर व बालगंगा नदी का उद्गम स्थल है। वन्य प्राणी अभ्यारण की स्थापना वर्ष 1955 में मध्य प्रदेश के गठन के पूर्व तत्कालीन होलकर शासकों ने वन्य प्राणी संरक्षण के उद्देश्य से की थी। वर्ष 1955 में जारी प्रथम अधिसूचना के अनुसार यह मध्य प्रदेश का प्रथम अधिसूचित अभ्यारण है।

# पानी की तलाश में हिंसक जानवर विचरण करते हैं, ग्रामीणों को अपना ध्यान रखना होगा

राजीव टाइम्स ▪ गंधवानी

अप्रैल माह में बढ़ते तापमान को देखते हुए हिंसक जानवर पानी की तलाश में जंगल से गांव की ओर विचरण करते हैं ग्रामीणों को ध्यान देने की आवश्यकता है। खुद को ही सतर्क रहना होगा। उक्त विचार वन अधिकारी मुकेश वाणी ने ग्रामीणों के बीच रखें। आपने बताया कि तेंदुए जैसे हिंसक जानवरों की एक दिन की रनिंग 26 किलोमीटर तक की होती है। जंगल के रास्ते 26 किलोमीटर की दूरी बहुत अधिक होती है। जिसके कारण हमें उनके पग चिन्ह को खोजना बड़ा मुश्किल होता है। हिंसक जानवर की सर्चिंग में दो से चार दिन भी लग जाते हैं। विगत 15 मार्च को बाग रेंज के



ग्राम बिल्दरी में ग्रामीणों की खबर पर पिंजरा रखा है, लेकिन सफलता नहीं मिली।

**गंधवानी ब्लॉक में दो स्थान पर रखे पिंजरे** ; बाग सब डिवीजन के अंतर्गत कुक्षी, बाग, टांडा, गंधवानी, सरदारपुर आता है। गंधवानी ब्लॉक को तीन भाग में बांट रखा है। बाग टांडा व सरदारपुर। गंधवानी ब्लॉक के ग्राम बिल्दरी व ग्राम बेकल्या में पिंजरा रखा है। बिल्दरी में पिंजरा रखे 28 दिन हो चुके हैं वहीं ग्राम बेकल्या में 11 अप्रैल को पिंजरा रखा गया था। गौरतलब है कि 10 अप्रैल को एक युवक पर हिंसक जानवर ने हमला बोल दिया था जिसका बीच-बचाव करने गए अन्य तीन युवक भी घायल हुए थे।

### गांव-गांव में मुनादी भी करवाई है

हमने ग्रामीणों को समझाइश दी है। साथ ही हमारे स्टाफ के दो लोगों को तैनात किया है। गांव-गांव में मुनादी भी करवाई है। लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सचेत भी किया है। पिंजरा भी रख दिया है। हमें तेंदुए के पग चिन्ह नहीं दिखे हैं, पर जानवर हिंसक था। जो घायल हुए युवाओं की क्षतिपूर्ति व उपचार में लगी रकम का उच्च अधिकारियों को लिखकर भेजा है।

**-धर्मेंद्र शर्मा,** रेंज अधिकारी टांडा

विगत दो दिन पहले ग्राम कनेरी के लोगों ने भी खबर की थी कि हमारे गांव के आसपास खेतों में तेंदुआ दिखाई दिया। गांव वालों ने मांग की कि पिंजरा लगाया जाए। हमने उच्च अधिकारियों को सूचित किया है। पिंजरा आते ही लगा दिया जाएगा।

**-मुकेश वाणी,** रेंज अधिकारी बाग

तख्तियां लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# पुलिस ने रची झूठी कहानी, हमारे गांव के युवाओं को फंसाया

राजीव टाइम्स ▪ शाजापुर

करीब 9 माह पहले हुई पुणे में पदस्थ एक सैनिक की मौत की गुत्थी को पुलिस ने हाल ही में सुलझाया और सेमली के चार लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदान बहिष्कार व उच्च स्तरीय जांच की मांग की तख्तियां लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

गौरतलब है जिले के गांव रूपापुरा के समीप कालीसिंध नदी के किनारे भारतीय सेना के जवान जसवंत सिंह की लाश नौ महीने पहले मिली थी। लंबे समय से चली पुलिस जांच के बाद 23 मार्च को सेमली के चार युवाओं को पुलिस ने सैनिक की हत्या का आरोपी बनाकर जेल भेज दिया। गांव के चारों युवाओं को आरोपी बनाए



जाने के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथों में तख्तियां लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल, सीएम व कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पुलिस ने झूठी कहानी रचकर सेमली गांव के चारों युवकों को फंसाया। हम इस जांच से संतुष्ट नहीं है। अतः मामले की उच्च स्तरीय जांच हो। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक उच्च स्तरीय जांच नहीं होगी तब तक हमारा गांव साहित आसपास के करीब पांच गांवों के लोग लोकसभा चुनाव में मतदान में शामिल नहीं होगा। साथ ही मांग नहीं मानने पर वृहद आंदोलन भी किया जाएगा।

### तो गांव के चौराहे पर गोली मार देना

ग्रामीणों ने पुलिस जांच पर सवाल उठाए और बताया कि हम इस जांच से बिल्कुल संतुष्ट नहीं है। रहा सवाल सैनिक की हत्या का तो इसके लिए ग्रामीणों ने सीना ठोक कर कहा कि वह मरने वाला सैनिक अपने मां-बाप और परिजनों का ही प्यारा नहीं था वह पूरे देश का लाल था। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उच्च स्तरीय जांच के दौरान हमारे गांव के यह चारों लड़के आरोपी साबित होते हैं तो इन्हें सजा देने के लिए कहीं और ले जाने की आवश्यकता नहीं। हमारे गांव के चौराहे पर ही इन्हें गोली मार दी जाए। हम सभी ग्रामीणों की ओर से देश के उस सैनिक के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### आज कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह भरेंगे पर्चा

**सारंगपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह आज पर्चा भरेंगे। शुभ मुहूर्त में दिग्विजय सिंह अपना दाखिल नामांकन करेंगे। इस दौरान सारंगपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता शामिल होंगे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह की नामांकन रैली में फिलहाल पार्टी के किसी और बड़े नेता का नाम सामने नहीं आया। दिग्विजय सिंह 16 अप्रैल को शुभ मुहूर्त में सुबह साढ़े 11 से साढ़े 12 बजे के बीच अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

### हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को, होंगे आयोजन

**सारंगपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन घरों व मंदिरों में किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जाने लगी हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते कार्यक्रम संक्षिप्त रूप में आयोजित किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि भगवान हनुमान को सिंदूर, चमेली का तेल, लाल फूल, चोला और लड्डू आदि कई चीजें पसंद हैं।

## ट्रैक्टर खड़ा करने की बात पर की मारपीट, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

राजीव टाइम्स ▪ देवास



ट्रैक्टर खड़ा करने की बात पर पड़ोसी ने आदिवासी परिवार के साथ मारपीट कर गाली-गलोज की। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर पीड़ित परिवारजन ने सोमवार को एसपी कार्यालय में आवेदन दिया। पीड़ित कैलाश पिता बाबूलाल राठौर जाति कोरकू ने बताया कि 11 अप्रैल को 6 बजे अपने घर पर था। तभी चम्पालाल पिता भीमा सिर्वी निवासी पोटला का ट्रैक्टर मेरे घर के सामने मेरे दरवाजे पर खड़ा था। मैंने चम्पालाल से कहा कि ट्रैक्टर घर के सामने से हटा ले। तब चम्पालाल ने अपशब्द कहते हुए अश्लील गालियां दीं। साथ ही जातिसूचक शब्द कहे। तब मैंने व मेरे परिवार ने इसका विरोध किया तो चम्पालाल ने मेरे साथ लठ व लात- घूसे से मारपीट की। इतने में चम्पालाल के परिवार के लोग विकास पिता चम्पालाल, लक्ष्मण पिता भीमा, सुनिल पिता लक्ष्मण, राहुल पिता लक्ष्मण, रामसिंह पिता भीमा सिर्वी निवासी ग्राम पोटला सभी ने एकजुट होकर मारपीट की और मेरा मोबाइल भी छुडा लिया। लड़ाई के दौरान मेरी पत्नी रेशमबाई दौड़कर आई और मेरा बीच-बचाव किया। मेरी पत्नी रेशमबाई के साथ भी रूखमणी बाई पति चम्पालाल, प्रीति पिता चम्पालाल व सलोनी पिता चम्पालाल ने मारपीट की। जिससे मेरी पत्नी के बाएं हाथ, पीट, सिर व कमर में चोटें आई हैं।

पीड़ित ने कहा कि मेरी पत्नी विकलांग है। जिसे इन लोगों ने लंगड़ी बोलकर गालियां दीं। साथ ही मेरे लड़के अजय पिता कैलाश राठौर को भी उन्होंने खम्भे से बाधंकर पीटा। इन लोगों ने हमारे साथ मारपीट कर मेरे लड़के अजय को 100 नम्बर पर फोन लगाकर थाने पर भिजवा दिया और उसके विरूद्ध घर में घुसने की झूठी रिपोर्ट लिखवा दी। पीड़ित ने कहा कि मारपीट करने वाले लोगों ने धमकी दी है कि यदि गांव में दिखे तो जान से मार देंगे। इसके डर से पीड़ित परिवार अपना घर छोड़कर अन्य जगह पर परिचित के यहां रह रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि उदयनगर पुलिस हमारी सुनवाई नहीं कर रही है। वहीं अपराधियों का साथ देकर हमें दबा रही है। पीड़ित परिवार ने एसपी से मांग की कि इन अपराधिक लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की जाकर प्रकरण दर्ज किया जाए। उक्त घटना से आदिवासी समाज में आक्रोश व्याप्त है। यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो आदिवासी समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।



## चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती आवेदन सौंपा

राजीव टाइम्स ▪ खरगोन

जिले के सेगांव पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम रसगांव में यादव और गुर्जर समाज के बीच हुए विवाद में अब चौकी प्रभारी उलझते नजर आ रहे हैं। ग्राम के यादव समाजजन ने ग्रामीणों के बीच हुए विवाद में एक तरफा कार्रवाई करते हुए यादव समाजजन के साथ भेदभाव कर अभद्र व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे समाजजन ने चौकी प्रभारी भोजराज परमार पर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती आवेदन सौंपा है।

एसपी कार्यालय पहुंचे महिमाराम यादव, भुवानीराम यादव, बलीराम यादव, चंदू यादव आदि ने बताया कि 13 अप्रैल को ग्राम में यावद और गुर्जर समाज के बीच गणगौर पर्व के दौरान कहा-सुनी के बाद मामूली विवाद हो गया था। इसकी शिकायत मिलने पर चौकी प्रभारी भोजराम परमार ने गांव में आकर न केवल समाज के पुरुष बल्कि महिलाओं के साथ भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया। जिससे समूचे समाज में रोष व्याप्त है। समाजजन ने एसपी से मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

## एसएसटी,एफएसटी वाहनों की चेकिंग करें : कलेक्टर

राजीव टाइम्स ▪ आगर मालवा

लोकसभा निर्वाचन जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करवाने हेतु एफएसटी, एसएसटी जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की निरंतर चेकिंग करें। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले की सीमा क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों की रोकथाम हेतु एसएसटी चेक पोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की गहन चेकिंग की जाए। इसके लिए एसएसटी एवं एफएसटी दल को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वाहनों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित करें।

कलेक्टर सिंह ने लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन समय- सीमा में करें। निर्वाचन संबंधी सभी कार्य बिना किसी त्रुटि के पूर्ण किए जाए। आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए, प्रतिवेदन निर्वाचन आयोग को भेजा जाए। उन्होंने पोस्टल बैलेट, ईडीसी की कार्रवाई, निर्वाचन कार्यों में सलंग्न शासकीय सेवकों के प्रशिक्षण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में समयावधि पत्रों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनीषा कौल सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## निगम टीम आवश्यक व्यवस्था हेतु सतत रूप से तैनात

राजीव टाइम्स ▪ देवास

माताजी के चौत्र नवरात्र के अष्टमी एवं नवमी के दिवस को दृष्टिगत रखते हुए टेकरी पर दर्शनार्थियो एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं पर फोकस करते हुए आयुक्त रजनीश कसेरा ने कहा कि आस्था के साथ दर्शनार्थियों को सुगम रास्ता एवं पीने का पानी व स्वच्छ वातावरण मिले ऐसी व्यवस्थाओं को लेकर निगम के स्वच्छता निरीक्षक, सफाई मित्र तथा जलप्रदाय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहयोगी संस्था टीम निरंतर माता जी टेकरी पर अपना कार्य निष्ठापूर्वक कर रहे है।

निगम की टीम निरंतर 24 घण्टे माता टेकरी पर सेवा दे रही है साथ ही माता टेकरी पर आने वाले श्रद्धालुजनों के लिए निगम ने शहर के मुख्य मार्गों तथा प्रमुख चौराहों पर शुद्ध पीने के पानी की प्याउ लगाई गई है। हर प्याउ पर निगम कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है ताकि पीने के पानी की प्याउ पर कोई समस्या न हो। साफ सफाई के साथ माता टेकरी पर शौचालयों की भी निरंतर सफाई की जा रही है ताकि दर्शनार्थियों को माता टेकरी पर स्थित शौचालायों तथा आस पास स्वच्छ वातावरण मिले इस हेतु स्वच्छता निरीक्षकों को ओर मुस्तेदी से सौंपे गये दायित्वो का निर्वाहन करने के लिए निर्देश दिये हैं साथ ही स्वच्छता निरीक्षको को कार्य की मानिटरिंग हेतु भी कहा गया। टेकरी पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी सतत रूप से ली जा रही है। इसी अन्तर्गत माताजी टेकरी पर गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु फायर बाईक की भी व्यवस्था की गई है।

## नवरात्र में पहुंच रहे दर्शनार्थी, अब तक 3 लाख भक्तों ने किए दर्शन

राजीव टाइम्स ▪ देवास

माता टेकरी पर नवरात्र के चलते बड़ी संख्या में दर्शनार्थी माता चामुंडा व तुलजा भवानी के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्र के सातवें दिन सुबह से माता टेकरी पर भक्तों की भीड़ रही। इसके पहले रविवार रात तक बड़ी संख्या में माता के भक्त माता रानी के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचे और कतार में खड़े होकर माता के दर्शन किए। लगातार अब माता टेकरी पर भक्तों की संख्या में इजाफा होने लगा है। नवरात्र के चलते छोटी माता मां चामुंडा व बड़ी माता मां तुलजा भवानी के दरबार को फूलों से सजाया गया। प्रशासन द्वारा माता टेकरी पर गर्मी को देखते हुए जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था भी श्रद्धालुओं के लिए की गई है। कल महाअष्टमी पर लाखों भक्तों के टेकरी पहुंचने का अनुमान है। इधर मंदिर पुजारियों ने बताया कि माता टेकरी पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी तक माता टेकरी पर तीन लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

## बस स्टैंड पर कार के गेट में जा घुसा ऑटो, पुलिस ने शांत कराया विवाद

राजीव टाइम्स ▪ शाजापुर



बस स्टैंड पर कार का अचानक गेट खुल जाने से ऑटो चालक कार में जा घुसा जिससे कार का गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तो ऑटो को भी नुकसान पहुंचा। इस बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाद शांत कराया। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 5 बजे एक दुकान के सामने कार खड़ी हुई थी जिसमें एक बच्चा सवार था। जिसने अचानक कार का गेट खोल दिया, जिसके चलते पीछे से आया ऑटो का चालक वाहन नहीं रोक पाया और कार के गेट से टकरा गया। इसके बाद दोनों पक्षों में कहा- सुनी होने लगी। तभी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों पक्षों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।

## तीन थानों की पुलिस ने दी दबिश, 3 लाख से अधिक की शराब जब्त

राजीव टाइम्स ▪ शाजापुर

पंपापुर डेरे पर तीन थानों की पुलिस ने दबिश दी। जहां से 3 लाख 85 हजार कीमत की 110 पेटी अवैध शराब जब्त की। हालांकि मौके से आरोपी फरार हो गया, जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

सोमवार शाम 5 बजे पुलिस चौकी गुलाना, थाना सलसलाई, अकोदिया व बेरछा के साथ आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पंपापुर कंजर डेरे पर दबिश दी। जहां पप्पू उर्फ प्रवीण पिता रामबाबू कंजर निवासी पंपापुर के यहां अवैध रूप से 110 पेटी शराब रखी हुई थी। जैसे ही वहां पुलिस पहुंची आरोपी वहां से फरार हो गया। कार्रवाई में एसडीओपी अशोक कुमार खत्री, एसडीओपी आरके पंत, आबकारी अधिकारी मीनाक्षी, सुरेश पटेल, बेरछा टीआई अर्जुन मुजाल्दे, गुलाना चौकी प्रभारी एसआई नरेंद्र कुशवाह, बनेसिंह नागर, अकोदिया टीआई आरके गौड़, एएसआई गोविंद भुसारिया, अकोदिया एसआई दीपेंद्र व्यास, एसआई टकेसिंह धुलिया, एएसआई रणकेंद्र चौहान, आरक्षक दीपक साहू, विष्णु दांगी, अरविंद जाटव, नीतेश सेन, धनपाल राजपूत, महेश, राहुल कुंभकार, अरुण, दिनेश वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## अष्टमी पर मां भादवामाता के दर्शन करने एक लाख पहुंचने का अनुमान

राजीव टाइम्स ▪ नीमच

कल अष्टमी के दिन महामाया मां भादवामाता के दर्शन हेतु करीब एक लाख के करीब भक्त पहुंचने का अनुमान। आरोग्य की देवी, मां भादवामाता का दरबार सजा, अष्टमी महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण, देशभर से आने वाले पदयात्रियों के लिए जगह -जगह प्रसाद, फलिहारी, शर्बत के स्टॉल सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर स्थित भादवामाता को मालवा-मेवाड़ की वैष्णो देवी की संज्ञा दी जाती है। सोमवार को भी करीब 20 हजार श्रदालुओं ने मां के दरबार में आशीर्वाद लिया और सुख –समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा।



पुलिस प्रशासन दिन भर व्यवस्था जुटाने में लगा रहा। मंदिर समिति और पाटीदार समाज की ओर से 10 रुपए एवं गुजरगौड़ ब्राह्मण समाज और अग्रवाल समाज की ओर से 20 रुपए में भक्तों को सात्विक भोजन कराया जा रहा है। मां के दरबार में भक्तगण मन्नत का धागा बाधते हैं और मन्नत पूरी होने पर मन्नत उतारते हैं। मान्यता है कि यहां स्थित बावड़ी के पानी से स्नान करने और पानी ग्रहण से लकवाग्रस्त मरीजों को राहत मिलती है। महाअष्टमी के दिन असंख्य भक्त पैदल पहुंचेंगे और कल रात 11बजे से 4 बजे तक महाअष्टमी का हवन उसके पश्चात पूर्ण आहुति के दर्शन करने पहुंचेंगे।

**टीएल बैठक** खुले बोरिंग और बिना मुंढेर वाले कुएं पर संबंधित भूमि स्वामी पर कार्रवाई करें

# प्राइवेट बोरिंग और कुएं पानी वितरण के लिए अधिग्रहण कर लें

राजीव टाइम्स ▪ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण प्रजापति सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निजी बोरिंग और कुएं का पानी वितरण के लिए अधिग्रहण कर लें। खुले बोरिंग और बिना मुंढेर वाले कुएं पर संबंधित भूमि स्वामी पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि निजी टैंकरों से पानी की सप्लाई पर रोक लगाएं। ग्रीष्म



ऋतु में मजरे-टोलों में पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और आवश्यक हो तो बोरिंग भी कराएं। पीएचई विभाग पानी की समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम बनाए।

कलेक्टर ने कहा कि सहकारी समितियों को सामूहिक खेती करने के लिए सहकारिता पट्टे दिए गए थे, जो समितियां सामूहिक खेती नहीं कर रही है, उनकी जांच कर शासकीय भूमि घोषित कर खसरे में एन्ट्री करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों पर कोटपा अधिनियम के तहत निरंतर कार्रवाई जारी रखें। कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। संबंधित एसडीएम को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की नियमित रूप से निरीक्षण करें।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माणाधीन नल- जल योजना में कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें। कलेक्टर ने डीपीसी को निर्देश दिए कि बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान (एफएलएन) की पुस्तकें स्कूल के बच्चों को वितरित करें। कलेक्टर ने खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि एसडीएम के माध्यम से परिवहन चालान और किसानों को उपार्जन के भुगतान की कार्रवाई नियमित रूप से करें।

# मनोज तिवारी ने कसा तंज- 40 दिनों के टूर पर आए हैं कन्हैया कुमार

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

देश की राजधानी के उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प होता दिख रहा है। भाजपा ने यहां से मशहूर गायक मनोज तिवारी को टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट से मनोज तिवारी पिछले दो बार (2014 और 2019) चुनाव जीत चुके हैं। कन्हैया कुमार से टक्कर पर मनोज तिवारी ने कहा कि वह (कन्हैया) 40 दिनों के भ्रमण पर आए हैं। साथ ही उन्होंने कन्हैया को 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का नेतृत्व करने वाला बताया।

सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'इस चुनाव में जो लोग 40 दिनों के लिए भ्रमण पर आए हैं, वह लोग जब आएंगे तो हमारे क्षेत्र में 14,600 करोड़ रुपए का जो कार्य हुआ है उसे देखेंगे। वैसे... टुकड़े-टुकड़े गैंग का नेतृत्व करने वाले लोग, दिल्ली और दिल्ली के लोगों के प्रति कितने जिम्मेदार हो सकते हैं? जो देश का सम्मान नहीं कर सकते, सेना का सम्मान नहीं कर सकते।'



### आएंगे तो देखेंगे...

भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कन्हैया कुमार पर अटैक करते हुए कहा, 'वह आएंगे तो देखेंगे कि कैसे पहली बार क्षेत्र में मेट्रो लाई जाती है, कैसे पहली बार सेंट्रल स्कूल लाया जाता है, कैसे पहली बार रेलवे स्टेशन लाया जाता है, कैसे पहली बार पासपोर्ट ऑफिस बना दिया जाता है... ये सब कुछ देखेंगे ही। हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस जिसने इस क्षेत्र को हमेशा नजरअंदाज किया उसे ये दिख जाएगा कि कैसे कोई सांसद 14,600 करोड़ रुपए का काम करा देता है।

**पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे : कन्हैया**

वहीं टिकट मिलने के बाद कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा, 'मैं दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं... इससे यह मैसेज जाएगा कि हम मजबूती से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। हम पार्टी के उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।'

बीजेपी के सत्ता में आने का डर दिखा रहे विपक्षी नेता

# मोदी फोबिया का नैरेटिव सेट करने की कोशिशें नहीं हो पा रही कामयाब

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

देश की 543 लोकसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। 7 चरणों में होने वाले चुनाव के लिए सभी पार्टियां एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। जहां नरेंद्र मोदी ने इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लिए 370 सीटों का और एनडीए के लिए 400 पार का लक्ष्य रखा है। वहीं कांग्रेस गठबंधन के कई नेताओं का कहना है कि केंद्र में बीजेपी की सत्ता जाती हुई दिख रही है। चुनाव माहौल के बीच केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच बयानों की तीरंदाजी भी देखने को मिल रही है। हर कोई अपने तरकश से तीर निकालकर जीत का निशाना साध रहा है। हालांकि इस लोकसभा चुनाव में किसके सिर पर जीत का सेहरा सजेगा ये तो 4 जून को ही पता चल पाएगा। हालांकि उससे पहले विपक्ष एकजुट होकर चुनाव में मोदी फोबिया का नैरेटिव सेट करने में लगा है।

लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दल एकजुट होकर बीजेपी को सत्ता से हटाना चाह रहे हैं। इसके लिए विपक्षी दलों के नेताओं ने केंद्र सरकार तानाशाह तक करार दिया है। पिछले महीने जब अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया तो आप के कई नेताओं ने इसे केंद्र सरकार की तानाशाही बता दिया था। आप ही नहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा था कि डरा हुआ तानाशाह एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। वहीं जेल से जमानत पर बाहर आने पर आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि आप का एक- एक कार्यकर्ता संघर्ष के लिए तैयार है। हम मिलकर संघर्ष करेंगे और तानाशाही हुकूमत को हटाएंगे। विपक्ष बार- बार केंद्र सरकार पर तानाशाही शब्दभेदी बाण चला रहा है। हालांकि विपक्षी नेताओं के इन सभी बयानों पर हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक इंटरव्यू में विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जिन्होंने आपातकाल के माध्यम से तानाशाही थोपी, वे हम पर तानाशाही होने का आरोप लगाते हैं।



### हर मुद्दे का मिल रहा जवाब

विपक्षी नेता आरक्षण को लेकर भी केंद्र सरकार पर काफी लंबे वक्त हमला कर रहे हैं। हाल ही में संजय सिंह ने दावा किया कि बीजेपी के नेता दो-तिहाई बहुमत मांग रहे हैं ताकि वे संविधान बदल सकें। संजय सिंह ने यह भी दावा किया कि बीजेपी सत्ता में आते आरक्षण खत्म कर देगी। विपक्षी नेताओं के दावों के उलट बीजेपी का कहना है कि आदिवासियों, दलितों व पिछड़े वर्गों का आरक्षण न तो खत्म करेंगे न ही होने देंगे। ऐसे में विपक्षी नेताओं के हर बाण का बीजेपी नेता जमकर जवाब दे रहे हैं। ऐसे में विपक्षी गठबंधन के नेताओं का मोदी फोबिया का नैरेटिव सेट करने की कोशिश कुछ खास कामयाब होती नहीं दिख रही है। ऐसे में विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव 2024 जीतने के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगाने से अलग भी कुछ मेहनत करनी पड़ेगी।

### इंडी गठबंधन की मुश्किलें

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 37.7 फीसदी वोट शेयर के साथ 303 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस 19.7 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी। जबकि अन्य 30.9 फीसदी वोट हासिल कर पाई थी। ऐसे में इस बार विपक्षी गठबंधन को अपना वोट शेयर बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस के सामने यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में अपने वोट शेयर बढ़ाना होगा। दरअसल साल 2019 में बीजेपी को इन राज्यों में 50 फीसदी या उससे अधिक वोट मिले थे। ऐसे में विपक्ष जीत हासिल करना चाहता है तो उसे अपना वोट प्रतिशत बढ़ाना होगा।

### कड़ी मेहनत की जरुरत

साल 2019 में कांग्रेस यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में एक-एक, पश्चिम बंगाल में दो सीटों पर सिमट गई थी। इसके साथ ही कई राज्यों समेत केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में तो कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। ऐसे में पार्टी को अगर बीजेपी को कड़ी टक्कर देने के लिए इन राज्यों में अपना प्रदर्शन ठीक करना होगा।

## दलाई लामा से मिलीं कंगना रनौत



**धर्मशाला।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार में व्यस्त बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी नेता कंगना रनौत ने सोमवार को धर्मशाला में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से मुलाकात की। उन्होंने दलाई लामा से अपनी मुलाकात को अपने जीवन का सर्वोत्तम, यादगार और सम्मानजनक पल बताया। दलाई लामा से मुलाकात के बाद कंगना रनौत ने जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने संबोधन के दौरान मोदी सरकार के आगमन के बाद देश में चौतरफा विकास का जिक्र किया और एक बार फिर से लोगों से बीजेपी को विजयी बनाने की अपील की। बीजेपी ने कंगना रनौत को मंडी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। कंगना को चुनावी मैदान उतारे जाने के बाद यह सीट हाईप्रोफाइल सीट बन गई है। कांग्रेस ने इस सीट से विक्रमादित्य सिंह पर दांव लगाया है।

## संविधान की तरफ देखा तो आंख निकाल लेंगे

**पटना।** राजद नेता लालू प्रसाद ने संविधान बदलने के मुद्दे पर बीजेपी को घेरा है। लालू यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं। इनमें काफी घबराहट है और ये मानकर बैठे हैं कि उन्हें हार मिल रही है। लगातार इनकी पार्टी के नेता संविधान बदलने की बात करते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें ईनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे हैं। लालू ने कहा कि संविधान की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो इस देश के दलित, पिछड़ा और गरीब लोग मिलकर इनकी आंख निकाल लेंगे।

भीमराव आंबेडकर के पोते की भविष्यवाणी

# पीएम मोदी को हराने का दम इंडिया अलायंस में नहीं है

**मुंबई ▪ एजेंसी**

संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन अघाड़ी (VBA) के चीफ प्रकाश आंबेडकर ने कहा है कि अगर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा-आरएसएस फिर से सत्ता में आए तो निश्चित रूप से संविधान को बदल देंगे क्योंकि लोकतंत्र से उन लोगों को वैचारिक परेशानी है। एक साक्षात्कार में प्रकाश आंबेडकर ने विपक्षी इंडी अलायंस की क्षमता पर भी संदेह जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में इस गठबंधन में दम नहीं कि वो भाजपा और मोदी को हरा सके।

वंचित बहुजन अघाड़ी के नेता ने कहा कि मजबूत विपक्ष की गैर मौजूदगी में अब आम जनता ही विपक्ष है और लोगों ने अब मोदी को हराने का फैसला कर लिया है। आंबेडकर ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अब मोदी बनाम जनता की लड़ाई बन चुकी है। प्रकाश आंबेडकर महाराष्ट्र की अकोला संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार के बीच में आंबेडकर ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में 400 सीटें जीतने के लक्ष्य के पीछे भाजपा का एकमात्र मकसद संविधान में बदलाव करना है। उन्होंने कहा कि




बीजेपी और पीएम मोदी द्वारा तय किए गए '400 प्लस' लक्ष्य के पीछे का मकसद भारत के संविधान को बदलना ही है। आंबेडकर ने कहा, 'सबसे पहले, हमें यह समझने की जरूरत है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ भाजपा और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को भी लोकतंत्र के साथ वैचारिक समस्याएं हैं। लोकतंत्र उन लोगों की मानसिकता और कार्यशैली के अनुकूल नहीं है।'

जब उनसे पूछा गया कि आपने इंडिया अलायंस क्यों नहीं ज्वाइन किया और आप बीजेपी की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं तो उन्होंने उन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इंडिया अलायंस वाले एमवीए गठबंधन से दोस्ती को तैयार था लेकिन एमवीए ने मुझे केवल दो सीटों की पेशकश की थी। मैं इसे कैसे स्वीकार कर सकता था?' आंबेडकर ने भी कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेताओं पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## जेल में केजरीवाल को नहीं मिल रही सुविधाएं

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की है। भगवंत मान ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान शीशे के पार केजरीवाल से फोन पर बात करवाई गई। 'मैंने उनसे पूछा कि आप कैसे हो? तो उन्होंने कहा मेरी चिंता मत करो और बताओ कि पंजाब का क्या हालचाल है? मैंने उनसे कहा कि पंजाब का हालचाल ठीक है।' भगवंत मान ने कहा कि केजरीवाल को जेल में अपराधी वाली सहूलियत भी नहीं मिल रही हैं। क्रिमिनल वाली सहूलियत भी केजरीवाल को नहीं मिली है। उनके साथ ऐसा सलूक किया जा रहा है जैसे वो कोई जघन्य अपराधी हों। इस मुलाकात के दौरान शीशे की दीवार लगाई गई थी। शीशा भी गंदा था। उनकी शक्ल भी नहीं देख सका। केजरीवाल को उनसे किसी आतंकवादी की तरह मिलवाया गया। ये तानाशाही की हद है।

# भाजपा के हेलिकॉप्टरों की जांच करने की हिम्मत दिखाएं

**कूच बिहार ▪ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आयकर अधिकारियों को भाजपा नेताओं के हेलिकॉप्टर की जांच करने की चुनौती दी है। दरअसल, इससे एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने दावा किया था कि आयकर अधिकारियों ने पार्टी द्वारा इस्तेमाल किए गए हेलिकॉप्टर को निशाना बनाकर 'छापेमारी' की है। बनर्जी ने कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव से पहले टीएमसी के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि 'आयकर अधिकारियों ने छापेमारी की और ट्रायल रन से पहले अभिषेक बनर्जी के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिला। उन आईटी अधिकारियों ने दावा किया कि हमारे पास इनपुट थे कि हेलिकॉप्टर में पैसा और सोना था, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला।



हम ऐसे कृत्यों में शामिल नहीं होते।'

बनर्जी ने कहा 'यह भाजपा है जो ऐसी चीजों में शामिल है, लेकिन क्या केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी कभी भाजपा नेताओं के हेलिकॉप्टरों की जांच करने की हिम्मत करेंगे। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उसके महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलिकॉप्टर पर कोलकाता के बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा और आरोप लगाया कि यह विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की जानबूझकर की गई चाल का हिस्सा था, जिनके साथ वे राजनीतिक रूप से जुड़ नहीं सकते।'

**आयकर विभाग का दावा :** टीएमसी के 'छापेमारी' के दावे पर विवाद खड़ा हो गया है। आयकर विभाग के सूत्रों ने दावा किया कि तलाशी या सर्वेक्षण जैसी कोई प्रवर्तन कार्रवाई नहीं हुई थी और टीएमसी नेता हेलिकॉप्टर में भी मौजूद नहीं थे।

# समर्थन करने वाले को ही देने लगते हैं गालियां

**नागौर/जयपुर ▪ एजेंसी**

राजस्थान में नागौर लोकसभा सीट पर बीजेपी की ज्योति मिर्धा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के बीच सियासी जंग तेज होती जा रही है। इस दौरान ज्योति मिर्धा ने बेनीवाल के बयानों की हंसी उड़ाई। हनुमान बेनीवाल पर तंज कसते हुए करारा हमला कर कहा कि उनका तो एलाइनमेंट ही बिगड़ा हुआ है। बेनीवाल ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को लेकर विवादित शब्द टिप्पणी की। साथ उन्होंने एमएल लाठर को डीजीपी बनाने को लेकर जाट नेता राजाराम मील पर भी बयानबाजी की। ज्योति मिर्धा ने इसी बयानबाजी पर सोमवार को



पलटवार किया। इस दौरान ज्योति मिर्धा हनुमान बेनीवाल पर जमकर बरसी। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनका तो अलाइनमेंट ही बिगड़ा हुआ है। जो भी उनको समर्थन देने आता है। वह उसे ही गालियां देना शुरू कर देते हैं। बेनीवाल पहले मुझको, दिव्या मदेरणा, परसराम मदेरणा, नाथूराम मिर्धा को गालियां दे चुके हैं। बेनीवाल जो राजनीति करते हैं, उसका कोई सार नहीं है। हनुमान बेनीवाल ज्योति मिर्धा को लेकर कई आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुके हैं।

### उपराष्ट्रपति पर टिप्पणी करना गलत

बेनीवाल की ओर से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद ज्योति मिर्धा ने कहा कि बेनीवाल ने उपराष्ट्रपति के बारे में टिप्पणी की है। जो गलत है, उनकी पार्टी से तकलीफ है। वह अलग बात है, लेकिन हमारे समाज के व्यक्ति को देश में नंबर दो का पद मिलता है तो, उनका आदर करना चाहिए। उनको हलका नहीं बोलना चाहिए। वह उपराष्ट्रपति है, उन्हें सरपंच का चुनाव जीतने की कोई जरूरत नहीं है।

# ऊब चुकी है जनता चाहती है परिवर्तन

**दौसा ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार अभियान के तहत कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने सोमवार को दौसा के बांदीकुई में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के समर्थन में जनसभा की। इस अवसर पर प्रियंका वाड्रा व सचिन पायलट ने एकसुर में भाजपा पर हमला किया। प्रियंका वाड्रा ने कहा, मुझे लगता है कि लोग ऊब चुके हैं और परिवर्तन चाहते हैं। जनता चाहती है कि उनकी समस्याओं का समाधान हो। बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। वहीं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भी कुछ इस अंदाज में जनता में जोश भरते हुए कहा, पूरे प्रदेश में बदलाव का माहौल है। जनता ऊब चुकी है। इस चुनाव में कांग्रेस शानदार प्रदर्शन करेगी। हम भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेंगे। दौसा कांग्रेस का गढ़ रहा है।



प्रियंका ने कहा चुनाव के समय मुझे लगता है कि जनता से सीधी और सच्ची बात करनी चाहिए। इसे समझने से आपका फायदा होगा। मोदी यहां आए, किसी ने भाषण सुना क्या? भाषण सबका सुनना चाहिए, तभी तो पता लगेगा कि कौन असली है या नकली। मैं उनका भाषण सुनती हूं। मुझे अब उनकी बातें हल्की लगने लगी हैं। नोटबंदी से आपको कतार में खड़ा कर दिया। भाजपा प्रत्याशी किरोड़ीलाल मीणा पर सचिन पायलट ने निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव से किसी का मंत्री पद नहीं जाएगा और मंत्री पद छोड़ना भी मत। बड़ी मुश्किल से मंत्री पद मिलता है।

**बड़े बोल** ▶ राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा का दावा

# भाजपा वेंटीलेटर पर, 200 सीटें भी नहीं जीत पाएगी

**जयपुर ▪ एजेंसी**

राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि बीजेपी लगातार यह दावा कर रही है कि वो लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतेगी, लेकिन पार्टी इस बार 200 सीट भी नहीं जीत पाएगी। डोटासरा ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि पार्टी के दिग्गज नेता अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कोई मतभेद नहीं है। पार्टी चुनाव जीतने के लिए एक टीम के रूप में काम कर रही है।

डोटासरा ने कहा, राजस्थान में कांग्रेस अभी मजबूत स्थिति में है। भाजपा ने अपने चुनावी वादे पूरे न कर अपने मतदाताओं को भी निराश किया है। पुलवामा और शहीदों के नाम पर उन्हें सत्ता मिली। अब तथ्य सबके सामने हैं। लोग यह भी जानते हैं कि भाजपा ने उन कांग्रेस नेताओं को शामिल किया, जिन्हें उन्होंने पहले भ्रष्ट कहा था। फिर, बीजेपी ने इन्हें 'वॉशिंग मशीन' में फेंक दिया और इन नेताओं को 'हरिश्चंद्र' बना दिया। मतदाता ये सब बातें जानते हैं, और उसी के अनुरूप चुनाव में मतदान करेंगे।

डोटासरा ने कहा कि बीजेपी पहले से ही वेंटिलेटर पर है। उनके लिए तीसरा कार्यकाल जीतना असंभव है। अगर यह इतना आसान होता, तो उनके नेता हर दूसरे दिन राजस्थान में डेरा नहीं डाल रहे होते। पीएम से लेकर केंद्रीय मंत्री तक हर दूसरे दिन चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं, जिससे पता चलता है कि उन्हें तीसरा कार्यकाल जीतने पर संदेह है। जबकि हमें इस बार बीजेपी से कुछ ज्यादा सीटें जीतने का भरोसा है। अशोक गहलोत के सिरोही में डेरा डाले रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जालोर-सिरोही में अधिक समय देना उनके लिए स्वाभाविक है, क्योंकि उनके बेटे



को वहां से मैदान में उतारा गया है।

गहलोत और सचिन पायलट के बीच मतभेद के बारे में डोटासरा ने कहा, इनके बीच ऐसा कोई मतभेद नहीं है। हम इस बार जीतने के लिए एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। हमारे लिए, सभी उम्मीदवार पार्टी के उम्मीदवार हैं और पायलट या गहलोत उम्मीदवारों के बीच ऐसा कोई भेदभाव नहीं है। राजस्थान में गठबंधन में देरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी के लिए गठबंधन का फैसला हमेशा पार्टी आलाकमान द्वारा किया जाता है। हमने नागौर में आरएलपी के साथ और सीकर में सीपीआई-एम के साथ गठबंधन किया। बीएपी के साथ गठबंधन का फैसला थोड़ी देर से हुआ।

हजारों कांग्रेसियों के बीजेपी में शामिल होने के दावे पर डोटासरा ने कहा कि बीजेपी को झूठ बोलने की ट्रेनिंग दी गई है। ये ऐसे झूठ बोलते हैं कि हर कोई इन पर यकीन कर लेता है। उन्होंने कहा कि लालचंद कटारिया 7,000 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए, जबकि राहुल कस्वां अकेले कांग्रेस में शामिल हुए। पीएम मोदी के दौरों को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी के एकमात्र प्रचारक पीएम मोदी हैं। उन्हें हर जगह प्रचार के लिए भेजा गया है, जहां उन्हें लगता है कि कांटे की टक्कर होगी। हमने देखा है कि कैसे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली विफल रही जबकि चुरू में पीएम मोदी की रैली भी विफल रही। दौसा में उनका रोड शो भी अच्छा नहीं रहा। ये पीएम मोदी ही हैं जो बीजेपी के स्टार प्रचारक के तौर पर हर जगह यात्रा कर रहे हैं। वे इसे '400 पार' करने का दावा करते हैं, लेकिन वे 200 पार भी नहीं कर पाएंगे। अगर उन्हें 400 पार का भरोसा होता, तो शायद पीएम मोदी देश की हर गली और हर शहर में यात्रा नहीं कर रहे होते। पीएम मोदी जितनी रैलियों को संबोधित करेंगे उतना कांग्रेस के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि उन्हें स्थानीय बातों की जानकारी नहीं है।

कांग्रेस के मुस्लिम या ब्राह्मण उम्मीदवार को मैदान में उतारने में विफल रहने के बारे में डोटासरा का कहना है कि हमने जयपुर से एक ब्राह्मण उम्मीदवार खड़ा किया था, लेकिन उन्होंने टिकट वापस कर दिया। फिर, हमने सीपी जोशी को मैदान में उतारा, भीलवाड़ा से। हम मुसलमानों के भी संपर्क में थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे इस बार लोकतंत्र और संविधान को जिताना चाहते हैं और हमसे किसी और को टिकट देने के लिए कहा। बीजेपी के कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना पर उनका कहना है कि राहुल गांधी ने पूरे देश में यात्रा की। इस घोषणापत्र को समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव लेने के बाद तैयार किया गया था। हमारा जनता का घोषणापत्र है।

# लापरवाही : हवा में था इंडिगो का विमान और दो ही मिनट का था फ्यूल

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बीते शनिवार को अयोध्या से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट मुसीबत में घिर गई। खराब मौसम की वजह से इंडिगो का विमान दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका, लेकिन हैरान करने वाली बात ये थी किविमान में सिर्फ दो मिनट का ही फ्यूल बचा था।

इस विमान में सवार एक यात्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस भयावह अनुभव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान को दो बार दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड कराने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद विमान कोचंडीगढ़ की ओर डाइवर्ट किया गया। ऐसे में इंडिगो परमानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उल्लंघन करने का आरोप लग रहा है।

इस विमान में सवारडिप्टी कमिश्नर (क्राइम) पुलिस सतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर बताया कि इंडिगो की ये फ्लाइट 13 अप्रैल की शाम 3.25 बजे अयोध्या से रवाना होने वाली थी और शाम 4.30 बजे दिल्ली पहुंचने वाली थी। हालांकि, लैंडिंग से लगभग 15 मिनट पहले पायलट ने ऐलान किया कि दिल्ली में खराब मौसम की वजह से फ्लाइट को वहां लैंड नहीं कराया जाएगा। कुछ देर तक विमान दिल्ली के आसमान में चक्कर काटता रहा। विमान ने दो बार लैंड करने की कोशिश भी की। लेकिन दोनों बार नाकाम रहा।

कुमार के मुताबिक, पायलट ने यात्रियों को शाम 4.15 बजे बताया कि विमान में 45 मिनट का ही ईंधन बचा है। इस बीच दो बार लैंडिंग की कोशिश की गई और आखिरकार पायलट ने शाम 5.30 मिनट पर बताया कि



वे विमान को चंडीगढ़ की ओर मोड़ रहे हैं। इस बीच कई यात्रियों की तबियत बिगड़ गई और क्रू के सदस्यों में से एक ने उल्टियां करना शुरू कर दिया।

सतीश कुमार ने कहा कि विमान में 45 मिनट का ईंधन बचे होने के ऐलान के 115 मिनट बाद शाम 6.10 बजे विमान को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। हमें लैंड करने के बाद एक क्रू मेंबर से पता चला कि हमने बिल्कुल आखिरी वक्त पर लैंड किया है, दरअसल विमान में सिर्फ एक से दो मिनट का ही ईंधन बचा था। ये बहुत बड़ी लापरवाही है। कुमार ने पोस्ट में नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भी टैग किया। वहीं, इसी विमान में सवार रिटायर्ड पायलट शक्ति लांबा ने इस घटना को इंडिगो की ओर से सुरक्षा नियमों का घोर उल्लंघन बताते हुए डीजीसीए की ओर से जांच की मांग की। उन्होंन सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड कराने की दो नाकाम कोशिश के बाद प्लेन को चंडीगढ़ लाया गया। यह फैसला काफी देर से लिया गया, तब तक काफी ईंधन बर्बाद हो गया था। यह सुरक्षा नियमों का घोर उल्लंघन है।

### इंडिगो ने बयान जारी कर दी प्रतिक्रिया

इस मामले पर इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि 13 अप्रैल को अयोध्या से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट को दिल्ली में खराब मौसम की वजह से चंडीगढ़ डाइवर्ट किया गया था। विमान के कैप्टन ने एसओपी के दायरे में ही काम किया। ये बिल्कुल सुरक्षित प्रक्रिया है। विमान को वैकल्पिक एयरपोर्ट ले जाने के लिए विमान में हर समय पर्याप्त फ्यूल था। हमारे यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। किसी भी तरह की असुविधा के लिए खेद है।

## बलूच उग्रवादियों ने कर दी पंजाब के 11 लोगों की हत्या





इस्लामाबाद ■ एजेंसी

पंजाब प्रांत के रहने वाले नौ युवकों को शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी इलाके में बंदूकधारियों ने एक बस से जबरन उतार दिया और उनकी पंजाबी जातीयता की पुष्टि करने के बाद उन्हें अगवा कर लिया। इसके बाद में बंदूकधारियों ने उनकी हत्या कर दी और उनके शवों को पास के एक पुल के नीचे फेंक दिया। एक अलग घटना में उसी राजमार्ग पर दो लोगों की मौत हो गई, जब बंदूकधारियों ने उनकी कार पर गोलीबारी की। बलूच उग्रवादियों ने अलग-अलग हमलों में 11 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी ली है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। खबर के मुताबिक पंजाब के नौ लोग ईरान जा रहे थे, जहां से वे तुर्किये के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने वाले थे। लेकिन उन्हें मार डाला गया। इस घटना के बाद पाकिस्तान सरकार ने उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। बलूच राष्ट्रवादी अकसर पंजाब के लोगों के खिलाफ हिंसा की ऐसी वारदातों को अंजाम देते रहते हैं। उनका आरोप है कि बलूचिस्तान की खनिज संपदा का दोहन करने में पंजाब के लोग शामिल हैं। यही नहीं बलूचिस्तान में उन चीनी नागरिकों को भी लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जो वहां चल रही परियोजनाओं में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि 1947 में भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान जब अस्तित्व में आया था तो बलूचिस्तान के एक शासक कलात खान उसमें विलय के पक्ष में नहीं थे। इस पर मोहम्मद अली जिन्ना ने वादा भी किया था कि वह सबकी राय लेंगे। अंत में सेना के जोर पर उसका विलय करा लिया गया लेकिन बलूचों में आज भी पाकिस्तान को लेकर गुस्सा है।

ईरान-इजरायल की जंग ने बढ़ा दी दुनिया की टेंशन

# तीसरे विश्व युद्ध की आहट

तेल अवीव/ वॉशिंगटन ■ एजेंसी

ईरान की ओर से इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें और ड्रोन दागे जाने के बाद पूरी दुनिया में टेंशन का माहौल है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे पश्चिमी देश और रूस, चीन और भारत जैसी एशियाई शक्तियों की घटनाक्रम पर पैनी नजर बनी हुई है। हर किसी की निगाह फिलहाल इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर टिकी हुई है कि वह अगला फैसला क्या लेते हैं। इस बीच नेतन्याहू सरकार ने वॉर कैबिनेट की दूसरी मीटिंग बुला ली है। इसमें मंथन होगा कि आखिर कैसे ईरान की हरकत का माकूल जवाब दिया जाएगा। इससे पहले रविवार को भी मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में यह सहमति बनी थी कि ईरान से बदला लिया जाएगा, लेकिन कैसे लेंगे यह तय नहीं हो सका था।

इजरायल की ओर से फिलहाल संभलकर कदम उठाने के संकेत मिले हैं, लेकिन नेतन्याहू सरकार अपने सख्त तेवरों के लिए जानी जाती है। ऐसे में वह कोई सरप्राइज अटैक का फैसला भी कर सकते हैं। इस बीच दुनिया भर के नेताओं का रिएक्शन आया है और उन्होंने ईरान एवं इजरायल से शांति की अपील की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मैं इसकी तीखी निंदा करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने इजरायल से भी संयम की अपील की। खबर है कि बेंजामिन नेतन्याहू तुरंत युद्ध में भी कूदना चाहते थे, लेकिन बाइडेन ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। फिर इजरायल यदि उतरेगा भी तो अमेरिका सक्रिय तौर पर हिस्सा नहीं लेगा।

बाइडेन के अलावा यूरोपीय नेताओं का भी कहना है कि अब खूनखराबा रुकना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि मैं ईरान की ओर से किए हमले की निंदा करता हूं। ईरान की इस हरकत से पश्चिम एशिया में स्थिरता को खतरा पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपील करता है कि दोनों देश तनाव से बचें। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बाएरबॉक ने भी अपील की कि शांति बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने ईरान की ओर से किए हमले की निंदा की भी की और कहा कि उसने दुनिया को एक नए खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके सहयोगी आतंकी संगठनों को तत्काल रुक जाना चाहिए।



### तनाव को कम करने की अपील

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि हम ईरान की हरकत की कड़ी निंदा करते हैं। सऊदी अरब, मिस्र, बहरीन, यूएई और कुवैत समेत कई खाड़ी देशों ने भी इस तनाव को कम करने की अपील की है। वहीं दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने तो साफ कहा कि यह तीसरे विश्व युद्ध की आहट है। यदि इसे अभी नहीं रोका गया तो ईरान का हमला तीसरे विश्व युद्ध की एक प्रस्ताव हो सकता है। उन्होंने कहा, 'इसका पहले से अनुमान था। ऐसा लगता है कि हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी अपील है कि मानवता के लिए युद्ध को टाल दिया जाए।'

ईरान के विदेश मंत्री ने दिया आश्वासन

## जब्त जहाज के 17 भारतीयों से मिल सकेंगे अधिकारी

नई दिल्ली ■ एजेंसी



ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि तेहरान भारतीय अधिकारियों को उस मालवाहक जहाज के चालक दल के 17 भारतीय सदस्यों से मिलने की अनुमति देगा, जिसे शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरानी सेना ने जब्त कर लिया था।

एक ईरानी रीडआउट के अनुसार, अमीर-अब्दुल्लाहियन ने रविवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह जानकारी दी। वार्ता में जयशंकर ने पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज़ पर सवार भारतीयों की रिहाई का आह्वान किया।

ईरानी रीडआउट में अमीर-अब्दुल्लाहियन के हवाले से कहा गया है, "हम जब्त किए गए जहाज के विवरण पर नज़र रख रहे हैं और जल्द ही भारत सरकार के प्रतिनिधियों के लिए उक्त जहाज के चालक दल से मिलना संभव होगा।

इसमें कहा गया कि जयशंकर ने 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की और इस संबंध में ईरान से सहायता का अनुरोध किया। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के विशेष नौसेना बलों ने कथित तौर पर इज़राइल के साथ इसके संबंधों को देखते हुए 'एमएससी एरीज़' को जब्त कर लिया।

एमएससी (मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी) ने शनिवार को कहा कि वह चालक दल के 25 सदस्यों की भलाई और जहाज की वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

ईरानी कार्रवाई के कुछ घंटे बाद, व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि जहाज के चालक दल में भारतीय, फिलिपिनो, पाकिस्तानी, रूसी और एस्टोनियाई नागरिक शामिल थे। भारत में आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि वह 17 भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ईरान के संपर्क में है।

बारिश-बाढ़ का कहर : बलूचिस्तान में लगा आपातकाल

## पाक में 39 और अफगानिस्तान में 33 लोगों की मौत, घर बहे

नई दिल्ली ■ एजेंसी



पाकिस्तान के बलूचिस्तान में तीन दिनों से भीषण बारिश जारी है। गलियां तालाब बन चुकी हैं और कई जगह सड़कें बह गई हैं। यही नहीं हालात इतने भीषण हैं कि सरकार ने बलूचिस्तान में आपातकाल घोषित कर दिया है। इस बारिश के चलते देश के अलग-अलग अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 12 लोगों की मौत अकेले रविवार को ही खैबर पख्तूनख्वा में ही हो गई। इसके अलावा पंजाब में 4 और बलूचिस्तान में दो लोगों की मौत हो गई।

बलूचिस्तान के मकरान में रविवार को भी भीषण बारिश हुई और कई जगहों पर बिजली भी गिरी। बलूचिस्तान सरकार ने अर्बन फ्लड इमरजेंसी घोषित की है और सीएम सरफराज बुगती ने ऑनलाइन मीटिंग बुलाकर हालात का जायजा लिया है। इस बारिश की वजह से इस्लामाबाद में भी हालात बिगड़ गए हैं। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने भी हालात से निपटने के लिए उन्होंने बैठक में बचाव दलों को तत्काल लोगों की मदद के निर्देश दिए। साथ ही बारिश से राहत की उम्मीद भी जताई। सूखने की कगार पर कई झीलों और तालाबों को थोड़ा पानी मिल सकेगा। अफगानिस्तान में भी भारी बारिश के चलते 33 लोगों की मौत हुई है और 27 जख्मी हो गए हैं। तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में भारी बारिश की वजह से कई जगहों पर घर भी गिर गए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में करीब 600 मकान जमींदोज हो गए।

मणिपुर में बोले गृहमंत्री अमित शाह

## राज्य में शांति स्थापित करना बीजेपी की प्राथमिकता

इंफाल ■ एजेंसी

गृहमंत्री अमित शाह पूर्वी राज्यों के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने त्रिपुरा में चुनावी रैली और मणिपुर में जनसभा को संबोधित किया। मणिपुर के इंफाल में सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और मणिपुर को एकजुट रखने वालों के बीच है। सभा में शाह ने दावा किया कि मणिपुर की डेमोग्राफी को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में घुसपैठ के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता है कि सभी समुदायों को साथ लेकर राज्य में शांति स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि देश का भाग्य तभी बदलेगा, जब मणिपुर के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर का भाग्य बदलेगा। गृहमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने असम को बाय-बाय कह दिया था। कांग्रेस ने कभी भी मणिपुर का सम्मान नहीं किया। उन्होंने तीन वर्षों तक राज्य को बंद रखा। इबोबी सिंह की सरकार में फेक एनकाउंटर किया गया। कांग्रेस ने मणिपुर को नाकेबंदी वाला राज्य बना दिया था। शाह ने लोगों से आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की।



## ऑस्ट्रेलिया के चर्च में बिशप पर चाकू से हमला

सिडनी ■ एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इस बार सिडनी में एक चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान एक बिशप पर हमला किया गया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। वीडियो में एक शख्स प्रार्थना के दौरान ही बिशप पर चाकू से हमला करता नजर आता है। इस हमले में बिशप समेत कई अन्य लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिडनी के अधिकारियों का कहना है कि हमले के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सिडनी के एक शॉपिंग मॉल में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या किए जाने के कुछ ही दिन बाद सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, बिशप मार मारी इमैनुएल शाम 7 बजे के बाद वेकले में क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में सामूहिक प्रार्थना कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति उनके पास आया और कथित तौर पर उनके सिर पर कई बार वार किया। बिशप ने कोविड महामारी के दौरान काफी नाम कमाया था। उस दौरान इस बिशप के ऑनलाइन फॉलोअर्स में काफी बढ़ोत्तरी देखी गई थी। पुलिस ने समुदाय के लोगों से हादसे वाली जगह से दूर रहने को कहा है।






ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन शेडर' किया शुरू

# ब्रिटेन ने RAF के लड़ाकू विमान किए तैनात

लंदन ■ एजेंसी



ब्रिटेन ने ईरान के इजराइल पर किए जा रहे हमलों खिलाफ बड़ कदम उठाते हुए 'ऑपरेशन शेडर' शुरू किया है। इसके तहत ब्रिटेन ने रॉयल एयरफोर्स के लड़ाकू तैनात विमान किए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा करते हुए इसे गैर जिम्मेदाराना कृत्य करार दिया तथा शनिवार रात एवं रविवार को ईरान द्वारा दर्जनों ड्रोन और क्रूज मिसाइल दागे जाने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सहयोग करने का भी संकल्प लिया।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि ईरान के ड्रोन हमले को रोकने में मदद करने के लिए रॉयल एयर फोर्स (RAF) के कई अतिरिक्त लड़ाकू विमानों को क्षेत्र में भेजा गया है। विमान और हवा में ईंधन भरने वाले टैंकरों को क्षेत्र में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (ISIS) के खिलाफ ब्रिटेन के 'ऑपरेशन शेडर' के तहत तैनात किया जा रहा है। सुनक ने प्रधानमंत्री आवास-सह-कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' से जारी एक बयान में कहा, ''इजराइल के खिलाफ किए गए ईरान के गैर जिम्मेदाराना हमले की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।'' हम स्थिति को स्थिर करने और तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल काम कर रहे हैं। कोई भी इससे अधिक रक्तपात नहीं देखना चाहता।''

ब्रिटेन के रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा, ''हमने इस क्षेत्र में रॉयल एयर फोर्स के अतिरिक्त लड़ाकू विमान और हवा में विमानों में ईंधन भरने में सक्षम टैंकर भेजे हैं। ये ऑपरेशन शेडर को मजबूती देंगे, जो इराक और सीरिया में ब्रिटेन का आईएसआईएस रोधी मौजूदा अभियान है।'' इसमें कहा गया है, ''हम तनाव घटाने के लिए अपने क्षेत्रीय साझेदारों के साथ मिलकर सहयोग करना जारी रखेंगे।'' ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि इजरायल-हमास संघर्ष के बीच ईरान की 'संवेदनहीन' हरकतें क्षेत्रीय सुरक्षा को और कमजोर करती हैं।

## भक्तों के हरती दुख-दर्द

# विंध्य पर्वत पर विराजमान मां बिजासन देवी

मध्यप्रदेश की हृदयस्थली पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट होशंगाबाद से सीहोर जिला सटा है। सीहोर जिले की बुदनी तहसील से 25 किलोमीटर और होशंगाबाद से 35 किलोमीटर दूरी पर विंध्याचल की हसीन वादियों में प्रकृति ने अपनी अनमोल छटा बिखेर रखी है, जहां देवीधाम सलकनपुर है। चारों ओर मनोहारी पर्वत श्रृंखलाएं हैं जिनमें एक पर्वत पर मां विंध्यवासिनी बिजासन देवी का भव्य मंदिर बना हुआ है। शारदीय और चैत्र नवरात्र में मां की चौखट पर माथा टेकने दूरदराज से लाखों लोग आते हैं और हरियाली से भरे इस 800 फीट ऊंचे पर्वत पर अलौकिक सौंदर्य के बीच मां की सुंदर प्रतिमा के दर्शन, परिक्रमा, वंदना, स्तुति कर अपने मन की मुरादें पूरी पाते हैं। ऐतिहासिक रुप से पौराणिक कथाओं के आधार पर श्री नर्मदा परिक्रमा और नर्मदा तीर्थों का सेवन महाभारत काल से पूर्व से इस बिजासन शक्तिपीठ की प्रसिद्धि रही है। इस संदर्भ में स्कंद पुराण के अवंति खंड के रेवा खंड में वर्णित नेमावर तीर्थ को नाभि क्षेत्र कहा गया है और उसके बाद जिस सिद्धेश्वर वैष्णवी देवी तीर्थ का उल्लेख है, वह विंध्य पर्वत पर विराजमान मां बिजासन देवी का स्थान है। कूर्म पुराण में तीर्थक्रम की व्याख्या में नर्मदा के उत्तर तट पर विंध्य पर्वत श्रेणी पर यशोदाजी की पुत्री का विराजित होना तथा सिद्धेश्वरी के नाम से प्रसिद्ध होने का प्रमाण है। शिव पुराण में पार्वती के जन्म के पूर्व देवताओं ने जो प्रार्थना की, उसमें विंध्यवासिनी, विजया, सिद्धेश्वरी नाम से देवी का गुणगान किया है। भगवान श्रीकृष्ण की बहन की स्तुति एवं चर्चा विजया देवी के नाम से अनेक पुराणों में है जिससे स्पष्ट है कि पौराणिक कथाओं के आधार पर नर्मदा क्षेत्रीय तीर्थ सलकनपुर में जो विजया शक्तिपीठ है, वह अतिप्राचीन और पौराणिक मान्यताओं में देवीधाम सलकनपुर के बिजासन शक्तिपीठ की स्वयंभू घोषणा को प्रमाणित करता है। मान्यता है कि यह मंदिर 6,000 साल पुराना है, जहां जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचने पर इस मंदिर का जीर्णोद्धार अनेक बार किया जा चुका है। इसकी व्यवस्था भोपाल नवाब के संरक्षण में होती थी तब वहां पर अखंड धूनी और अखंड ज्योति स्थापित की जा चुकी थी, जो सालों से आज भी प्रज्वलित है। गर्भगृह में देवी की प्रतिमा स्वयंभू है जिसे किसी के द्वारा तराशा नहीं गया, परंतु बाद में चांदी के नेत्र एवं मुकुट आदि से देवी को सजाया गया है।

## 800 फीट की ऊंचाई पर विराजमान है बिजासन मां

- बिजासन देवी की प्रतिमा के दाएं-बाएं जो 3 संगमरमर की मूर्तियां हैं, उनके विषय में मान्यता है कि गिन्नौर किले के वीरान होने पर एक घुम्मकड़ साधु इन्हें यहां पर ले आया था। स्वतंत्र भारत की मध्यप्रदेश विधानसभा ने 1956 में इस मंदिर व्यवस्था का पृथक से अधिनियम बनाया, जो 1966 में लागू हुआ तथा मंदिर की व्यवस्था प्रजातांत्रिक तरीके से गठित समिति के हाथों में आई।
- सलकनपुर देवीधाम में जहां मां बिजासन का मंदिर है, वह धरातल से 800 फीट की ऊंचाई पर है जिसमें पत्थर की 1,065 सीढ़ियां चढ़कर विंध्याचल पर्वत के उच्चासन पर विराजमान मां के दर्शन करने का लाभ प्राप्त होता है। 2003 के बाद मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर तक पहुंचने के लिए पहाड़ी को काटकर सड़क मार्ग से व्यवस्था की गई है, जिसमें 500 वाहन प्रतिदिन मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था है तथा उक्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी की गई है।
- सलकनपुर देवीधाम पहुंचने के लिए रेलमार्ग द्वारा होशंगाबाद रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सीहोर जिले के बुदनी स्टेशन उतरकर वहां से बस द्वारा जाया जा सकता है। इसके अलावा माता के दर्शनों के लिए भोपाल से 70 किलोमीटर सड़क मार्ग से आया जा सकता है, वहीं औबेदुल्लागंज से 35 किलोमीटर सड़क मार्ग से भी मंदिर पहुंच सुविधा प्राप्त की जा सकती है।
- शारदीय एवं चैत्रीय नवरात्रि के मौके पर रोजाना भोपाल, इटारसी, होशंगाबाद, पिपरिया, सोहागपुर, बैतूल आदि स्थानों से 200 किलोमीटर की दूरी भक्तगण टोलियां बनाकर गाते-बजाते पैदल ही आते हैं और सुबह 4 बजे की आरती में शामिल होकर स्वयं को धन्य पाते हैं।
- भक्तों का कहना है कि जब तक मां के दरबार से बुलावा नहीं आता, कोई भी उनके दर्शन नहीं पा सकता है। इसलिए जो दर्शन को बार-बार आते हैं, वे स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं। चैत्रीय और शारदीय नवरात्रि में पूरे 9 दिनों तक भक्तों की भीड़ होती है और प्रतिदिन 1 से लेकर 5 लाख तक भक्तगण मां के दर्शनों की कतार में होकर दर्शन पाते हैं।
- भक्तों का कहना है कि मां बिजासन उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं तभी हजारों की संख्या में प्रतिदिन पैदल ही मां का ध्वज हाथों में उठाए 'जय बोलो शेरावाली का', 'सांचे दरबार की जय हो' के उद्घोष के साथ भरी दोपहरी हो या ठंड हो, ये भक्त नंगे पांव, पांव में छाले पड़ने के बाद भी परिवार सहित नन्हे-नन्हे बच्चों एवं बुजुर्गों को साथ लिए एक कारवें के रुप में मंदिर की ओर कदम बढ़ाए जाते हैं जिनका कारवां 200 किलोमीटर दूर तक सड़कों के दोनों ओर थमता नजर नहीं आता है।



## बंजारों ने कराया था निर्माण

मंदिर निर्माण के संबंध में कहा जाता है कि आज से करीब 300 वर्ष पूर्व बंजारो द्वारा उनकी मनोकामना पूर्ण होने पर इस मंदिर का निर्माण किया गया था। मंदिर निर्माण और प्रतिमा मिलने की इस कथा के अनुसार पशुओं का व्यापार करने वाले बंजारे इस स्थान पर विश्राम और चारे के लिए रुके। अचानक ही उनके पशु अदृष्य हो गए।

## धुने की स्थापना

हिंसक जानवरों, चौसठ योग-योगिनियों का स्थान होने से कुछ लोग यहां पर आने में संकोच करते थे। तब स्वामी भद्रानंद ने यहां तपस्या कर चौसठ योग-योगिनियों के लिए एक स्थान स्थापित किया। तथा मंदिर के समीप ही एक धुने की स्थापना की। और इस स्थान को चैतन्य किया है तथा धुने में एक अभिमंत्रित चिमटा, जिसे तंत्र शक्ति से अभिमंत्रित कर तली में स्थापित किया गया है। आज भी इस धुने की भभूत को ही मुख्य प्रसाद के रुप में भक्तगणों को वितरित किया जाता है।

## दुख दूर करने वाली माता

मां बिजासन के दरबार में दर्शनार्थियों की कोई पुकार कभी खाली नहीं जाती है। माना जाता है कि मां बिजासन देवी पहाड़ पर अपने परम दिव्य रुप में विराजमान हैं। विध्यांचल पर्वत श्रंखला पर विराजी माता को विध्यवासिनी देवी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार देवी बिजासन माता पार्वती का ही अवतार हैं, जिन्होंने देवताओं के आग्रह पर रक्तबीज नामक राक्षस का वध किया था और सृष्टि की रक्षा की थी। बिजासन देवी को कई लोग कुलदेवी के रुप में भी पूजते हैं।

## बिजासन धाम की उत्पत्ति

शुरु से ही लोगों के मन में मां बिजासन धाम की उत्पत्ति, प्राकट्य, मंदिर निर्माण को लेकर जिज्ञाषा रही है। लेकिन अभी तक इसके कोई भी ठोस साक्ष्य और प्रमाण नहीं मिल पाए हैं। कुछ पंडितों का कहना है कि यहां मां का आसन गिरने से यह बिजासन धाम बना लेकिन विजय शब्द का योग कैसे हुआ, इसका सटीक उत्तर वे नहीं दे पाएं है। लेकिन मां विजायासन धाम के प्राकट्य का का सटीक उत्तर व उल्लेख श्रीमद् भागवत महापुराण में है।

### सलकनपुर मंदिर

श्रीमद भागवत कथा के अनुसार जब रक्तबीज नामक देत्य से त्रस्त होकर जब देवता देवी की शरण में पहुंचे। तो देवी ने विकराल रुप धारण कर लिया और इसी स्थान पर रक्तबीज का संहार कर उस पर विजय पाई। मां भगवति की इस विजय पर देवताओं ने जो आसन दिया, वही बिजासन धाम के नाम से विख्यात हुआ। मां का यह रुप बिजासन देवी कहलाया।

## बंजारे को मिली थी बालिका

इस तरह बंजारे पशुओं को ढूंडने के लिए निकले, तो उनमें से एक वृद्ध बंजारे को एक बालिका मिली। बालिका के पूछने पर उसने सारी बात कही। तब बालिका ने कहा कि आप यहां देवी के स्थान पर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकते हैं। बंजारे ने कहा कि हमें नहीं पता है कि मां भगवति का स्थान कहां है। तब बालिका ने संकेत स्थान पर एक पत्थर फेंका। जिस स्थान पर पत्थर फेंका वहां मां भगवति के दर्शन हुए। उन्होंने मां भगवति की पूजा-अर्चना की। कुछ ही क्षण बाद उनके खोए पशु मिल गए। मन्नत पूरी होने पर बंजारों ने मंदिर का निर्माण करवाया। यह घटना बंजारों द्वारा बताये जाने पर लोगों का आना शुरु हो गया और वे भी अपनी मन्नत लेकर आने लगे।



## पूजन विधि, दर्शन का समय एवं विभिन्न प्राचीन स्थल

देवीधाम में देवीजी की पूजा प्रतिदिन षोडश मंत्रोच्चार के माध्यम से सात्विक विधि से की जाती है। प्रतिदिन नियमित रुप से मां की 3 आरतियां होती हैं, जो सुबह 5.30, दोपहर 12.00 और सायं 7.30 बजे शुरु की जाती हैं। नवरात्र पर्व के समय विशेष पूजन आरती होती है तथा महाष्टमी को रात्रि में निशा पूजन, हवन एवं रात्रि जागरण होता है और मंदिर के पट पूरी रात खुले होते हैं। भक्तगण सुबह 5.30 से रात्रि 8 बजे तक मां बिजासन देवी के दर्शन लाभ पा सकते हैं। मंदिर के पास 10-15 किलोमीटर की दूरी पर प्राचीन गिन्नौर किला, आंवली घाट, देलावाड़ी, सारु-मारु की गुफाएं एवं भीमबैठिका आदि देख सकते हैं।

## मनोकामना पूर्ण होने पर करते हैं तुलादान

मंदिर में जो भक्त अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए तुलादान कराना चाहते हैं, उनके लिए तुलादान कराने वाले भक्त के बराबर गुड़, अनाज, फल, सोना, चांदी, सिक्के या अन्य वस्तुएं श्रद्धा और मान्यता के अनुसार तुलादान कराकर मंदिर को दान की जाती हैं। अनेक भक्त तुलादान सामग्री स्वयं अपने घरों से व्यवस्था करके लाते हैं जबकि जो नहीं लाते, वे मंदिर ट्रस्ट को उसका मूल्य चुकाकर उक्त सामग्री प्राप्त कर तुलादान कराकर दान करके अपनी मनोकामना पूर्ति का लक्ष्य पूरा करते हैं।

### मंदिर की दूरी और सीढ़ियों से पैदल मार्ग

- धरातल से मंदिर की दूरी 3,500 फीट तथा ऊंचाई 800 फीट है। मां बिजासन के मंदिर पहुंचने के लिए भक्तों को पत्थरों की बनी हुई 1,451 सीढ़ियों को चढ़ना होता है और वे मां का जयकारा लगाते हुए सहज ही मंदिर तक पहुंचकर मां की मोहक मूरत के दर्शन कर स्वयं का जीवन सार्थक पाते हैं। जो भक्त सीढ़ियों से जाते हैं, उनके लिए जगह-जगह धूप और बारिश से बचने के लिए विश्राम स्थल बनाए गए हैं ताकि वे अपनी थकान मिटाकर अपनी सांसों पर नियंत्रण पा सकें।
- मंदिर समिति ने इन विश्राम स्थलों पर पीने के पानी तथा प्रसाद की दुकानों की व्यवस्था की है। 500 सीढ़ियां चढ़ने के बाद पहला विश्राम स्थल, 800 सीढ़ियों पर दूसरा तथा 1,100 सीढ़ियों पर तीसरा विश्राम स्थल है। इसके बाद थकान मिटाने के बाद सहज ही 351 सीढ़ियां चढ़ने में भक्तगण मां का मंदिर करीब पाकर सहजता से उत्साहित होते हैं।
- माताजी की कृपा और मनोबल के सहारे हजारों की संख्या में भक्त जयकारों के उद्घोष के साथ दर्शन को जाते हैं तो यह जोश देखने योग्य होता है। वहीं जब वे दर्शन के बाद नीचे आते हैं तो उन्हें 1,451 सीढ़िया उतरने का पता भी नहीं चलता है।

## रोपवे ट्रॉली व निजी फोर व्हीलर साधन

नीचे धर्मशाला के पास से भक्तगण रोपवे ट्रॉली से भी मंदिर पहुंचते हैं जिसके लिए उन्हें 50 रुपए प्रति व्यक्ति आने-जाने का टिकट लेना होता है, वहीं निजी फोर व्हीलर वाहन के माध्यम से भी भक्त न्यूनतम 10 रुपए वाहन की रसीद लेकर मंदिर तक पहुंचते हैं। मंदिर प्रांगण में 4-5 सौ वाहनों के एक समय में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## खोखरी माता

मंदिर के बाहर खोखरी माता की प्राचीनतम प्रतिमा है जिनके दिव्य दर्शन करके भक्त अपने बच्चों की कठिन से कठिन खांसी इत्यादि के रोग से मुक्ति पाते हैं। मान्यता है कि खोखरी माता के सामने उनके माता-पिता अपने बच्चे का शीश झुकाकर प्रार्थना करते हैं जिससे खोखरी माता प्रसन्न हो जाती हैं और और बच्चा शीघ्र ही स्वस्थ हो जाता है तब परिजन प्रसन्न होकर मां को प्रसाद आदि चढ़ाकर खुशी-खुशी घर लौटते हैं।

## बिजासन देवी की मन्नत का धागा

- मंदिर में आने वाले हजारों की संख्या में भक्त मंदिर में बिजासन मां के दर्शन करने के बाद मंदिर प्रांगण में प्रवेश गेट के पास ही बैठे पुजारी के पास पहुंचकर निर्धारित दक्षिणा दान कर मन्नत का धागा लेते हैं। मन्नत का धागा लेने के बाद भक्त मां के समक्ष अपनी इच्छाओं को पवित्र धागे में अभिमंत्रित कर अपनी बांहों, गले में बांधते हैं। धागा बांधते समय वे अपनी इच्छा व्यक्त कर मनोकामनाएं जल्दी पूरी करने की प्रार्थना के साथ यह पवित्र धागा बांधते हैं और मान्यता है कि इससे भक्तों की इच्छाएं पूरी होती हैं और वे वापस आकर इस धागे को छोड़ जाते हैं।
- भक्त मां के गर्भगृह के समक्ष लंबी कतार लगाने के बाद पहुंचते हैं, जहां मां के दर्शन प्राप्त होते ही आनंद और शांति महसूस करते हैं। गर्भगृह को देखकर तथा मंदिर की निर्माण शैली को देखकर सलकनपुर देवीधाम की प्राचीनता का अनुमान होता है, जो अब नवीनतम रुप में बाहरी विशालकाय स्वरुप में निर्मित किया गया है। मंदिर में प्रतिष्ठित मां बिजासन की प्रतिमा के साथ ही गणेशजी की भी प्रतिमा विराजमान है।
- श्री गणेश की प्रतिमा देखकर यह निश्चित कहा जा सकता है कि उक्त दोनों मूर्तियां पार्वती और गणेश की हैं जिन्हें बिजासन पीठ के नाम से पुकारा जाता है। गर्भगृह के दोनों ओर द्वारपाल की स्थापना है। द्वार के ठीक ऊपर मां के सेवक लांगुरवीर अर्थात हनुमानजी की मूर्ति स्थापित है।
- गर्भगृह में मुख्य मूर्ति मां बिजासन अर्थात मां पार्वतीजी की है जिन्हें गणेश के साथ पूजा जाता है। मां बिजासन की प्रतिमा के साथ-साथ गर्भगृह में कुछ अन्य मूर्तियां विराजमान हैं। वे महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली और महागौरी की हैं।